विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 68 ▸ अंक 339 ▸ पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 06 सितंबर, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)


"जिस दिन एक सिग्नेचर ऑटोग्राफ में बदल जाए, तब मान लीजिए कि आप कामयाब हो गए।
-डॉ. अब्दुल कलाम

## ऑफ बीट

### खुद को डॉग मानती है ये लड़की...



*दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें कुत्ते पसंद हैं। वो उन्हें पालते हैं, उनकी देखभाल करते हैं। फिर ऐसे लोग आते हैं, जो कुत्तों को बच्चे जैसा मानने लगते हैं या फिर परिवार का सदस्य मानकर साथ सुलाते हैं, खिलाते हैं, यहां तक कि अपने जैसे कपड़े कुत्तों के लिए भी सिलवा देते हैं। मगर एक लड़की ने तो हद ही पार कर दी। हाल ही में अमेरिका में 20 वर्षीय युवती मिल्क चर्चा में आई हैं, जिन्होंने खुद को इनुमिमी के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया है। इस लड़की को कुत्ते इतने पसंद हैं कि ये खुद कुत्तों जैसी हरकत करने लगी और अपने आप को डॉग डॉटर कहने लगी। जापानी एनीमे और मंगा की दुनिया में केमोनोमिमी शब्द का इस्तेमाल उन किरदारों के लिए होता है, जिनके पास इंसानी शरीर के साथ जानवरों जैसी विशेषताएं-जैसे कान और पूंछ, होती हैं। यानी डॉग-डॉटर ऐसा व्यक्ति जो कुत्ते जैसे कान, पूंछ लगाकर पहचान को व्यक्त करता है।*

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को मुख्यमंत्री का बड़ा तोहफा

# 35 साल सेवा कर चुके शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान

- डॉ. यादव ने की घोषणा कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव
- बोले-सरकार शिक्षकों के मान-सम्मान का देगी ध्यान

विशेष संवाददाता, भोपाल

शिक्षक दिवस (5 सितंबर) पर शुक्रवार को मध्यप्रदेश के शिक्षकों के लिए सरकार ने बड़ा एलान किया है। सरकार इन शिक्षकों को चौथे क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में की। इस घोषणा का लाभ 1 लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान और उन्हें सुविधा संपन्न बनाने के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। सरकार शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च शिक्षक, नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ कार्यमान वेतनमान देगी। इससे प्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा और 2025-26 से शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात मिलेगी। इससे सरकार पर 117 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस घोषणा का लाभ ऐसे शिक्षको को मिलेगा, जिन्होंने अपने सेवाकाल के 35 वर्ष पूरे कर लिए हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति की पात्रता नहीं है। जिन शिक्षकों को पदोन्नति की पात्रता है,तो उन्हें समयमान वेतनमान दिया जाता है। शिक्षा विभाग के अधिकारी चौथा वेतनमान ले रहे हैं, लेकिन अभी तक शिक्षकों को नहीं मिल रहा था। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



राजधानी में शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

**ये मिलेगा लाभ**

- **3,000** रु. तक प्राथमिक शिक्षक को
- **3,000 से 4,500** रु. तक माध्यमिक शिक्षक को
- **4,000 से 5,000** रुपए तक सहायक शिक्षक को
- **5,000 से 7,000** रुपए तक उच्च श्रेणी शिक्षक को
- **1.50 लाख शिक्षकों को मिलेगा लाभ**
- **117 करोड़ रुपए का आएगा अतिरिक्त भार**
- **2025-26 से मिलेगा लाभ**

### बच्चों के खाते में 330 करोड़ ट्रांसफर

समारोह में डॉ. यादव ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल की मौजूदगी में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में पहली से आठवीं तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि ट्रांसफर की। डॉ. यादव ने कहा, प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय खोले जा रहे हैं। हमारे सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है, जो 15 साल में सबसे अच्छा रहा है।

### 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का राज्य स्तर पर सम्मान

राजधानी में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिन्हें 25 हजार रुपए की सम्मान निधि, शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

### प्रदेश की शीला, भेरूलाल को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार



दमोह की शिक्षिका शीला पटेल हुई सम्मानित।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 उत्कृष्ट और समर्पित शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया। इनमें मध्य प्रदेश के दो शिक्षक शीला पटेल दमोह, भेरूलाल ओसारा आगर मालवा को भी राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### 'दोस्ती' देख राष्ट्रपति ट्रंप को लगी 'मिर्ची', बोले

# लगता है अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के चलते अमेरिका से रिश्तों में दरार आई है। भारत, चीन और रूस के बीच दोस्ती बढ़ने लगी है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लगी है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ट्रुथ पर ट्रंप ने पोस्ट किया, 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो।'



ट्रंप दूसरे कार्यकाल में भारत के प्रति थोड़ा सख्त नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने रेसिप्रोकल टैरिफ के नाम पर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया तो बाद में रूस से तेल आयात की बात करते हुए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाकर कुल टैरिफ 50 फीसदी कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 9 पर

**अब, ट्रंप के मंत्री के बिगड़े बोल**

### भारत को माफी मांगनी होगी और बाजार भी खोलना होगा

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से माफी की मांग की है। रूस से तेल खरीद और व्यापार के मुद्दे पर बेहद सख्त भाषा का इस्तेमाल करते हुए लुटनिक ने कहा, भारत को अमेरिका से माफी मांगनी होगी। भारत को अपना बाजार खोलना होगा, रूसी तेल खरीद बंद करनी होगी और ब्रिक्स से बाहर आना होगा। ट्रंप के अमेरिका के भारत को खो देने के पोस्ट के बाद लुटनिक ने यह बातें कही हैं। उन्होंने ट्रंप के भारत पर लगाए टैरिफ का पुरजोर समर्थन किया।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले धमाकों की धमकी

**मुंबई पुलिस को वॉट्सएप मैसेज किया**

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु गणेश विसर्जन के लिए निकलेंगे, इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और कई जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### इधर, वित्त मंत्री सीतारमण का ऐलान

# रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत, राहत पैकेज जल्द

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि भारत अपनी जरूरतों के हिसाब से तेल खरीदने का फैसला खुद करेगा। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, हम अपनी जरूरतों के मुताबिक तय करेंगे कि तेल कहां से खरीदना है। यह हमारा फैसला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा ही उसकी प्राथमिकता है, न कि कोई बाहरी दबाव। वित्त मंत्री ने वित्तीय अनुशासन को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा, लोगों का भरोसा जीतना बहुत जरूरी है। मुनाफा कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता।



उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय तक विकास के लिए विश्वसनीयता और जिम्मेदार नीतियां जरूरी हैं। वित्त मंत्री सीतरमण ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित निर्यातकों के लिए भारत सरकार जल्द पैकेज का ऐलान करेगी। गौरतलब है कि ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के चलते भारत का निर्यात प्रभावित हुआ है। पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। इसमें भारत द्वारा रूसी से तेल खरीदने की सजा के रूप में 25 फीसदी टैरिफ और लगा दिया है। इसके साथ ही, कपड़ों और आभूषणों से लेकर जूते और रसायनों तक, कई उत्पादों पर शुल्क बढ़कर 50 फीसदी तक हो गया है।

### इंदौरः एयर इंडिया प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

**जागरण, इंदौर।** दिल्ली से डेढ़ घंटे की देरी से उड़ी फ्लाइट ने इंदौर पहुंचने के पहले ही यात्रियों की सांसे फुला दीं। विमान के इंजन में खराबी आ गई। इंदौर एयरपोर्ट ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना भेजे जाते ही विमान और विमानतल में हड़कंप मच गया। विमान को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में कुल 161 यात्री सवार थे, जो भगवान का नाम जपते हुए हड़बड़ाहट में विमान से बाहर निकले। दिल्ली से इंदौर की उड़ान संख्या आईएक्स-1104 की इंदौर के देवी अहिल्या विमानतल पर सुबह 09.54 बजे आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इंजन में खराबी से इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी विमान के यात्रियों को लगते ही हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे उनके परिजन भी बेचैन हो उठे। नियमित फ्लाइट दिल्ली से रोजाना सुबह 6.40 बजे रवाना होकर 8.15 बजे इंदौर पहुंचती है। शुक्रवार सुबह यह दिल्ली से ही 8.28 बजे रवाना हुई। इंदौर पहुंचने के पहले विमान के बाएं इंजन में खराबी सामने आ गई।

# शिवपुरी में 6.21 करोड़ की चरस बरामद कुख्यात नशा तस्कर संदीप गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश की शिवपुरी में पुलिस ने नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देहात थाना पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर संदीप सिंह को गिरफ्तार कर उससे 30.295 किलो अवैध चरस बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 करोड़ 21 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। 38 वर्षीय नशा तस्कर संदीप कोलारस के रमतला का रहने वाला है। आरोपी पहले भी नशीले पदार्थों की तस्करी में पकड़ा चुका है। उसके खिलाफ कोलारस और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



**नशा कारोबार का पुराना खिलाड़ी**

पुलिस गिरफ्त में आया नशा तस्कर संदीप वर्षों से सक्रिय पेशेवर अपराधी है, उस पर शिवपुरी और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, संदीप नशे के अवैध कारोबार का पुराना खिलाड़ी है। साल 2024 में आरोपी के पास से थाना कोलारस में 17 किलो चरस (3 करोड़ 49 लाख कीमती) जब्त हुई थी। ताजा कार्रवाई में देहात थाना पुलिस ने उसके पास से 30 किलो 295 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

### 44 लाख टैक्स बचाने में गई डिप्टी-पीएम की कुर्सी

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने माना कि नए घर के लिए प्रॉपर्टी टैक्स चुकाते समय उनसे गलती हुई और उन्होंने तय टैक्स से 44 लाख रुपए कम का भुगतान किया। एंजेला रेनर समेत 1 साल में 8 मंत्री कीर स्टार्मर की सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। रेनर का इस्तीफा ब्रिटिश सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछली बार जब रेनर पर जानबूझकर टैक्स गबन का आरोप लगा था, तब स्टार्मर ने बचाव किया था। उन्होंने लेबर पार्टी की डिप्टी-लीडर की जिम्मेदारी भी छोड़ दी।



### महिला अफसर को 'धमकी' बुरे फंसे डिप्टी सीएम पवार

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में महिला आईपीएस ऑफिसर से फोन पर बात करने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार बुरी तरह घिर गए। वीडियो में अजित पवार ऑफिसर से नंबर मांगकर वीडियो कॉल कर बात करने को भी कहते हैं। दरअसल, डिप्टी सीएम पवार से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद विवाद इतना बढ़ गया है कि अब उन्हें सफाई देनी पड़ी है। बीते दिनों एनसीपी प्रमुख अजित पवार का वीडियो सामने आया, जिसमें वह महिला आईपीएस ऑफिसर से बात कर रहे थे। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



## अंदर के पन्नों पर


- गणेश प्रतिमा विसर्जन के कारण ट्रैफिक व्यवस्था में... (पेज-03)





- पुलिस भर्ती की राह से रोजगार के जीवित पंजीयन की... (पेज-05)
- सबालेंका लगातार तीसरी बार यूएस ओपन के...(पेज-10)





- बाढ़ ने मिटा दी भारत-पाक की सीमा+...(पेज-11)


**अमीर** टेस्ला ने एलन को दिया 88 हजार अरब पैकेज का ऑफर

# दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं मस्क

**न्यूयार्क, जेएनएन।** अमेरिकी बिजनेसमैन और टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला ने उन्हें 1 लाख करोड़ डॉलर (लगभग 88,000 अरब रुपए) का विशेष वेतन पैकेज देने का प्रस्ताव रखा है। इसका मकसद है कि मस्क आने वाले सालों तक कंपनी का नेतृत्व करते रहें। कंपनी चाहती है कि वह अपने बड़े लक्ष्यों, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों और रोबोटैक्सी कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें तो टेस्ला का यह प्रस्ताव शर्तों से जुड़ा है। अगर मस्क कंपनी के लक्ष्यों को पूरा करते हैं और अगले 10 वर्षों में रोबोटैक्सी कारोबार का मूल्य 8.5 लाख करोड़ डॉलर (7.50 लाख अरब रुपये) तक पहुंचा देते हैं, तभी उन्हें पूरा पैकेज मिलेगा। कंपनी के इस पैकेज में शेयर भी शामिल होंगे, जिससे कंपनी में मस्क की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। डेलावेयर की अदालत ने पहले मस्क के 2018 वाले वेतन पैकेज का मूल्यांकन 50 लगभग 4,400 अरब रुपए से ज्यादा किया था, लेकिन बाद में अदालत ने उसे रद्द कर दिया। इसके बाद बोर्ड ने मस्क को मुआवजा देने के नए विकल्पों पर विचार शुरू किया। हाल ही में 30 अरब डॉलर का एक अंतरिम स्टॉक पुरस्कार भी सामने आया था। वर्तमान में मस्क लगभग 33,300 अरब रुपए की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

### 1.08 लाख करोड़ डॉलर टेस्ला की वैल्यू




नई योजना का मकसद मस्क का पूरा ध्यान टेस्ला पर रहे, जबकि वह रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारोबार भी बढ़ा रहे हैं। वह पैकेज शर्तें पूरी कर पाए, तो यह 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस बीच 5 सितंबर, 2025 को टेस्ला की मार्केट वैल्यू 1.08 लाख करोड़ डॉलर दर्ज हुई। नैस्डैक पर कंपनी का शेयर 1.90 प्रतिशत बढ़कर 344.84 डॉलर पर पहुंच गया।

### दुनिया के शीर्ष पांच सबसे अमीर लोग

- **एलन मस्कः** टेस्ला के सीईओ के रूप में, उनकी कुल संपत्ति 377 अरब डॉलर है।
- **मार्क जुकरबर्गः** मेटा के संस्थापक, जिनकी संपत्ति लगभग 235 अरब डॉलर है।
- **जेफ बेजोसः** अमेजॅन के संस्थापक, जिनकी कुल संपत्ति 227 अरब डॉलर है।
- **लैरी एलिसनः** ओरेकल के सह-संस्थापक, जिनकी संपत्ति लगभग 194 अरब डॉलर है।
- **बिल गेट्सः** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक, जिनकी कुल संपत्ति लगभग 176 अरब डॉलर है।

(नोटः विभिन्न वित्तीय प्रकाशन अनुसार)

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रिम राशि 4 से बढ़ाकर 10 हजार करने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र के तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारियों ने त्योहारों पर मिलने वाली अग्रिम राशि बढ़ाने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि बीते 16 साल से यह राशि 4 हजार पर अटकी हुई है। इसे बढ़ाकर 10 हजार किया जाए। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी बताया कि मप्र शासन में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी श्रेणी कर्मचारियों को विगत 16 साल से 4000 त्यौहार अग्रिम दिया जा रहा है। जिसकी वसूली 10 किस्तों में 6.50 प्रतिशत ब्याज के साथ की जाती है। अब लगातार त्यौहार आ रहे हैं आने वाले त्यौहारों में हर परिवार में खर्चा बढ़ जाता है तिवारी ने बताया 1998 में 600 वर्ष 2003 में 1000 हुआ 2009 में 4000 हुआ तब से अभी तक वृद्धि नहीं की गई। जबकि महंगाई में वृद्धि हो गई है। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री से प्रदेश के समस्त तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सरकार की तरह 10000 त्यौहार अग्रिम दिया जाए। सरकार पर अतिरिक्त भार नहीं आएगा क्योंकि यह पैसा कर्मचारी ब्याज सहित सरकार को वापस करते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए त्यौहार अग्रिम 10000 करने के आदेश जारी किए जाएं।


### अतिक्रमण नहीं हटा तो अधिकारी होंगे दोषी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटवाएगी और इन स्थानों को फेंसिंग के जरिए संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने शुक्रवार को संबंध में आदेश जारी कर दिए है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि किसी भी ग्राम पंचायत में यदि श्मशान घाट के लिए आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण मिलता है,तो इसके लिए प्रारभिंक तौर पर ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचायत समन्वय अधिकारी तथा उपयंत्री उत्तरदायी रहेंगे। इन स्थानों का विकास 5 वें राज्य वित्त आयोग मद से कराया जाएगा। पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन आमजन के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं प्रत्येक आश्रित ग्राम में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक न्यूनतम सुरक्षित एवं सहज तथा बारहमासी निर्बाध पहुंच वाले श्मशान घाट की उपलब्धता के लिये प्रतिबद्ध है।

# ओबीसी आरक्षणः सरकार की पहल तेज, कांग्रेस ने लगाए आरोप

## दिल्ली स्थित मप्र भवन में शासन एवं ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक हुई, सर्वदलीय बैठक में बनी थी सहमति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर बनी सर्व सहमति के बाद भी सियासी घमासान जारी है। सरकार की पहल पर दिल्ली में जहां संबंधित अधिवक्ताओं की अहम बैठक हुई, तो कांग्रेस ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा दिया। पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने को लेकर बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सर्वदलीय बैठक हुई थी, जिसमें आम सहमति से निर्णय लिया गया था कि इस मामले पर सभी पक्षों के वकील एक साथ बैठकर रणनीति तय करेंगे, जिससे जल्द ही ओबीसी को आरक्षण दिलाया जा सके। इस मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में आगामी 23 सितम्बर से सुनवाई होनी है। इसे लेकर दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन मप्र शासन के अधिवक्ताओं



एवं ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की एक संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की ओर से मप्र शासन द्वारा नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए दो नामो का पैनल दो दिवस में देने की सहमति दी गई है।

### सरकार रुख पलटने की तैयारी मेंः कमलनाथ



मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पिछले छह माह से भाजपा ओबीसी आरक्षण को लेकर दोमुंही नीति अपना रही है। बयानों में भाजपा और उसके नेता 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का समर्थन करते है,लेकिन अदालत में और नीति बनाने के मामले में भाजपा सरकार 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का विरोध करती है। उन्होंने आगे लिखा कि अब जब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अंतिम सुनवाई शुरू होने वाली है, तब उससे पहले मध्यप्रदेश सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की थी। कांग्रेस सहित सभी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार का समर्थन दिया था। लेकिन अब फिर से खबर आ रही है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार अपने रुख से पलटने की तैयारी कर रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि मैं भाजपा को आगाह करना चाहता हूं कि वह समाज की बदलती जरुरतों को पहचाने।

### जीतू ने सीएम को लिखा पत्र



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने सरकार पर इस मामले पर यू टर्न लेने का आरोप लगाया है। पत्र में पटवारी ने लिखा कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में ओबीसी छात्रों के लिए 13 फीसदी होल्ड पदों को बहाल करने का भरोसा दिया था। लेकिन दिल्ली में एडवोकेट जनरल के साथ हुई बैठक में नतीजा बिल्कुल विपरीत रहा। जीतू ने बताया कि दिल्ली में हुई बैठक में ओबीसी छात्रों और उनके वकीलों की मौजूदगी में इन होल्ड पदों को बहाल करने की बात से सीधे तौर पर इंकार कर दिया। उनका पूरा जोर सिर्फ ओबीसी आरक्षण के लिए एक स्पेशल एडवोकेट नियुक्त करने पर था, इससे साफ पता चलता है कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है।

# शुतुरमुर्ग की तरह खतरे से आंख मूंदकर जनता को भ्रमित कर रहा विपक्षः सीएम

## सेवा पखवाड़े को लेकर भाजपा की बैठक, वरिष्ठ नेता रहे मौजूद, प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं को बताया रोडमैप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कांग्रेस व विपक्षी दल देश में भ्रम और दुष्प्रचार फैलाने में जुटे हैं। उनके नेता न्यायालय और लोकतांत्रिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ा रहे हैं। विपक्ष शुतुरमुर्ग की तरह खतरे से आंख मूंदकर जनता को भ्रमित कर रहा है, जबकि भाजपा का तपोनिष्ठ कार्यकर्ता कच्ची मिट्टी का नहीं बना है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष की तुलना रावण से करते हुए कहा कि वे संविधान की किताब दिखाकर साधु का वेश धरते हैं, वहीं सबसे ज्यादा संविधान संशोधन और न्यायपालिका का अपमान करने के लिए जिम्मेदार हैं। कांग्रेस का चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर सवाल उठाना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने तीन तलाक, धारा 370 और दंगों के माध्यम से देश को पीछे धकेला, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा और मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाया। आने वाला समय वन नेशन, वन इलेक्शन का होगा जो देश को और स्थायित्व देगा और कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। डॉ. यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा में केन्द्र व राज्य और संगठन के एक-एक कार्य को नीचे तक लेकर। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है। हमें अपने-अपने जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर यह संदेश पहुचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है।



### लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना जरूरी

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा जब तक लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना, राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव जागृत नहीं होता, तब तक भौतिक विकास का कोई लाभ नहीं है। इसलिए समाज को योजनाओं की दृष्टि से, संस्कारों की दृष्टि से और विचारों की दृष्टि से जागृत करना हमारा लक्ष्य और दायित्व है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से आज की युवा पीढ़ी को अवगत कराना सबसे बड़ी आवश्यकता है और आगामी कार्यक्रमों के माध्यम से हमें यही काम करना है। जामवाल ने कहा जिस तरह से सेवा पखवाड़े में युवा मोर्चे की भूमिका है, उसी तरह से अन्य सभी मोर्चे इन कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता करें। सभी प्रकोष्ठ भी अपने-अपने स्तर पर इन कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार करें।

### प्रत्येक नागरिक को देवता मानते हुए सेवा कार्यों में जुटना होगा

प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हमें भी प्रत्येक नागरिक को देवता मानते हुए सेवा कार्यों में जुटना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किस तरह विकसित और आत्मनिर्भर भारत आकार ले रहा है, यह बात हमें नीचे तक पहुंचाना है। आज भारत का जीडीपी ग्रोथ रेट लगभग 8 प्रतिशत पर है, जबकि विकसित कहे जाने वालों की विकास दर इससे कम है। इन्फ्रास्ट्र. र के मामले में आज भारत का कोई मुकाबला नहीं है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा सेवा पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' नमो वन, प्रबुद्धजनों का सम्मान, प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिचय, खेलकूद प्रतियोगिता, नमो मैराथन सहित कई आयोजन जिला और मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

**जामवाल ने लिया सिंह से फीडबैक**

बैठक के उपरांत क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बंद कमरे में प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ आधे घंटे तक चर्चा की। जानकारों की मानें तो जामवाल ने नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद संगठन को लेकर चर्चा की। सरकार और संगठन के बीच सामंजस्य के अलावा निगम मंडल, प्रदेश और जिला कार्यकारणी को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा होने की खबर है।

# 2.20 करोड़ के राशन घोटाले में 4 अफसरों पर एफआईआर

**विसं, भोपाल।** जबलपुर में 2.20 करोड़ का खाद्यान्न गायब होने का मामला सामने आया है। इसमें खाद्य विभाग के 4 अफसरों सहित 33 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबलपुर में पीडीएस के तहत मिलने वाला 2.20 करोड़ का गेहूं, चावल और नमक गायब कर दिया गया। जांच कराई गई, तो खाद्य विभाग के चार अधिकारियों सहित 33 लोगों पर प्रारंभिक तौर पर आरोप लगाए गए हैं। मामले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भावना तिवारी और जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो सहित खाद्य विभाग के चार अधिकारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। बताया गया है कि कुछ राशन दुकानदारों द्वारा स्टॉक एडजस्टमेंट को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसके बाद खाद्य विभाग ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी), हैदराबाद से पोर्टल की जांच कराई, जिसमें सामने आया कि फर्जी लॉगिन आईडी और संदिग्ध आईपी एड्रेस का इस्तेमाल कर राशन स्टॉक की मात्रा को कम किया गया था। जांच से साफ हो गया कि यह घोटाला सुनियोजित तरीके से किया गया था। जांच रिपोर्ट में 11 राशन दुकानों से 391.780 मीट्रिक टन गेहूं, 338.789 मीट्रिक टन चावल और अन्य सामग्री मिलाकर कुल 2.20 करोड़ का स्टॉक गायब पाया गया। यह स्टॉक हितग्राहियों को वितरित करने की बजाय खुले बाजार में बेच दिया गया और फिर पोर्टल पर स्टॉक कम दिखाकर हेराफेरी की गई। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के अलावा मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत भी आरोप लगाए हैं। इस संबंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि कमिश्नर फूड के निर्देश पर जब जांच कराई गई, तो यह पता चला कि जबलपुर के लॉगिन और पासवर्ड से ही इस पोर्टल को एक्सेस किया गया था। जांच में 33 लोगों की संलिप्तता मिली है।

"गड़बड़ी में संलिप्त अधिकारियों एवं उस दौरान संचालनालय में पदस्थ रहे अधिकारियों के विरुद्ध उचित एक्शन लिया जाएगा। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी, जिससे हितग्राहियों का हक कोई दूसरा मार न सके।

**गोविन्द सिंह राजपूत**, मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति



## संक्षिप्त खबरें

### 10 से बदले रास्ते चलेगी भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेलवे से मिली जानकारी अनुसार 10 सितंबर से भोपाल-जोधपुर और अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित रहेगा। यह दोनों ट्रेनें अन्य रूट से चलेंगी। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि कोटा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 2 पर पुनर्विकास कार्य किए जाने के कारण 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कुछ गाड़ियों के संचालन में आंशिक परिवर्तन एवं मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। इसमें गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 10 सितंबर से 3 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सोगरिया-कोटा चंबल केबिन-गुड़ला मार्ग से संचालित होगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 10 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया मार्ग से संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 10 सितंबर से 3 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सोगरिया-कोटा चंबल केबिन-गुड़ला मार्ग से संचालित होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर 10 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया मार्ग से संचालित होगी।

### कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल

**भोपाल।** राजधानी के गांधी नगर इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। जिससे डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित युवक प्रदीप अहिरवार उम्र 27 वर्ष मूल रूप से दोराहा जिला सीहोर का रहने वाला है। वह भोपाल की एक डिलीवरी कंपनी में फूड डिलीवरी का काम करता है। जानकारी के मुताबिक युवक दोपहर में लालघाटी स्थित एक होटल से खाना पैक करवा कर डिलीवरी देने के लिए गांधी नगर एयरोसिटी रोड स्थित रिषिराज डेंटल कॉलेज की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह एयरपोर्ट रोड के आगे जियो पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से प्रदीप बाइक समेत गिर गया जिसकी वजह से उसे गंभीर चोटें आई हैं।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, कांट्रेक्टर घायल

**भोपाल।** गोविंदपुरा क्षेत्र में ट्रक ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार व्यक्ति को गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अवधपुरी में रहने वाले वीरेंद्र प्रसाद सिंह पेशे से कांट्रेक्टर हैं। वो दोपहर करीब तीन बजे कार से अवधपुरी से रॉयल मार्केट जा रहे थे। गोविंदपुरा स्थित राधाकृष्ण मंदिर के सामने पहुंचे थे तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और चालक वीरेंद्र प्रसाद सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनके सीने में और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं।

### चयन परीक्षा के आवेदन का आज आखिरी मौका

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** कर्मचारी चयन मंडल ने प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के आवेदन को शनिवार अंतिम दिन है। ये आवेदन ऑनलाइन होंगे। आवेदन पत्र में संशोधन की सुविधा सात सितंबर तक रहेगी। परीक्षा की नई तारीख नौ अक्टूबर तय हुई है, जबकि पहले यह परीक्षा 10 नवंबर को होनी थी। परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी। पहली पाली सुबह साढ़े दस से दोपहर साढ़े 12 तक चलेगी। दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक रहेगी। रिपोर्टिंग समय क्रमशः 8:30 से दस और दोपहर एक से ढाई बजे तक का रखा गया है।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के कारण ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

## अनंत चतुर्दशी आजः शाम सात बजे से शुरू होगा मुख्य चल समारोह, घाटों पर सुरक्षा सख्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में जुलूस निकाले जाएंगे। इस दौरान कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बैरागढ़ एवं हताईखेड़ा डेम पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा और छोटे जुलूसों के रूप में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने श्रद्धालु इन घाटों तक जाएंगे। शहर का मुख्य चल समारोह भारत टॉकीज चौराहे से शाम 7 बजे गणेश प्रतिमाओं और झांकियों के प्रारंभ होगा। यह जुलूस इतवारा चौराहा, गणेश चौक मंगलवारा, गल्ला मंडी हनुमानगंज, छोटे भैया चौराहा, जनकपुरी, जुमेराती, पुराना पोस्ट ऑफिस, सिंधी मार्केट, पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमला पार्क से होते हुए कमलापति घाट पर समाप्त होगा। इसके अलावा कुछ बड़ी प्रतिमाएं प्रेमपुरा घाट पर विसर्जित होंगी। ये झांकियां पॉलिटेक्निक चौराहा से डिपो चौराहा, 25वीं वाहिनी के सामने भदभदा तिराहा होकर प्रेमपुरा घाट पहुंचेंगी। इसके अलावा बैरागढ़ एवं खजूरी की गणेश प्रतिमाएं सीहोर रोड पर बने विसर्जन स्थल बैरागढ़ पर विसर्जित होंगी।





बिड़ला मंदिर के पास चलित झांकी तैयार। चल समरोह में शामिल होगी। प्रेमपुरा घाट पर विसर्जन की तैयारी पूरी।

### सुबह 8 बजे से भारी वाहनों की नो एंट्री

खजूरी सड़क, मुबारकपुर, लांबाखेड़ा चौराहा, इस्लाम नगर, चोपड़ा कला चौराहा, पटेल नगर, 11 मील, रातीबड़, लालघाटी, नरसिंहगढ़ तिराहा, एयरपोर्ट चौराहा, करोंद चौराहा, भानपुर चौराहा, रत्नागिरी से आगे शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

### शाम 5 बजे से सिटी बस, मैजिक पर रोक

सभी प्रकार की सिटी बस, मैजिक आदि वाहन भारत टॉकीज चौराहा, अल्पना तिराहे, नादरा बस स्टैंड चौराहा एवं भोपाल टॉकीज चौराहे की ओर आ-जा नहीं सकेंगे। शाम 6 बजे से मंगलवारा थाना तिराहा, दयानंद चौक, जुमेराती पानी की टंकी तिराहा, पुरानी सब्जी मंडी की ओर से सभी वाहनों के घोड़ा नक्कास, बस स्टैंड की ओर जाने पर रोक रहेगी। इसके अलावा रात 8 बजे से तीन मोहरा से भोपाल टॉकीज चौराहे की ओर जाने वाले सभी वाहन इस्लामी गेट से सिंधी कॉलोनी चौराहा होते हुए अग्रवाल धर्मशाला एवं समानांतर मार्ग से आ-जा सकेंगे।

### विसर्जन के लिए 8 स्थाई व 33 अस्थाई कुंड, बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेनें तैनात

नगर निगम ने शहर में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 8 स्थायी और 33 अस्थायी विसर्जन कुंड बनाकर वहां की जिम्मेदारी निगम के अफसरों को सौंपी है। भोपाल में प्रेमपुरा, रानी कमलापति, खटलापुरा, संत हिरदाराम नगर, शाहपुरा, हथाईखेड़ा, मालीखेड़ी और समरधा के विसर्जन कुंडों पर 12 क्रेन, 16 पोकलेन, 25 विसर्जन वाहन के साथ फायर ब्रिगेड टीम और गोताखोर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा इन सभी घाटों पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसके अलावा जोन स्तर पर 33 अस्थायी कुंड बनाये हुए 25 विशेष वाहन तैनात किए गए हैं।

### यहां बनाए गए अस्थायी विसर्जन कुंड

बैरागढ़ (फायर स्टेशन), भवानी चौक (पीरगेट), टीला जमालपुरा, नारियलखेड़ा पीपल चौराहा, शाहजहांनाबाद, नादरा बस स्टैंड, मंगलवारा थाना, घोड़ा नक्कास, रेलवे स्टेशन, चांदबड़, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा, सुभाष नगर, चेतक ब्रिज, अवधपुरी, आनंद नगर, पिपलानी पेट्रोल पंप, मीनाल रेसीडेंसी, करोंद चौराहा, लालघाटी चौराहा, प्रेमपुरा, रानी कमलापति और शाहपुरा


### यात्री बसों का भी बदलेगा रास्ता

इंदौर, सीहोर आदि स्थानों से आने वाले वाहन खजूरी बायपास, मुबारकपुर बायपास से, गांधीनगर, लालघाटी चौराहे से हलालपुर बस स्टैंड आएंगे। विसर्जन के दौरान यात्री बसों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके अलावा आईएसबीटी बस स्टैंड से चलने वाली यात्री बसों का गोविन्दपुरा तिराहा, प्रभात चौराहा, भारत टॉकीज चौराहे की जाना प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें होशंगाबाद रोड से बायपास होकर आएंगी और जाएंगी। इसके अलावा नादरा से चलने वाली बसों का संचालन हलालपुर से होगा। इसके अलावा बैरसिया बस स्टैंड से संचालित समस्त बसें बेस्ट प्राइस तिराहा से संचालित होंगी। होशंगाबाद, बैतूल, छिंदवाड़ा, सागर, पन्ना, छतरपुर आदि स्थानों की ओर से इंदौर, गुना, ग्वालियर की ओर जाने वाली यात्री बसें शहर में आने के बजाय बायपास रोड से चलाई जाएंगी।

# इमेज बिल्डिंग फर्म व्यू एन सोनिक पर जीएसटी का छापा

## अरेरा कॉलोनी स्थित कंपनी के खिलाफ करोड़ों की टैक्स चोरी की शिकायत पर कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जीएसटी की टीम ने भोपाल के अरेरा कॉलोनी में स्थित व्यू एन सोनिक कंपनी के खिलाफ करोड़ों की टैक्स चोरी की शिकायत पर छापे मारे हैं। जीएसटी की एंटी इवेजन ब्यूरो की भोपाल टीम ने गुरुवार रात को अरेरा कॉलोनी में व्यू एंड सोनिक कंपनी के संचालक अतुल बिल्लोरे के ठिकानों पर जांच शुरू की जो शुक्रवार को भी जारी रही। अतुल ने पत्नी, बेटे और भतीजे के नाम से एआईबी इंटरप्राइज, अवान इंटरप्राइजेस सहित अन्य फर्में बना रखी हैं। जांच टीम को आशंका है कि इन फर्मों के जरिए बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया और जीएसटी में करोड़ों रुपए की कर चोरी की है। जांच टीम फिलहाल इन ठिकानों से मिले लेन-देन के दस्तावेजों के जरिए जीएसटी का मिलान कर रही है और इसी आधार पर ही टैक्स चोरी का सही आंकड़ा सामने आएगा। जानकारी के अनुसार बिल्लोरे एक आयुष अस्पताल के साथ ही एक होटल भी बना रहा है।



### सरकार और कॉर्पोरेट से मिले इमेज बिल्डिंग के ठेके

व्यू एन सोनिक का मूल काम इवेंट मैनेजमेंट सर्विस है। यह कंपनी पिछले कई सालों में सरकारी और कॉर्पोरेट सेक्टर में कई इवेंट आयोजित कर चुकी है। इसमें राज्य और केंद्र सरकार के कई कार्यक्रम शामिल हैं। यह फर्म 2005 से वेन्यू प्लानिंग, इवेंट डिजाइनिंग, थीम बेस्ड ब्रांडिंग, डेकोरेशन, क्राउड मैनेजमेंट, कॉन्सेप्ट प्रेजेंटेशन, इवेंट पब्लिसिटी, रोड शो वैन, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, मोटिवेशनल एक्टिविटी का काम करती है। फिलहाल जीएसटी की टीम यह भी जानकारी जुटा रही है कि पिछले 20 सालों के दौरान कंपनी ने किन अहम आयोजनों का ठेका लिया है और उसके लिए कितना टैक्स चुकाया है। हालांकि कंपनी के संचालक का दावा है कि उनकी कंपनी ने किसी तरह की कोई टैक्स चोरी नहीं की है। इस कंपनी का दावा है कि उसके ग्राहकों में इंडियन ऑइल, नीति आयोग, एनटीपीसी, इंडियन रेल, भारत पेट्रोलियम, चुनाव आयोग, गेल शामिल हैं।

### भोपाल में इन ठिकानों पर भी छापे की कार्रवाई

जीएसटी की टीमों ने इसी सप्ताह राजधानी के बाग मुगालिया में सेंको इंफ्रास्ट्रक्चर के यहां सर्वे किया था। इसके अलावा चंद्रगुप्त बिल्डकॉन नाम की अन्य कंपनी पर भी सर्वे की कार्रवाई की है। बुधवार को जीएसटी की टीम भोपाल के कोटरा सुल्तानाबाद में आरके पांडेय के यहां भी जांच के लिए पहुंची थी। इन सभी स्थानों पर सर्वे की कार्रवाई पूरी होने के बाद अब टैक्स चोरी का एनालिसिस किया जा रहा है।

### सिंगरौली समेत 16 ठिकानों पर जांच पूरी, 3.5 करोड़ की रिकवरी

सिंगरौली में टैक्स कंसल्टेंट अनिल शाह के जरिए फर्जी इनवॉइस और शैल कंपनियों के जरिए करोड़ों की जीएसटी चोरी मामले में भी जांच गुरुवार देर रात पूरी हो गई। अब ईओडब्ल्यू और जीएसटी की टीमों ने मिलकर ये आकलन करना है कि टैक्स कंसल्टेंट की मदद से कितने व्यापारियों ने कितने टैक्स की चोरी की है। पिछले सोमवार को ईओडब्ल्यू और जीएसटी की टीमों ने कार्रवाई करते हुए सिंगरौली के कर सलाहकार अनिल शाह समेत उससे जुड़ी 15 फर्मों पर छापे मारे थे। यहां से टीम को करोड़ों के इनवॉइस और लेन देन के दस्तावेज के साथ इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी मिले हैं। अब ईओडब्ल्यू की टीमें डाटा एनालिसिस कर रही हैं। ईओडब्ल्यू की रीवा यूनिट के एसपी डॉ अरविंद सिंह ठाकुर के अनुसार भोपाल, सीहोर, सिंगरौली, इंदौर, छतरपुर, ग्वालियर की इन फर्मों में प्रारंभिक तौर पर 16 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी मिली थी लेकिन असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा का होने की संभावना है। फिलहाल इन छापों के बाद संबंधित फर्मों ने 3 करोड़ 50 लाख रुपए की रकम जीएसटी को जमा भी कराई है। इस मामले में छानबीन के बाद सोमवार को विधिवत एफआईआर ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज करने की तैयारी है।

# पति की मौत के एक दिन बाद दुखी पत्नी ने पिया टॉयलेट क्लीनर, मौत

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुई पति की मौत

**जागरण, भोपाल।** पति की मौत का सदमा पत्नी बर्दाश्त नहीं कर सकी। उसने टॉयलेट क्लीनर पीकर अपनी जान दे दी। बैरसिया इलाके में बुधवार को कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी थी। युवक की पत्नी को जब घटना के बारे में पता चला तो वह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। दंपति के दो बच्चे अनाथ हो गए। जानकारी के अनुसार कमर सिंह उर्फ बंटी कुशवाहा उम्र 28 वर्ष बैरसिया थाना क्षेत्र ग्राम उमरिया खजूरी का निवासी था। वह शमशाबाद स्थित ग्राम बिछिया में खुद की क्लिनिक चलाता था। करीब पांच साल पहले कमर सिंह का विवाह विदिशा की ज्योति कुशवाहा (25) से हुआ था। दोनों का चार साल का एक बेटा और डेढ़ साल की एक बेटी है। बुधवार रात कमर सिंह जब अपनी क्लिनिक बंद कर घर की तरफ लौट रहा था। वह जब बैरसिया-शमशाबाद रोड के पास ग्राम खेजड़ा जोड़ पहुंचा तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में



कमर सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ। इलाज के उसको बैरसिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। पति की मौत के सदमे में ज्योति पूरी तरह टूट चुकी थी। उसकी हालत ठीक नहीं थी। घरवालों ने रात भर उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन सुबह घर जाकर ज्योति ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। पता लगते ही ज्योति के भाई और अन्य परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर गए। हालत बिगड़ती देखकर ज्योति को भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी से मना करने पर सिरफिरे युवक ने युवती की काटी नाक

## युवती का भाई लगता है आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** गांधीनगर में शादी से इंकार करने पर एक युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर उसकी नाक काट दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले के अनुसार 22 वर्षीय युवती 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद अपने घर में रहती थी। करीब पांच साल पहले उसकी पहचान सीहोर के दोराहा निवासी दिनेश जाटव से हुई थी। इसी दौरान दिनेश एकतरफा प्यार करने लगा और लंबे समय से उस पर शादी का दबाव बना रहा था। लेकिन युवती के परिजनों ने ये कहकर शादी से इंकार कर दिया कि दोनों एक ही समाज से हैं और दूर के रिश्ते में युवक का उसका भाई लगता है। बावजूद इसके दिनेश बार-बार शादी करने का दबाव बना रहा था। गुरुवार दोपहर 12 बजे दिनेश सीहोर से भोपाल पहुंचा और एयरपोर्ट ब्रिज के पास रास्ते में पैदल जा रही युवती को रोक लिया। बातचीत का बहाना बनाकर वह उसे गांधी नगर स्थित एयरोसिटी पार्क के पास ले गया। जहां उसने फिर शादी का दबाव बनाया तो युवती ने परिवार का हवाला देकर साफ मना कर दिया। इस पर गुस्साए युवक ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। जिससे युवती की नाक कट गई। बाद में आरोपी उसे घायल हालत में वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।



### युवती के घर में घुसकर युवक ने की अश्लील हरकत

गांधीनगर थाना क्षेत्र में युवती के घर में घुसकर युवक ने अश्लील हरकत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम 18 वर्षीय युवती घर में अकेली थी, जबकि उसकी मां बाजार गई हुई थी। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाले 22 वर्षीय अनस उसके घर पहुंचा। जहां बुरी नियत से युवती से छेड़छाड़ कर सीना दबाने जैसी हरकत की। इसका विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। आरोपी पिछले कुछ समय से युवती को परेशान कर रहा था।

### राजा महाबली के स्वागत में सजी रंगोली



केरल का प्रसिद्ध पर्व ओणम शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मलयाली समाज ने राजा महाबली के स्वागत के लिए घरों के आगे फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई। मंदिरों में विशेष पूजा और अनुष्ठान आयोजित किए गए।

**आयोजन**

## आठ सितंबर को ज्ञान-विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा दीक्षांत समारोह

# बीयू के 22 में से 19 गोल्ड मेडल छात्राओं के खाते में

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आठ सितंबर को होगा। बीयू समारोह में सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों को यूजी-पीजी और पीएचडी की डिग्री प्रदान करेगा। सत्र में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। सुनकर आश्चर्य होगा कि 22 गोल्ड मेडल में सिर्फ तीन छात्रों की झोली में गिरेंगे, जबकि शेष 19 मेडलों पर छात्राओं ने कब्जा जमा लिया है। पीजी के सभी गोल्ड मेडल छात्राओं को मिले हैं। जबकि यूजी में सिर्फ तीन छात्रों ने प्रथम हासिल किया है, जिसके कारण उन्हें गोल्ड मेडल दिया जाएगा। गत दो वर्षों के अलावा वर्तमान सत्र में भी छात्रों से ज्यादा छात्राओं ने कालेजों से यूजी-पीजी की डिग्री लेने प्रवेश लिये हैं। इसी तरह 12 के रिजल्ट में भी छात्राएं छात्रों से आगे रही हैं। अब बीयू के दीक्षांत में गोल्ड मेडल हासिल करने में आगे आ गयी हैं। बीयू में कुल 27 गोल्ड मेडिल दिए जाएंगे, जिसमें पांच प्रायोजित मेडल शामिल हैं।



### कोई आपत्ति नहीं हुई दर्ज

बीयू ने गोल्ड मेडल हासिल करने वाले 22 विद्यार्थियों की सूची जारी की थी। इसमें उन्होंने विद्यार्थियों से आपत्ति मांगी थी, जिसमें बीयू को कोई आपत्ति नहीं मिली। अब अंतिम गोल्ड मेडल विद्यार्थियों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी है। समारोह में स्व. न्यायाधीश केके मिश्रा की स्मृति में उनकी पत्नी प्रो. मोना पुरोहित विधि विभाग गोल्ड मेडल देंगी। ये मेडल विधि में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को दिया जाएगा।

### 2023-24 में यूजी-पीजी के विद्यार्थियों के मिलेंगे मेडल

2023-24 में स्नातक और स्नातकोत्तर में 22 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया है, जिन्हें कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल गोल्ड मेडल देंगे। यूजी में कनक नंदिनी शर्मा कला, यश जैन वाणिज्य, तनिष्का मोदी कम्प्यूटर एप्लीकेशन, स्टेफि थॉमस को शिक्षा, नैनसी लौधी को गृह विज्ञान, अपूर्वा परते को प्रबंधन, सिद्धी तिवारी की विधि, नब्दीनी सोनी को इंजीनियरिंग, केतन जैन को फार्मेसी और शारीरिक शिक्षा में विक्रम सिंह को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इसके अलावा पीजी में अदिबा सुल्तान को कला, निकिता धाकड़ को वाणिज्य, सौम्या प्रजापति शिक्षा, पलक लालवानी होम साइंस, काजल जैसवाल विधि, हर्षिता विश्वकर्मा जीव विज्ञान, नित्या उपाध्याय प्रबंधन, फिजा खान कम्प्यूटर साइंस, दुर्गेश नन्दिनी को संगाज विज्ञान, श्रेष्ठा तिवारी इंजीनियरिंग, नुपुर लोखंडे फार्मेसी और सरिता अहिरवार को शारीरिक शिक्षा प्रथम स्थान हासिल करने पर गोल्ड मेडल दिया जाएगा।

### पारंपरिक होगी दीक्षांत समारोह की पोशाक

छात्रों को सफेद कुर्ता-पजामा और छात्राओं को सफेद सलवार-कुर्ती या क्रीम कलर की साड़ी पहनकर आना होगा। विवि जैकेट, उत्तरीय व साफा अपनी ओर से उपलब्ध कराएगा। विवि के छात्र-छात्राएं पारंपरिक गाउन और कैप के बजाए भारतीय परिधान में उपाधि ग्रहण करेंगे। समारोह में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राएं वीस अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सात साल पहले साल राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई समन्वय समिति की बैठक में समारोह की ड्रेस बदलने का निर्णय हो चुका है।

### प्रायोजित स्वर्ण पदक

- स्व. श्री केके शुक्ला स्मृति स्वर्ण पदकः कु. सिद्धी तिवारी विधि
- श्री सीताराम जिंदल फाउंडेशन नई दिल्लीः श्रुति प्रजापति इंजीनियरिंग
- श्री दिलीप सुर्यवंशी स्मृति स्वर्ण पदकः नंदिनी सोनी
- श्री सीताराम जिंदल फाउंडेशन नई दिल्लीः केतन जैन फार्मेसी
- श्री सीताराम जिंदल फाउंडेशन नई दिल्लीः कु. नित्या उपाध्याय एमबीए

सत्र 2023-24 में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा दिये जाएंगे। काफी संख्या में छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्राओं को उनकी मेहनत के कारण उन्हें ये सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

■ अनिल शर्मा, रजिस्ट्रार, बीयू

# छेड़छाड़ के गलत आरोप के बाद युवक ने की आत्महत्या

**जागरण, भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में गुरुवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय निखिल अग्रवाल ऑटो चालक था और करीब एक साल पहले अक्टूबर उसने लव मैरिज की थी। वह अपनी पत्नी के साथ अशोका गार्डन स्थित कैलाश नगर सेमरा फेस-4 में किराए के मकान में रह रहा था। गुरुवार को पड़ोस में रहने वाली एक महिला का उसके साथ विवाद हो गया। महिला ने निखिल की पत्नी को अपशब्द कहे, जिस पर निखिल ने महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद महिला अपनी बेटी को लेकर महिला थाने पहुंची। जहां उसने निखिल पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पुलिस ने निखिल को हिरासत में लेकर थाने बुलाया। यहां दोनों पक्षों में राजीनामे के बाद निखिल को छोड़ दिया गया। परिजनों के मुताबिक निखिल झूठे आरोपों से परेशान था। सुसाइड से पहले निखिल ने मकान मालिक से फोन पर बात की थी। जिसमें उसने कहा था कि महिला उस पर गलत आरोप लगा रही है, जबकि उसने केवल मारपीट की थी, छेड़छाड़ नहीं की। इसके कुछ देर बाद उसने सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

# मोहब्बत के पैगाम के साथ निकाला गया ईद मीलाद उन्नबी का जुलूस

## बंटा लंगर, लगे नारे, अखाड़ों में दिखाए करतब, कुरआन ख्वानी और फातिहा के भी आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिन ईद मीलाद उन्नबी का पर्व राजधानी में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। शहर में दो अलग अलग क्षेत्रों से दो जुलूस निकाले गए। इसमें पहला जुलूस मंगलवारा क्षेत्र से निकला। यहां जुलूस के संयोजक अब्दुल नफीस ने बताया कि जुलूस का नेतृत्व ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने किया था। जबकि मुख्य अतिथि भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद थे। जुलूस में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। यह जुलूस मंगलवारा से शुरू होकर भारत टॉकीज चौराहा से होते हुए बुधवारा चार बत्ती पर जाकर खत्म हुआ। जुलूस में अखाड़ों में युवाओं ने करतब दिखाए। जिसे देखकर लोग रोमांचित हुए। जुलूस के दौरान जगह जगह लंगर का आयोजन किया गया, लोगों ने शरबत और ठंडे पानी का बंदोबस्त किया हुआ था।



### आशिकाने रसूल ने निकाला जुलूस

ईद मीलाद उन्नबी के मौके पर शहर में दूसरा जुलूस अशोक गार्डन अस्सी फीट रोड सकलैनी मस्जिद से निकाला गया। आशिकान-ए-रसूल एहले सुन्नत वल जमात समिति मप्र के प्रदेश महासचिव तौकीर निजामी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मस्जिदों, मदारिसों, खानकाहों में कुरआन ख्वानी और फातिहा के आयोजन भी किए जा रहे हैं। जुलूस अशोका गार्डन से जिंसी पुलिस चौकी के पास पहुंचा। जहां विधायक मसूद की मौजूदगी में समापन हो गया।

# राजधानी के शिक्षकों का एक साल बाद भी नहीं हुआ पुलिस वेरिफिकेशन

## छेड़छाड़ व दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ने के बाद जारी किए थे आदेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल में विद्यार्थियों के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसी बरदातें बढ़ने पर तय किया गया था कि शिक्षकों व स्टाफ का पुलिस सत्यापन कराया जाएगा। आदेश जारी हुए पूरा साल बीत गया, लेकिन पुलिस सत्यापन नहीं हुआ। राजधानी के 95 प्रतिशत निजी स्कूलों में पदस्थ हजारों शिक्षकों की रिपोर्ट जिला शिक्षा विभाग को नहीं दी गई। बता दें कि राजधानी के एक निजी स्कूल में नाबालिग से दुष्कर्म के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के पुलिस सत्यापन को अनिवार्य किया था। तीन दिन में रिपोर्ट मांगी गई थी। इस मामले को एक साल से ज्यादा बीत गया। शिक्षक सत्र भी खत्म हो गया लेकिन निजी स्कूलों के स्टाफ और शिक्षकों के पुलिस वेरिफिकेशन से जुड़ी रिपोर्ट शिक्षा विभाग के पास नहीं पहुंची।

### स्कूलों में हुईं कुछ घटनाएं

- ऐशबाग क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में केजी क्लास की छात्रा के साथ स्कूल वेन के चालक ने गलत हरकत की थी। छात्रा ने अपनी मां को बताया कि स्कूल वैन वाले अंकल दूसरे बच्चों को छोड़ने गए थे, तब किसी दूसरे अंकल ने गलत हरकत की। इसके बाद परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।
- कटारा हिल्स में एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल के शिक्षक ने कक्षा 10वीं के छात्र के साथ यौन शौषण किया। शिक्षक सोशल मीडिया पर मैसेज कर छात्र को बुलाता था और कार में उसके साथ यौन शोषण करता था। उसने घटना का जिक्र प्राचार्य से किया और फिर मामला थाने जा पहुंचा। आरोपी शिक्षक, छात्र को फेल करने की धमकी देकर लगातार यौन शोषण कर रहा था।

### पुलिस सत्यापन में आएगी परेशानी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भोपाल में काफी शिक्षक हैं। उनका सत्यापन करने में परेशानी आएगी। समय रहते स्कूल से आवेदन जमा होंगे, तो सत्यापन भी करा दिया जाएगा। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि पूरा स्टाफ एक साथ सत्यापन के लिए थाने नहीं भेज सकते। इससे स्कूल की व्यवस्था बिगड़ सकती है। पुलिसकर्मियों को स्कूल आकर ही सत्यापन करना होगा। स्कूलों के शिक्षकों, प्राचार्य, स्टॉफ, बस कंडक्टर, ड्राइवर, चैकीदार, वॉर्डन समेत सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन होना है। ऐसे में अगर कोई आपराधिक प्रवृत्ति का है तो उसे तुरंत स्कूलों से बाहर किया जाएगा।

"निजी स्कूलों में स्टाफ सहित शिक्षकों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है। कितने शिक्षकों का वेरिफिकेशन हो पाया इसकी रिपोर्ट नहीं मिली है। इसे जांचने स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। अगर कहीं यह सत्यापन नहीं हुआ है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।
-**नरेन्द्र अहिरवार**, जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

# संक्षिप्त खबरें

## तीन घरों के ताले टूटे, लाखों के जेवर समेत नकदी चोरी

**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल में चोरों के हौसले बुलंद है। चोरों ने तीन अलग-अलग इलाकों में धावा बोलकर लाखों के सोने-चांदी के जेवर समेत नकदी चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निशातपुरा थाना पुलिस के अनुसार लामाखेड़ा स्थित रतन कॉलोनी निवासी विश्वकर्मा (34) अपने परिवार के साथ दो दिन पहले अपने गृह नगर विदिशा स्थित शमशाबाद गए थे। लौटकर आए तो घर का ताला टूटा मिला। अलमारी में रखा सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेत करीब 90 हजार रुपए का सामान चोरी हो गया। इस तरह कोहेफिजा थाना क्षेत्र में आशादीप अपार्टमेंट विजय नगर में रहने वाली लक्ष्मी बंसल (32) के घर दिनदहाड़े चोरी हुई। घटना के वक्त पूरा परिवार अपने-अपने काम पर गया था। दोपहर करीब 2 बजे जब लक्ष्मी घर लौटीं तो दरवाजा खुला मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाने पर मंगलसूत्र, कान के झुमके, 25 हजार नकदी समेत करीब 40 हजार रुपए का माल गायब था। वहीं तीसरी चोरी की घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र की है। जहां ऐरोसिटी कॉलोनी, न्यू लेकसिटी होटल के पास स्थित मकान से सोने का लॉकेट और चैन चोरी हो गई, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए है। इन सभी मामलों में पुलिस की जांच जारी है।

## ज्योतिष की मानव उपयोगिता प्रमाणित करने के लिए ज्योतिर्विद करेंगे मंथन

**जागरण, भोपाल।** जीवन रेखा ज्योतिष केंद्र द्वारा दिवंगत पंडित मनीराम उपाध्याय की स्मृति में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन और ज्योतिषियों को सम्मान देने का कार्यक्रम 7 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक मालवीय नगर, सिटी ट्रेड सेंटर, रतनवाला हॉल में होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) पंडित विष्णु प्रसाद राजोरिया दीप प्रज्वलित करके करेंगे। भारत और विदेशों से 251 ज्योतिषी इस सम्मेलन में भाग लेंगे और आधुनिक वैज्ञानिक युग में ज्योतिष की प्रासंगिकता और व्यावहारिक उपयोगिता को स्थापित करने के लिए अनुसंधान की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे। वे अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे और ज्योतिष की प्रामाणिकता पर अपने विचार साझा करेंगे। जीवन रेखा ज्योतिष केंद्र के संस्थापक और अध्यक्ष, राज्य ज्योतिषी पंडित कृपा राम उपाध्याय और ज्योतिषी पंडित राजकुमार उपाध्याय ने सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आम लोगों को निःशुल्क ज्योतिष परामर्श दिया जाएगा। कुंडली, हस्तरेखा, वास्तु शास्त्र, तंत्र-मंत्र, अंक ज्योतिष, टैरो कार्ड और रत्न विज्ञान जैसे ज्योतिष के विभिन्न क्षेत्रों के जाने-माने विशेषज्ञ अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट ज्योतिषियों को विभिन्न ज्योतिषीय उपाधियों से सम्मानित किया जाएगा।

## राजधानी में एनआईए और आईबी की अहम बैठक संपन्न

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में गुरूवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अफसरों की प्रदेश पुलिस के आला अफसरों के साथ बैठक हुई। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाणा समेत स्टेट इंटेलिजेंस के आला अफसर, एनआईए और आईबी के निदेशक भी शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। लगभग तीन घंटे तक चली इस बैठक के दौरान एमपी में आतंकी संगठनों और सिमी के नेटवर्क पर भी विस्तार से चर्चा कर उन्हें जड़ से उखाड़ने की रणनीति पर मंथन किया गया।

**पीएचक्यू में हुई प्रदेश के पुलिस अफसरों से चर्चा**

## संतोष चौबे का ताजा कहानी संग्रह गरीबनवाज का लोकार्पण

**भोपाल।** वरिष्ठ कवि-कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह गरीबनवाज का लोकार्पण एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में समारोह पूर्वक किया गया। यह महत्वपूर्ण आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि गरीबनवाज के पूर्व संतोष चौबे के छः कहानी संग्रह हल्के रंग की कमीज, रेस्त्रां में दोपहर, नौ बिन्दुओं का खेल, बीच प्रेम में गांधी, मगर शेक्सपियर को याद रखना तथा प्रतिनिधि कहानियाँ प्रकाशित और काफी चर्चित हुए हैं। लोकार्पण सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया जी के आत्मीय सान्निध्य में और वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संतोष चौबे ने अपने ताजा कहानी संग्रह से गरीबनवाज कहानी का बेहतरीन पाठ किया।




## एनआईटीटीटीआर में शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एनआईटीटीटीआर में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि भारत में गुरुओं के सम्मान की परंपरा प्राचीन गुरुकुल प्रणाली से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि प्राचीन गुरुओं ने न केवल ज्ञान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया, बल्कि समाज को दिशा देने और चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। त्रिपाठी ने कहा कि आज के युग में भी गुरु का स्थान सर्वोपरि है। अच्छे ज्ञान की प्राप्ति के लिए विनयशीलता आवश्यक है, और एक सशक्त शिक्षा नीति वही है जो राष्ट्र की आवश्यकताओं एवं चुनौतियों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करे।

# साइकिल की तकनीकी खराबी के बावजूद नहीं मानी हार

## मध्यप्रदेश के पहले साइक्लिस्ट वरुण नामदेव ने रचा इतिहास

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के धावक और एंड्योरेंस एथलीट वरुण नामदेव ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मध्यप्रदेश के पहले साइक्लिस्ट बनने का गौरव प्राप्त किया है जिन्होंने द ग्रेट हिमालयन अल्ट्रा रेस को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह रेस दुनिया की सबसे कठिन साइक्लिंग रेसों में से एक मानी जाती है, जो लद्दाख की ऊँचाई और कठिन मौसम परिस्थितियों में आयोजित होती है। इस रेस में साइक्लिस्टों को 13,000 फीट से अधिक ऊँचाई, 8 डिग्री तापमान, तेज हवाए, खराब सडकें और लगातार बारिश जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद वरुण ने न सिर्फ रेस पूरी की, बल्कि राच्य के लिए गौरव का क्षण भी रच दिया। वरुण ने कहा कि यह रेस ताकत से च्यादा इच्छाशक्ति की परीक्षा थी। हर पैडल चुनौती था, लेकिन मेरे मन में सिर्फ एक ही लक्ष्य था मध्यप्रदेश के लिए ये उपलब्धि लाना। मेरा रेस तक का सफर भी आसान नहीं रहा। ट्रेनिंग के दौरान बारिश, स्पॉन्सरशिप की कमी, दो महीने पहले लगी चोट, और रेस से ठीक पहले साइकिल की तकनीकी खराबी इन सभी मुश्किलों के बावजूद मैने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मैनिट एलुमनी ग्रप, इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल लिगेसी, एके ट्रैवल, द परफैक्ट बाइक स्टोर के सुमित खत्री, अपने कोच प्लाजि सैपकॉल और सुपर एथलिट ग्रुप को दिया। रेस के बाद भी वरुण को लद्दाख में भूस्खलन और खराब मौसम की वजह से तीन दिन लेह में फँसे रहना पड़ा। भोपाल लौटने पर देर रात भी एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। परिवार, मित्र और साइक्लिंग कम्युनिटी ने फूल-मालाओं से स्वागत कर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। वरुण की यह उपलब्धि युवाओं को नई प्रेरणा दे रही है।

# बीफार्मा और डीफार्मा में प्रवेश लेने 18 हजार विद्यार्थियों ने कराए पंजीयन

**दो केंद्रीय और तीन सीएलसी से दिए जाएंगे विद्यार्थियों को प्रवेश**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने बीफार्मा, डीफार्मा और एमफार्मा कोर्स को संचालित करने वाले कालेजों की सीटों पर प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग करा रहा है। विभाग ने पंजीयन पर रोक लगा दी है। अभी तक 18 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिए हैं। वहीं एमफार्मा में प्रवेश लेने के लिए करीब सवा हजार विद्यार्थी का पंजीयन हुआ है। विद्यार्थी शनिवार तक पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। आठ सितंबर तक विद्यार्थी च्वॉइस फिलिंग करेंगे। विभाग नौ सितंबर को कॉमन मेरिट लिस्ट जारी करेगा। विद्यार्थी 13 से 18 सितंबर तक आवंटित कालेज में अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले सकेंगे।

### कल तक लेटरल एंट्री के पंजीयन

विभाग ने बी. फार्मेसी द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश देने कार्यक्रम जारी कर दिया है। सत्र 2025-26 के लिए पहले चरण का रजिस्ट्रेशन आठ सितंबर तक होंगे। च्वाइस फिलिंग एक से 12 सितंबर तक होगी। विभाग मेरिट सूची 13 सितंबर को जारी करेगा। आवंटित कालेजों में विद्यार्थी उपस्थित होकरं 17 से 22 सितंबर तक प्रवेश लेंगे।

### पांच से शुरू होगा दूसरा चरण

दूसरे चरण के रजिस्ट्रेशन 19 सितंबर से तीन अक्टूबर तक होंगे। इसमें च्वाइस फिलिंग 21 सितंबर से सात अक्टूबर तक होगी। दूसरे चरण की मेरिट लिस्ट आठ अक्टूबर को जारी होगी। 11 अक्टूबर को आवंटन जारी होने के बाद विद्यार्थी 16 अक्टूबर तक कालेज पहुंचकर प्रवेश ले पाएंगे। दोनों राउंड में रिक्त रहने वाली सीटों पर प्रवेश देने तीन कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) होगी। छात्रों को 17 से 22 अक्टूबर और फिर 24 से 26 अक्टूबर और 28 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।

### पीसीआई ने विलंब से जारी की मान्यता

विभाग ने पहले चरण की काउसलिंग में सवा दर्जन बीफार्मा कालेज की 1,260 और सवा दर्जन डीफार्मा कालेज की 900 सीटें से शुरुआत की थी। अब विभाग के पास बीफार्मा में 159 कालेजों की करीब 14 हजार सीट, डीफार्मा के 162 कालेजों की करीब नौ हजार 800 सीट और एमफार्मा के करीब 60 कालेजों की दो हजार सीटों पर प्रवेश कराने के लिए च्वाइस फिलिंग कराइ जाएगी। अभी भी कई कालेज कतार में लगे हुए हैं। जबकि विभाग ने गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 238 कालेजों में प्रवेश कराने के लिए 26 हजार 500 सीटों पर प्रवेश कराने आनलाइन काउंसलिंग कराई थी। काउंसलिंग में काफी विलंब से चल रही है। इसका कारण फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की मान्यता जारी करने में लेटलतीफी करना है। पीसीआई से मान्यता नहीं मिलने पर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यायल द्वारा संबद्धता जारी नहीं हो सकती। विभाग मौजूदा कालेजों की सीटों पर प्रवेश देने के दो केंद्रीय काउंसलिंग और तीन सीएलसी का कार्यक्रम जारी किया हुआ है।

# अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभा यात्रा 20 सितंबर को

**जागरण, भोपाल।** अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन की 5149 वीं जयंती के उपलक्ष्य में समग्र अग्रवाल समाज भोपाल द्वारा भव्य शोभा यात्रा 20 सितम्बर शनिवार दोपहर 4 बजे से जवाहर भवन, रोशनपुरा चौराहे से निकाली जा रही है। इस भव्य शोभा यात्रा में भगवान शंकर-पार्वती जी ऊँट पर सवार होकर निकलेंगे एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी के साथ भगवान अग्रसेन एवं माता माधवी भी आकर्षक झाँकी के रूप में शामिल रहेंगे, साथ ही भगवान अग्रसेन जी के 18 पुत्रों जो कि 18 गोत्रों के नाम पर है उसी के अनुरूप 18 घोड़ों पर 18 राजकुमार अपने-अपने गोत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकुमारों के परिधान में शामिल रहेंगे। उपरोक्त जानकारी मुख्य संयोजक सुनील गर्ग द्वारा प्रदान की गई। इस भव्य शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के महिला, पुरुष, एवं बच्चो सहित करीब 2000 अग्रबंधू सम्मिलित होंगे। इस भव्य शोभा यात्रा का भोपाल मेला उत्सव समिति, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, भोपाल चेम्बर ऑ? कॉमर्स एवं मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन आदि संस्थाओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। संयोजक महावीर गर्ग %मामा% एवं मंजू गुप्ता द्वारा बताया गया की इसमें शामिल महिलाएं पीले वस्त्र में एवं पुरुष वर्ग सफ़ेद वस्त्रों के साथ भगवे रंग के साफे एवं अंगवस्त्र के साथ सम्मिलित होंगे।

# दिग्विजय ने सराहा, तो विजयवर्गीय ने जताई पीड़ा

## इंदौर महापौर के पुत्र संघमित्र के भाषण को लेकर हो रही राजनीति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर महापौर के पुत्र संघमित्र के भाषण को लेकर राजनीति हो रही है, जिस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी पीड़ा जताई है। हालांकि संघमित्र के भाषण की राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने सराहना की है। विजयवर्गीय ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है,जिसमें उन्होंने कहा है कि महापौर के सुपुत्र वाद-विवाद प्रतियोगिता के एक सामान्य वक्तव्य पर राजनीतिक मोहरा बनाना न केवल निंदनीय है, बल्कि अमानवीय भी प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता का मूल ही यही है कि कुछ प्रतिभागी पक्ष रखते हैं तो कुछ विपक्ष। संघमित्र ने वहां विपक्ष की भूमिका निभाते हुए अपनी वाक्-कला का परिचय दिया। यह ठीक वैसा ही है जैसे रंगमंच पर कोई अभिनेता कभी नायक तो कभी खलनायक का अभिनय करता है। विजयवर्गीय आगे लिखा कि आशुतोष राणा इंदौर में कल आयोजित होने वाले हमारे राम नाटक में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। क्या इससे वे सचमुच रावण हो गए? नहीं, यह तो केवल कला की अभिव्यक्ति है। दुःख की बात यह है कि संघमित्र को केवल इस वजह से ट्रोल किया जा रहा है क्योंकि वे इंदौर के मेयर पुष्यमित्र के पुत्र हैं। यह आलोचना एक उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर युवा की प्रतिभा और आत्मविश्वास को तोड़ने का प्रयास है। यह व्यवहार न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि हमारे समाज की सोच पर भी गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। कितना खेदजनक है कि राजनीति इतनी नीचे गिर जाए कि बच्चों की मासूम प्रतिभा भी उसकी भेंट चढ़ जाए। मध्यप्रदेश की राजनीति का इस स्तर तक गिरना वास्तव में चिंताजनक है। मैं मुख्यमंत्री का आभारी हूं, जिन्होंने संघमित्र की वाकपटुता को न सिर्फ सराहा बल्कि सुझाव भी दिए। उनका यह कदम न केवल प्रोत्साहन है, बल्कि संदेश देता है कि सच्ची प्रतिभा को राजनीति के तराजू में नहीं तोलना चाहिए।



### भार्गव के बेटे के बयान पर दिग्विजय की प्रतिक्रिया

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के बेटे के भाषण पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मुझे यह नहीं पता था कि वे महापौर के पुत्र हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में जो भाषण दिया वह बेहद प्रभावशाली और तथ्यपूर्ण था। उनकी शैली और प्रस्तुत किए गए तर्कों से मैं पूरी तरह सहमत हूं। कांग्रेस उनके बयान को लेकर राजनीति नहीं कर रही है प्रतियोगिता में दिए गए भाषण को प्रभावशाली बताना राजनीति नहीं होता है।



# कोलार के पार्वती नगर पहुंचे रवि किशन, गणेश उत्सव में हुए शामिल



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोजपुरी सुपर स्टार और सांसद रवि किशन शुक्रवार को भोपाल पहुंचे। रवि किशन के कोलार में मां पार्वती नगर गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित भगवान गणेश की महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान रवि किशन ने भगवान गणेश की अर्चना करते हुए सभी भक्तों के उत्तम स्वास्थ्य, यश, संपन्नता और सफलती की कामना की। इस दौरान रवि किशन को देखने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। भारी तादाद में लोग उनके साथ सेल्फी लेते नजर आए। इस आयोजन में अभिनेता एवं संगीतकार राकेश मिश्रा, भोजपुरी अभिनेत्री एवं टिकटोक स्टार शिल्पी राघवानी भी शामिल हुईं। महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

## सकल जैन समाज का स्नेह मिलन समारोह कल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** आत्म शुद्धि के पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर सकल जैन समाज का स्नेह सम्मेलन रविवार को जवाहर चौक जैन मंदिर परिसर में होने जा रहा है। आयोजक प्रमोद हिमांशु, पंकज जैन सुपारी मित्र मंडल के तत्वाधान में सभी मंदिर समितियां के अध्यक्ष, पदाधिकारी और भोपाल जैन समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी के साथ सकल जैन समाज के धर्मलंबी शामिल होंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यूजी और पीजी का संपूर्ण कोर्स तैयार करने के लिए 15 सितंबर से जुटेगा अध्ययन मंडल

## कोर्स बनाने के लिए स्वशासी विश्वविद्यालयों के साथ निजी विश्वविद्यालयों को भी किया गया शामिल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अभी तक यूजी के प्रथम और पीजी के प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर का सेलेबस तैयार हो सका है। आगामी सत्र से विद्यार्थियों का सिलेबस तैयार अभी तक नहीं हो सका है। इसलिए उच्च शिक्षा विभाग ने अध्यादेश क्रमांक 14 (1) और 14 (2) में यूजी द्वितीय और तृतीय वर्ष और पीजी तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर के लिए कोर्स तैयार करने स्वशासी और निजी विश्वविद्यालय और कालेजों में कार्यशाला आयोजन के लिए तिथियां निर्धारित की है। इसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में गणित विषय पर 15 और 16 सितंबर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में इतिहास विषय पर 15 और 16 सितंबर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में भौतिक विज्ञान विषय पर 15 और 16 सितंबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में दर्शन शास्त्र विषय पर 15 और 16 सितंबर, अटल बिहारी



बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल में हिंदी साहित्य विषय पर 15 और 16 सितंबर, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन में संस्कृत विषय पर 15 और 16 सितंबर, बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में समाज शास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल में रसायन शास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल में राजनीति शास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, एकेएस विश्वविद्यालय सतना में वाणिज्य विषय पर 17 और 18 सितंबर, मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय सीहोर में वनस्पति विज्ञान विषय पर 17 और 18 सितंबर, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर में अर्थशास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर में मनोविज्ञान विषय पर 17 और 18 सितंबर, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर में प्रबंधन विषय पर 22 और 23 सितंबर, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल में प्राणिशास्त्र विषय पर 22 और 23 सितंबर, जागरण लेक विश्वविद्यालय भोपाल में अंग्रेजी साहित्य विषय पर 22 और 23 सितंबर, राजा विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में भूगोल विषय पर 22 और 23 सितंबर, गृह विज्ञान कालेज जबलपुर में गृह विज्ञान विषय पर 22 और 23 सितंबर और राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर में संगीत विषय पर 23 और 24 सितंबर को कार्यशाला आयोजित होगी।

### भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक

भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रदेश के 10 संभागों में कार्यशाला आयोजित करने के लिए तिथियां निर्धारित की हैं। एक दिवसीय संभागवार कार्यशाला, 10 संभागों में व्यापक रूप से विद्यार्थियों एवं प्रोफेसरों को लागू अध्यादेशों से अवगत कराने रखी गई है। नर्मदापुरम संभाग में 27 सितम्बर, उज्जैन संभाग में 29 सितंबर, इंदौर संभाग में 1 अक्टूबर, ग्वालियर संभाग में 4 अक्टूबर, चंबल संभाग में 6 अक्टूबर, रीवा संभाग में 9 अक्टूबर, शहडोल संभाग में 11 अक्टूबर, सागर संभाग में 13 अक्टूबर, जबलपुर संभाग में 15 अक्टूबर और भोपाल संभाग में 17 अक्टूबर को कार्यशाला होगी।

## छह से 15 सितंबर तक स्टोन ज्वेलरी शो

**जागरण, भोपाल।** मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा संचालित मृगनयनी एम्पोरियम, बिट्टन मार्केट में स्टोन ज्वेलरी शो का आयोजन छह से 15 सितंबर तक किया जा रहा है, जिसमें जबलपुर भेडाघाट से आए शिल्पी जयप्रकाश प्रबुद्ध अपनी स्टोन ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन लेकर आए हैं। इसमें नेचुरल स्टोन, क्रिस्टल, सन स्टोन लेयर, शेल वर्क और मेटल से बनी च्वेलरी का विशेष कलेक्शन शामिल है। इसमें हार, टाप्स, ईयर रिंग, लाकेट, स्ट्रिंग, लोंग, नेक पीस, यूनिक ब्रेसलेटस, थ्री लाइन और फाइव लाइन नेक पीस के साथ और भी अनेक प्रकार की ज्वेलरी आई है। वे यहां पर लाइव डेमो भी दिखाएंगे। इनके साथ ही आयोजन में भोपाल के निर्मल कुमार ब्लाक प्रिंट की सामग्री लेकर आए हैं। इसे लोग अपनी पंसद के अनुसार तैयार भी करा सकते हैं।

# पुलिस भर्ती की राह से रोजगार के जीवित पंजीयन की बाधा भी हटी

**10 सितंबर तक जारी होगा 8500 पदों पर भर्ती का विज्ञापन**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में पुलिस आरक्षक और सब-इंस्पेक्टर पदों पर भर्ती का इंतजार कर रहे उम्मीदवारों के लिए राहत की खबर है। गृह विभाग ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में से रोजगार पोर्टल पर जीवित पंजीयन की अनिवार्य शर्त को हटा दिया है। इस फैसले के बाद अब भर्ती प्रक्रिया के रास्ते में आ रही बड़ी बाधा दूर हो गई है। इससे पहले पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए रोजगार पोर्टल पर जीवित पंजीयन होना अनिवार्य था। इसके खिलाफ उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सरकार से इसे हटाने के आदेश दिए थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में राज्य सरकार की अपील पर फैसला देते हुए हाईकोर्ट का आदेश यथावत रखा था। कोर्ट के इस फैसले के बाद मार्च माह में पुलिस की भर्ती और चयन अनुभाग शाखा ने गृह विभाग को आदेश की प्रति के साथ जानकारी भेज दी थी। इसके बाद जीवित पंजीयन अनिवार्य होने की शर्त को लेकर गृह विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग और विधि विभाग से भी अभिमत मांगा था। इस प्रक्रिया के बीच कर्मचारी चयन मंडल ने भी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 की प्रक्रिया को रोक दिया था। इसी बीच पिछले दिनों सीएम डॉ मोहन यादव ने इन पदों पर जल्द नियुक्ति करने की घोषणा करते हुए भर्ती में आ रही बाधा को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश अफसरों को दिए थे। इसके बाद गृह विभाग ने जीवित पंजीयन की शर्त हटाने का फैसला लिया। इस छोटी सी वजह से इस साल होने वाली 7500 पुलिस आरक्षकों और 1000 सब-इंस्पेक्टरों और क्लेरिकल स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई थी।



### विभाग ने ईएसबी को भेजा पत्र, जारी होगा विज्ञापन

जीवित पंजीयन की शर्त हटाने को गृह विभाग की मंजूरी मिलते ही पुलिस मुख्यालय की भर्ती और चयन शाखा ने 7500 आरक्षकों, 500 सब-इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमांडर एवं 500 क्लोरिकल स्टाफ की भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को पत्र भेज दिया है। ईएसबी के निदेशक संकेत मालवीय के अनुसार पीएचक्यू से लेटर मिलने के साथ ही पुलिस भर्ती की प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई है। ईएसबी इन पदों के लिए 10 सितंबर तक भर्ती का विज्ञापन जारी करने की तैयारी में है। ईएसबी पहले आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 के 7500 पदों के लिए विज्ञापन और अधिसूचना जारी करेगा। उसके बाद सब इंस्पेक्टर और क्लेरिकल स्टाफ के 1000 पदों के लिए विज्ञापन जारी होगा।

### भर्ती के लिए हो गई थी 90 फीसदी तैयारी

इस भर्ती प्रक्रिया के लिए पीएचक्यू और ईएसबी ने अपनी 90 फीसदी तैयारी कर ली थी लेकिन जीवित पंजीयन की शर्त के कारण इस पर ब्रेक लग गया था। इस बार क्लेरिकल स्टाफ के 500 पदों के लिए पीएचक्यू टाइपिंग और डिक्टेशन टेस्ट भी लेगा। इसके अलावा सब इंस्पेक्टर रैंक के 500 पदों के लिए मुख्य परीक्षा में इंडियन लॉ, सोशल लेजिस्लेटिव लॉ, क्वांटिटेटिव एनालिटिक्स जैसे विषयों के दो प्रश्नपत्र होंगे। नए नियम के मुताबिक मुख्य परीक्षा के लिए तय कुल पदों से दस गुना अभ्यर्थी चुने जाएंगे। इसमें अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करनी होगी, जिसके 100 अंक होंगे। शारीरिक परीक्षा के बाद खाली पदों से तीन गुना अभ्यर्थी चुने जाएंगे। इसके बाद 50 अंक का इंटरव्यू होगा। इधर आरक्षकों के 7500 पदों के लिए लिखित और शारीरिक दक्षता परीक्षा यथावत रहेगी।

## कर्मचारियों को नहीं मिल रहा शनिवार का अवकाश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इससे कर्मचारियों में विवि प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। कर्मचारी हड़ताल पर जाने का विचार बना रहे हैं। हिंदी विवि के कुलपति खेमसिंह डेहरिया ने कर्मचारियों को शनिवार का अवकाश देने से इंकार कर दिया है। बता दें कि जीएडी ने कोरोना काल में पांच दिन का सप्ताह घोषित किया था। इसमें शनिवार के दिन अवकाश दिया था। इसके बाद जीएडी ने आगामी आदेश तक शनिवार को नियमित अवकाश घोषित किया है। पांच दिन के सप्ताह में सुबह और शाम के समय को कार्यालीन समय में बढ़ोतरी की गई थी। हिंदी विवि ने कार्यालयीन समय में बढ़ोतरी कर दी है, लेकिन कर्मचारियों को शनिवार का अवकाश न देकर छह दिन ही बुलाया जा रहा है। इस संबंध में कर्मचारियों ने कुलगुरु प्रो. देव आनंद हिंडोलिया को पत्र लिखा। आरोप है परिवीक्षा अवधि में असिस्टेंट प्रोफेसर और स्थापना शाखा प्रभारी डॉ. विजय मिश्रा वेतन काट रहे हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर वर्तमान में परिवीक्षा अवधि में चल रहे हैं। परिवीक्षा अवधि में रहते हुए उन्हें प्रशासनिक कार्य की जिम्मेदारी दी गई है।

### शासन से मांगा मार्गदर्शन

जीएडी का नियम होने के बाद भी विवि प्रबंधन ने शासन से उक्त कर्मचारियों को शनिवार के दिन उपस्थित होने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है।

## सीएम आज वितरित करेंगे राहत राशि

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 6 सितम्बर को प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री पूर्वान्ह 11 बजे अपने निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसान हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। संबंधित जिले के कलेक्टर और संबंधित विभाग के अधिकारी भी वर्चुअली शामिल होंगे।

गाँधी शिल्प बाजार
सम्पूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री
प्रारम्भ दिनांक 01/09/2025 से 07/09/2025 तक
समय : 02.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक
स्थान : अर्बन हाट गौहर महल जिला, भोपाल
जुट, जरी, मधुबनी पेंटिंग, आर्ट मेटल वेयर, कैन एवं बैम्बू, हैंड प्रिंटे टेक्सटाइल, स्क्रेव्स, रूग्स एवं दरी, ज्वेलरी, वुड वेयर, हैंडलूम बेडशीट्स, ड्रेस मटेरियलकश्मीरी सूट्स, लेदर गुड्स, गुजारती बीड्स ज्वेलरी, मार्बल डेकोरेटिव आइटम्स, टेराकोटा, पर्सेस, ड्राई फ्लावर एवं अन्य हस्तशिल्प उत्पाद।

प्रायोजक
Indian handicrafts हस्तशिल्प
Development Commissioner (Handicrafts)
Ministry of Textiles, Govt. of India
आयोजक
NEEDS
HUMAN & SOCIAL WELFARE
आयोजक : नेटिव एजुकेशन एंड एम्प्लॉयमेंट डेवलपिंग सोसायटी, भोपाल (म.प्र.)
प्रायोजक : विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

## निर्माण कार्यों की जांच न करने जपं सीईओ ने मांगी 20 लाख की घूस

### पंचायत सचिवों की शिकायत पर लोकायुक्त ने की एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने शुक्रवार को बड़वानी जिले के पाटी में पदस्थ रहे तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के खिलाफ रिश्वत मांगने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। एसपी लोकायुक्त पुलिस इंदौर राजेश सहाय के मुताबिक बड़वानी जिले के पाटी जनपद पंचायत में पदस्थ रहे तत्कालीन सीईओ नीलेश नाग द्वारा बीस लाख की घूस मांगने की शिकायत की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बड़वानी जिले की जनपद पंचायत पाटी के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कन्द्रा के सचिव मोती खरते और ग्राम पंचायत लिम्बी के सचिव कैलाश सोलंकी ने लोकायुक्त एसपी को शिकायत में बताया था कि नीलेश नाग ने उनसे पंचायत में निर्माण कार्यों की जांच न करने के एवज में 10-10 लाख की घूस मांगी थी।



### ट्रांसफर के बाद भी कर रहा था डिमांड

लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत के बाद दोनों पंचायत सचिवों को नीलेश नाग से बात करने को कहा। नाग ने एक बार फिर उन्हें निर्माण कार्यों में अनियमितताओं में फंसाने की धमकी देते हुए 10-10 लाख रूपए देने को कहा। आवेदकों द्वारा निलेश नाग से की गई मोबाइल पर बातचीत को लोकायुक्त पुलिस ने रिकॉर्ड कर लिया। बाद में जांच कराने पर रिश्वत की मांग सही प्रमाणित हुई। गौरतलब है कि नीलेश नाम का जनपद पंचायत पाटी से तबादला हो चुका है लेकिन फिर भी वह निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच के नाम पर घूस मांग रहा था। इस एफआईआर की जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यालय को भी भेज दी गई है ताकि नीलेश के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सके। गौरतलब है कि इस मामले ने बड़वानी में उस समयतूल पकड़ लिया था।







संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## हर हाल में सदन की मर्यादा बरकरार रखना अनिवार्य

*पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को टीएमसी और बीजेपी विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। विपक्षी विधायकों के हंगामे के बाद स्पीकर ने बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को सस्पेंड कर दिया।*

*पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जो कुछ हुआ वह सदन की गरिमा और मर्यादा को तार-तार करने वाला है। टीएमसी और बीजेपी के बीच की तल्खी विशेष सत्र के आखिरी दिन सतह पर आ गई। दोनों दलों में तगड़ी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और मतभेद हैं। सदन का इस्तेमाल इस पर सार्थक वाद-विवाद व चर्चा के लिए किया जा सकता था।*

*सीएम ममता बनर्जी और उनकी पार्टी का आरोप है कि बीजेपी शासित राज्यों में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सदन में इसी पर चर्चा होनी थी, लेकिन जब विपक्षी विधायकों ने वेल में पहुंच कर हंगामा किया तो स्पीकर ने बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को सस्पेंड कर दिया। उनको बाहर निकालने के लिए मार्शल बुलाने पड़े। इस दौरान वह बेहोश हो गए।*

*प्रवासी बांग्ला भाषियों का मुद्दा ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए बेहद संवेदनशील है। वह इसे बांग्ला अस्मिता व पहचान से जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। कुछ अरसा पहले उन्होंने यहां तक कह दिया था कि दूसरे राज्यों में गए बंगाल के लोग लौट आएं, सरकार उनका ख्याल रखेगी। तीन दिन पहले जब कोलकाता में लगे तृणमूल कांग्रेस के अस्थायी मंच को सेना ने हटा दिया था, तब भी काफी बवेला मचा था। तब सेना की तरफ से बताया गया था कि पार्टी ने परमिशन खत्म होने के बाद भी मंच नहीं हटाया था, इसलिए उसे कार्रवाई करनी पड़ी।*

*पश्चिम बंगाल एक लंबे अरसे से केंद्र और राज्य के बीच टकराव का मैदान बना हुआ है। पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी और जगदीप धनखड़ व मौजूदा गवर्नर सीवी आनंद बोस के साथ राज्य के रिश्ते कभी सामान्य नहीं रहे। केशरीनाथ ने जाते-जाते ममता पर तुष्टिकरण का आरोप लगा दिया था, तो धनखड़ ने कहा था कि बंगाल में लोकतांत्रिक हालात सही नहीं हैं। वहीं, ममता का आरोप है कि राजभवन के जरिये केंद्र उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहा है।*

*विपक्ष शासित किसी और सूबे की तुलना में बंगाल में केंद्र-राज्य संघर्ष ज्यादा आक्रामक है। इसकी वजह है वहां की सियासत। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी पहली बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी। तब से वह अपना स्पेस लगातार बढ़ाने की कोशिश में है, जबकि टीएमसी के सामने चुनौती है अपनी जगह बचाए रखने की। राज्य में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। चुनावी तारीख नजदीक आने के साथ टकराव और गहरा होगा। लेकिन, इसमें दोनों पक्षों को राजनीतिक मर्यादा और सीमाओं का ध्यान जरूर रखना चाहिए।*

*खैर, पश्चिम बंगाल की राजनीति में परस्पर कितनी कटुता है, इसका अंदाजा ममता बनर्जी के भाषण से सहज ही लग जाता है। देश के कई राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई चल रही है, पर पश्चिम बंगाल में यह मामला अलग ही राजनीतिक रूप ले चुका है। किसी जमाने में ममता बनर्जी को भी घुसपैठियों को लेकर बड़ी चिंता हुआ करती थी, पर अब उन्हें केवल बांग्लाभाषियों की चिंता है। उन्होंने इसे राजनीतिक औजार बना लिया है और इस कथित अत्याचार को वह बड़ा मुद्दा बनाना चाहती हैं। नेताओं को क्षेत्रीयता की ऐसी संकीर्ण राजनीति से बचना चाहिए। अगर किसी एक राज्य में ऐसी राजनीति होगी, तो इसका असर तमाम राज्यों पर पड़ेगा। मिसाल के लिए, गुरुवार को हुए बिहार बंद के जवाब में गुजराती बनाम बिहारी की राजनीति कतई प्रशंसनीय नहीं है। बंगाली प्रवासियों के प्रति देश में कतई खराब माहौल नहीं है। देश में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां इस भाषा के आधार पर किसी को निशाना बनाया जा रहा हो। कहीं भी अगर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती है, तो उसमें लगभग सभी राज्यों के गरीब प्रभावित होते हैं, लेकिन केवल बंगाली प्रवासियों के प्रति चिंता जताने की राजनीति निंदनीय है। कितना अच्छा होता, अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश के तमाम प्रवासियों के अधिकारों और सुरक्षा को एक बड़ा मुद्दा बनातीं।*

## देशहित में कॉरपोरेट पर भरोसा करने की जरूरत

राष्ट्रहित और कारोबार

आर जगन्नाथन



> नेताओं द्वारा कॉरपोरेट जगत को बेवजह निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए । उन पर भरोसा ही उन्हें आगे बढ़ने में मदद करेगा। भारतीय व्यापारिक घरानों और उनकी तथाकथित व्यापारी मानसिकता पर किए जा रहे हमले एकदम अनुचित हैं। राजनेता और अफसरशाह दोनों ही उद्योग जगत पर भरोसा नहीं करते। बड़े कारोबारी घरानों की आलोचना विदेशी ताकतों को प्रेरित करेगी कि वे भी भारत के हितों को सीमित करने के लिए ऐसा ही करें।

भारतीय कारोबारी जगत ने कई नाकामियों का सामना किया है, इसके बावजूद एक बात जो नहीं होनी चाहिए वह है राजनीतिक दलों या बुद्धिजीवियों द्वारा उन पर कीचड़ उछालना या उन्हें गलत ठहराना। जब बड़े राजनेता उन पर बेवजह हमला करते हैं तो इससे देश का कोई भला नहीं होता। भले ही उद्योग जगत ने छोटी-मोटी गलतियां की हों लेकिन ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। अदाणी और अंबानी के बारे में अंतहीन प्रलाप करना और फिर उन्हीं कारोबारी घरानों से यह उम्मीद करना कि वे निवेश करेंगे और भारत को वैश्विक छवि प्रदान करेंगे, यह मूर्खतापूर्ण है। एकाधिकार को रोकना एक बात है और यह मानना एकदम दूसरी बात है कि भारत को दिग्गज कारोबारी समूहों की आवश्यकता नहीं है।

बड़े कारोबारी घरानों की आलोचना विदेशी ताकतों को प्रेरित करेगी कि वे भी भारत के हितों को सीमित करने के लिए ऐसा ही करें। यह महज संयोग नहीं है कि अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग और हिंडनबर्ग रिसर्च ने गौतम अदाणी को निशाना बनाया जबकि उनके कदमों से किसी अमेरिकी नागरिक के अधिकार प्रभावित नहीं हुए थे। हाल ही में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा दिया गया बयान भी इसी श्रेणी में आता है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि भारत (यानी रिलायंस) सस्ते रूसी तेल को रिफाइन कर पश्चिमी देशों को निर्यात करता है और इससे मुनाफा कमा रहा है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने इससे भी आगे बढ़ते हुए भारत को रूस का लॉन्ड्रोमैट यानी धुलाई केंद्र कह दिया। उन्होंने कई और गंभीर आरोप लगाए।

अगर यूक्रेन युद्ध से किसी को लाभ हुआ है तो वह अमेरिका के सैन्य-औद्योगिक गठजोड़ को क्योंकि यूरोप और यूक्रेन दोनों ने उससे अधिक रक्षा साजोसामान खरीदे। अगर कोई अर्थव्यवस्था वाकई धुलाई केंद्र है तो वह अमेरिका है। दुनिया का कोई भी ऐसा मादक पदार्थ गठजोड़ या अवैध कारोबार नहीं है जो अमेरिकी डॉलर की मदद से काला धन सफेद नहीं करता हो। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ सेंट लुई के 2022 के एक शोध पत्र के मुताबिक 1.1 लाख करोड़ डॉलर की अमेरिकी नकदी में 100 डॉलर के नोटों का दो तिहाई विदेश में केंद्रीय बैंकों से परे रखा हुआ है। क्रिप्टो के आगमन के बाद इसमें बदलाव आ रहा है लेकिन डोनल्ड ट्रंप अब क्रिप्टो कारोबार में भी नजर आ रहे हैं। अंबानी की आलोचना करने वाले एक महत्त्वपूर्ण सच्चाई को नजरअंदाज कर देते हैं। वह यह कि निजी कंपनियां सस्ते रूसी तेल के उपलब्ध होने से पहले ही कच्चा तेल आयात कर परिष्कृत उत्पादों का निर्यात करती रही हैं। भारत की सरकारी तेल कंपनियां मूल्य निर्धारण के नियमों से बंधी होती हैं, जबकि निजी क्षेत्र को इससे छूट प्राप्त है। इसका परिणाम यह है कि निजी रिफाइनिंग क्षमता का एक बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए उपयोग होता है। यदि तेल की कीमतें वास्तव में मुक्त हों, तो अधिक परिष्कृत उत्पाद भारत में ही बेचे जा सकते हैं।

इससे भी अधिक नुकसानदेह है कई बुद्धिजीवियों मसलन प्रताप भानु मेहता जैसे लोगों द्वारा की जाने वाली आलोचना। उन्होंने अपने स्तंभ में लिखा कि भारतीय पूंजीवाद का उदय मुख्य रूप से कारोबारियों से हुआ जो मूल्य में अंतर से तो खूब लाभ कमाते हैं लेकिन वे निर्माण और सृजन में सक्षम नहीं रहे। शोध में कम निवेश करने और केवल मुनाफे पर काम करने के लिए भारतीय कंपनियों की आलोचना करना उचित है लेकिन यह मोटे तौर पर लाइसेंस परमिट राज का परिणाम है। अब वही नियामकों के राज में हो रहा है। राजनेता और अफसरशाह दोनों ही उद्योग जगत पर भरोसा नहीं करते। अगर यह बदलता है तो कारोबार अधिक भारतीय बौद्धिक संपदा अधिकारों, प्लेटफॉर्म, उत्पादों का निर्माण करेंगे और आर्थिक ताकतों को मजबूत करेंगे।

व्यापारिक मानसिकता के लिए केवल भारतीय कारोबारों को दोष देना सही नहीं। अमेरिका और यूरोप का पूरा खुदरा क्षेत्र इसी मॉडल पर काम कर रहा है। यानी सस्ते चीनी उत्पाद खरीदकर उनको देश में बेचना। कारोबार के लिए व्यापार और निर्माण दोनों आवश्यक हैं। जब आप प्रतिस्पर्धी नहीं रहते तो आप व्यापार से पैसे कमाते हैं। वह आपको अपना ग्राहक वर्ग बनाने का अवसर देता है ताकि आप अपना उत्पाद तैयार कर सकें। बात केवल अंबानी, अदाणी, बिरला या टाटा की नहीं है। ध्यान दीजिए कि मोबाइल फोन और अन्य वस्तुओं में क्या हो रहा है। एक दशक पहले भारतीय ब्रांड मसलन माइक्रोमैक्स और कार्बन आदि बाजार में काफी हिस्सेदारी रखते थे और ये चीन से आयातित कलपुर्जों से बनते थे। परंतु वे चीन की कीमतों का मुकाबला नहीं कर पाए। अब वीवो और श्याओमी जैसी चीनी कंपनियां उस बाजार पर काबिज हैं।

देश की आईटी कंपनियां भी कारोबार में हैं। वे सस्ते भारतीय कोडरों की मदद से अमेरिका और यूरोप के उच्च मार्जिन वाले बाजारों में काम करती हैं। वे भी व्यापारियों से अलग नहीं हैं। जब व्यापार करना लाभकारी होता है, तो अधिकांश व्यवसाय उसे अपनाते हैं। लेकिन जब व्यापार में लाभ नहीं दिखता, तो वे निर्माण की ओर रुख कर सकते हैं। जब सरकार और व्यवसाय का समीकरण भरोसे में बदल जाएगा, तो भारत की कंपनियां पीछे नहीं रहेंगी।

अब ऐसा ही हो रहा है। रक्षा से लेकर निजी क्षेत्र अब सैन्य साजोसामान बना भी रहा है और निर्यात भी कर रहा है। जोमैटो के संस्थापक अपने दो करोड़ डॉलर निवेश करके गैस टर्बाइन इंजन बना रहे हैं जो छोटी जगह से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम विमान और मानवरहित विमान बनाने में इस्तेमाल होंगे। टाटा और महिंद्रा ने भारत के साथ वैश्विक बाजारों के लिए कार प्लेटफॉर्म बनाने शुरू कर दिए हैं। इसी अखबार के मुताबिक कुछ दोपहिया वाहन कंपनियों ने शोध एंव विकास पर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आरंभ कर दिया है। मुकेश अंबानी की रिलायंस ने भी सोलर और हाइड्रोजन तकनीक में भारी निवेश की योजना घोषित की है जबकि अदाणी अन्य क्षेत्रों में ऐसा ही करेंगे। लार्सन ऐंड टूब्रो, गोदरेज, टाटा, बिरला और कई छोटे स्टार्टअप्स भी एरोस्पेस, रक्षा उपकरणों और ड्रोन में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर चिप और फैब्स तो हैं ही।

नियमन के अलावा, उन कंपनियों के लिए जो गहन तकनीक, उत्पादों और प्लेटफार्म में निवेश करने की क्षमता रखती हैं, शेयर बाजार ध्यान भटकाने वाला तत्व बन गया है। इन्फोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक जैसी कंपनियों के पास भारी नकदी है जिसे आसानी से भारत के मालिकाने वाले बौद्धिक संपदा अधिकार के विकास में लगाया जा सकता है। लेकिन इसके बजाय वे इसका उपयोग अपने अंशधारकों को प्रसन्न करने में लगाती हैं। या तो इन कंपनियों को लाभांश भुगतान कम करना चाहिए और उस बचत को बौद्धिक संपदा अधिकार के निर्माण में लगाना चाहिए, या फिर उनके संस्थापकों को अपनी संपत्ति का उपयोग करके बड़े प्लेटफार्म और उत्पाद बनाने चाहिए।

अगर जोमैटो के दीपेंद्र गोयल अपनी निजी संपत्ति से शोध एवं विकास में निवेश कर सकते हैं, तो बाकी अरबपति क्यों नहीं कर सकते? कुछ सूचीबद्ध कंपनियां सूचीबद्धता समाप्त करने पर विचार कर सकती हैं ताकि वे दीर्घकालिक बौद्धिक संपदा परियोजनाओं को आगे बढ़ा सकें।

भारत की कंपनियों में विश्वास बनाए रखना बेहद ज़रूरी है। अविश्वास और व्यापारिक मानसिकता के आरोपों से कोई मदद नहीं मिलेगी। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और एमेजॉन जैसी वैश्विक ताकतों का मुकाबला अगर कोई कर सकता है, तो वे हैं अडाणी, अंबानी, बिड़ला और टाटा जैसे भारतीय उद्योगपति। हमारे बड़े व्यवसायों को उनकी खामियों के बावजूद संरक्षण देना चाहिए। अगर वे कोई गलती करते हैं, तो हमें उसे यहीं सुलझाना चाहिए। विदेशियों को उन्हें कमजोर करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## कमजोर तबके उठाते हैं फैसलों में देरी का खामियाजा

न्याय प्रणाली

विराग गुप्ता



> यह धारणा मजबूत हो रही है कि ताकतवर लोगों के मामलों में जल्द सुनवाई के साथ त्वरित फैसले हो जाते हैं। मुकदमों में विलंब का खामियाजा अधिकांशतः कमजोर और गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है। फैसले में विलंब से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के साथ न्यायिक अनुशासन को भी ठेस पहुंचती है।

अग्रिम जमानत के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई खत्म होने के तीन सप्ताह बाद तक आदेश जारी नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट में याचिका के बाद हाईकोर्ट की वेबसाइट में आदेश अपलोड हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के जज साहब के स्टेनो की डायरी जब्त करने और एनआइसी के लॉग रिकॉर्ड की जांच का आदेश दिया है। सुनवाई खत्म होने के बाद आदेश जारी करने में देरी का मर्ज देशव्यापी होने के साथ बहुत पुराना है। एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज सूर्यकांत की पीठ ने झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से स्टेटस रिपोर्ट मंगायी। उसके अनुसार जनवरी, 2022 से दिसंबर, 2024 के दौरान 56 मामलों में सुनवाई खत्म होने के बावजूद आदेश जारी नहीं हुए थे। सुप्रीम हस्तक्षेप के बाद 10 याचिकाओं का निपटारा हो गया। उनमें से अधिकांश मामले गरीब लोगों से जुड़े थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट का हाल तो और भी बेहाल है। वहां एक मामले में दिसंबर, 2021 में सुनवाई पूरी होने के बाद जनवरी, 2025 तक आदेश पारित नहीं हुआ। उस मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज प्रशांत कुमार मिश्रा ने 25 अगस्त के फैसले में कहा कि ऐसे विलंब से न्यायपालिका के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे विलंब से निपटने के लिए हाईकोर्टों में शिकायत निवारण का प्रभावी तंत्र नहीं है। इससे पहले अक्तूबर, 2020 के फैसले में जस्टिस संजय किशन कौल ने महाराष्ट्र में औरंगाबाद हाईकोर्ट के फैसलों के विलंब पर रोष व्यक्त किया था।

यह धारणा मजबूत हो रही है कि ताकतवर लोगों के मामलों में जल्द सुनवाई के साथ त्वरित फैसले हो जाते हैं। मुकदमों में विलंब का खामियाजा अधिकांशतः कमजोर और गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है। फैसले में विलंब से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के साथ न्यायिक अनुशासन को भी ठेस पहुंचती है। सिविल प्रोसिजर कोड (सीपीसी) के अनुसार सुनवाई खत्म होने के 30 दिन में आदेश जारी होना चाहिए। विशेष मामलों में यह अवधि 60 दिन हो सकती है। पुराने क्रिमिनल प्रोजिसर कोड (सीआरपीसी) में ट्रायल खत्म होने के बाद जल्द फैसले के नियम के बावजूद स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं थी। नये बीएनएसएस कानून के अनुसार सुनवाई खत्म होने के 45 दिन के भीतर आदेश जारी होना चाहिए।

अगर तीन महीने के भीतर फैसला न हो, तो खुली अदालत में फैसला जारी करने के लिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आदेश दे सकते हैं। वह मामले को दूसरे जज के पास सुनवाई के लिए भी भेज सकते हैं। पर फैसला लिखने में देरी करने वाले जजों को दंडित करने की बजाय उनके द्वारा मामले की दोबारा सुनवाई होने से पक्षकारों की पीड़ा और बढ़ जाती है।

सुनवाई खत्म होने के बाद लिखित फैसला जारी करने में देरी और मुकदमे की सुनवाई में देरी, दोनों अलग-अलग बातें हैं। सुनवाई में देरी से जिला अदालतों में 4.6 करोड़ और हाईकोर्ट में 63.30 लाख मुकदमे लंबित हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट में 2,185 मुकदमे 50 वर्ष से ज्यादा समय से लंबित हैं। दिल्ली की जिला अदालतों में लंबित 15.62 लाख मुकदमों में से 2.21 लाख मुकदमों में स्टे मिला है। आपराधिक मुकदमों में जमानत और सिविल मुकदमों में स्थगन के बाद मुख्य मामलों की सुनवाई और फैसला टलता रहता है। सुप्रीम कोर्ट की 'प्रिजन इन इंडिया-2024' की रिपोर्ट के अनुसार जेलों में बंद 70 फीसदी कैदी गरीब परिवार से हैं। झारखंड के 56 मामलों में सुनवाई के बावजूद फैसलों में देरी से साफ है कि गरीबों के पास पैरवी के लिए अच्छे वकील न होने से उन्हें जल्द न्याय नहीं मिलता।

गरीबों की निःशुल्क कानूनी मदद के लिए सरकार की विधिक सेवा योजना भी मकसद पूरा करने में विफल है। सोशल मीडिया में व्यंग्य चल रहा है कि आवारा कुत्तों को तुरंत राहत मिल गयी, पर आम जनता को जीवनकाल में न्याय नहीं मिलता। सरकारी डीटीसी बस में 15 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा कराने के आरोप में बर्खास्त कंडक्टर को सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से राहत मिली। पर कई दशक की मुकदमेबाजी के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की सुनवाई में देरी के दौरान कंडक्टर की मृत्यु हो गयी। ऐसी देरी से न सिर्फ पक्षकारों का भरोसा कमजोर होता है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति में बाधा भी होती है।

संविधान के अनुच्छेद-141 के अनुसार भी इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले हाईकोर्ट के जजों पर बाध्यकारी हैं। उसके बावजूद सुनवाई के बाद फैसलों में देरी के बढ़ते देशव्यापी मर्ज से कई सवाल खड़े होते हैं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मामले में स्टेनो की डायरी जब्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जाहिर है कि ऐसे विलंब के पीछे न्याय को प्रभावित करने वाले दूसरे कारण भी हो सकते हैं।

हाईकोर्ट संवैधानिक अदालत हैं और उनका स्वतंत्र क्षेत्राधिकार भी है, लेकिन संवैधानिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए जजों को संक्षिप्त और सारगर्भित फैसले लिखने चाहिए। इसके लिए जटिल मामलों की सुनवाई के बाद फैसलों को तुरंत लिखवाने और वेबसाइट में अपलोड करने से पारदर्शिता के साथ न्यायिक सिस्टम में ईमानदारी भी बढ़ सकती है। अगर आम आदमी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करे, तो उसके खिलाफ अवमानना का मामला चल सकता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन न होने पर पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव के खिलाफ भी अवमानना मामलों में सख्त आदेश पारित होते हैं। जजों को संवैधानिक सुरक्षा हासिल है और उनके खिलाफ अवमानना का मामला नहीं चल सकता। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करने वाले जजों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इससे मुकदमों का जल्द निपटारा होने के साथ न्यायिक व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा और सम्मान बढ़ेगा।

प्रसंगवश

## जीएसटी सुधारों से मिलेगी अर्थव्यवस्था को रफ्तार

> जीएसटी में बदलाव करके उसे मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों वाला तुलनात्मक रूप से सरल ढांचा बना दिया गया। हालांकि जीएसटी अभी भी पूरी तरह एकल दर वाले कर ढांचे के विचार के करीब नहीं है लेकिन ताजा बदलाव कई विसंगतियों और व्यवस्था की ढांचागत कमियों को दूर करने वाले साबित होंगे।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बुधवार को आयोजित 56वीं बैठक में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अहम सुधारों की घोषणा की गई। माना जा रहा है कि इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा, वर्गीकरण संबंधी विवाद कम होंगे और अनुपालन में सुधार होगा। जीएसटी में बदलाव करके उसे मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों वाला तुलनात्मक रूप से सरल ढांचा बना दिया गया है।

चुनिंदा नुकसानदेह वस्तुओं और सेवाओं के लिए 40 फीसदी की दर रखी गई है। यह भी कहा जा सकता है कि जीएसटी अभी भी पूरी तरह एकल दर वाले कर ढांचे के विचार के करीब नहीं है लेकिन ताजा बदलाव कई विसंगतियों और व्यवस्था की ढांचागत कमियों को दूर करने वाले साबित होंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि इस माह के अंत से पहले वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय पंचाट का परिचालन शुरू किया जाएगा ताकि अपील स्वीकार की जा सकें। जीएसटी के ढांचे में इस व्यवस्था की कमी महसूस की जा रही थी। नया कर ढांचा 22 सितंबर से प्रभावी होगा।

अब 12 और 28 फीसदी की दरों को समाप्त कर दिया गया है और इनमें आने वाली वस्तुओं को 5 और 18 फीसदी की दर में समाहित कर दिया गया है। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होंगी। छोटी कारों और मोटरसाइकिल पर भी 28 फीसदी के स्थान पर 18 फीसदी कर लगेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि बीमा उत्पादों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इससे वे किफायती बनी रहेंगी और उनकी पहुंच बढ़ेगी। इनवर्टेड कर ढांचे से संबंधित कुछ मुद्दों पर भी सुधार किया गया है। उदाहरण के लिए मानव निर्मित कपड़े और उर्वरक क्षेत्र में। कृषि उपकरणों मसलन ट्रैक्टर तथा अन्य मशीनरी पर भी जीएसटी कम किया गया है। क्षतिपूर्ति उपकर जिसका संग्रह राज्यों को महामारी के दौरान हुई राजस्व हानि की भरपाई की खातिर लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए किया जाता है, उसका भी अंत हो जाएगा। केवल चुनिंदा नुकसानदेह वस्तुओं पर ही वह लागू रहेगा। सामान्य स्तर पर, जीएसटी दरों में कटौती से मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। एक अनुमान के अनुसार, यह आने वाली कुछ तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में लगभग एक फीसदी का योगदान कर सकता है और अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्कों के प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकता है। हालांकि, वास्तविक परिणामों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना आवश्यक होगा। केवल त्योहारों के कारण और दरों में कटौती की उम्मीद से रुकी हुई मांग से आगे बढ़कर। फिर भी, समग्र रूप से कम जीएसटी दरों का मुद्रास्फीति पर नरमी लाने वाला प्रभाव अवश्य पड़ेगा। सबसे कठिन होगा इसके राजकोषीय प्रभाव का आकलन। यानी सरकार के राजस्व और व्यय पर इसका असर जानना।

सरकार ने कहा है कि दरों को तर्कसंगत बनाने से राजस्व पर करीब 48,000 करोड़ रुपये का असर होगा। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि मांग किस तरह प्रतिक्रिया देती है। नीतिगत नजरिये से देखें तो औसत जीएसटी दर 11.6 फीसदी से कम हो जाएगी जो पहले ही एकदम आरंभ के 14.4 फीसदी से कम है। परिषद शायद 5 फीसदी की निचली दर को कुछ हद तक बढ़ाने की संभावना पर विचार कर सकती थी ताकि राजस्व संग्रह को बढ़ाया जा सके। इससे उपभोक्ता को समग्र स्तर पर लाभ मिलता ही, साथ ही केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कुछ हद तक राजस्व की सुरक्षा भी कर पातीं। इसके अलावा, यह भविष्य में एक समान दर की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता। यह संरचना को और अधिक सरल बनाने का अवसर भी देता, जिससे जूते-चप्पल, परिधान और वाहन जैसे उत्पादों पर एक ही दर से कर लगाया जा सकता। फिर भी, किए गए बदलाव समग्र रूप से सकारात्मक हैं और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को कहीं अधिक सरल बनाएंगे।

॥गीता॥



**श्लोक**


न ही कश्चित् विजानाति
किं कस्य श्वो भविष्यति।
अतः श्वः करणीयानि
कुर्यादद्यैव बुद्धिमान॥

**भावार्थ**

किसी को नहीं पता कि कल क्या होगा इसलिए जो भी कार्य करना है आज ही कर ले यही बुद्धिमान इंसान की निशानी है।

जीवन दर्शन

## आत्म-करुणा के साथ निपटा जा सकता है भावनात्मक पीड़ा से



अपने-आप को बुरा और योग्य समझने वाले लोग अक्सर अन्दर ही अन्दर भावनात्मक पीड़ा से जूझ रहे होते हैं, लेकिन उनका अवचेतन मन उन पीड़ाओं को उनकी चेतना तक नहीं पहुँचने देता, जिससे उन्हें इस बात का आभास ही नहीं होता कि वो भावनात्मक रूप से जख्मी हैं और उन्हें उपचार की आवश्यकता है। आज के दौर में अध्यात्म और हीलिंग के माध्यम से लोग मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। भावनात्मक पीड़ा, जो किसी को दिखती नहीं है, टूटे रिश्तों, निराशा या अप्रत्याशित घटनाओं से उत्पन्न हो सकती है। अपनी भावनाओं को स्वीकार करना, ध्यान और साँस पर ध्यान केंद्रित करना ये सब भावनात्मक उपचार के महत्वपूर्ण उपाय हैं। आज का दौर अध्यात्म और हीलिंग का है। इन दोनों क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ चेतना पर भी काम किया जाता है और साथ ही लोगों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ किया जाता है। लेकिन इससे पहले भावनात्मक पीड़ा या हीलिंग के बारे में लोग ना तो सोचते थे और ना ही जानते थे। वो बस अनजाने भाव से उससे जूझते रहते थे। भावनात्मक पीड़ा यानि एक ऐसा दर्द जिसे कोई देख नहीं सकता लेकिन महसूस हर पल किया जाता है। ये पीड़ा टूटे रिश्तों, निराशा, असफलताओं, या किसी अप्रत्याशित घटना से जन्म ले सकती है। लेकिन आज के दौर की अच्छी बात ये है कि इससे निपटा जा सकता है, धीरे-धीरे, समझदारी से और आत्म-करुणा के साथ। अपने दुःख या गुस्से को दबाने की कोशिश न करें। उसे महसूस करें, लिखें, या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें। भावनाओं का स्वीकार करना ही पहला उपचार है। माईंडफुलनेस और प्राणायाम आपको वर्तमान में लाते हैं और मन की बेचैनी को कम करते हैं। हर दिन 10-15 मिनट का ध्यान आपकी मानसिक शक्ति को बढ़ा सकता है। हर दिन रात को 5 मिनट लिखिए कि आज आपको कैसा महसूस हुआ। क्या अच्छा लगा और क्या नहीं? इससे आपका मन हल्का होगा और आत्मनिरीक्षण की आदत बनेगी। किसी दोस्त, परिवार या थेरेपिस्ट से बात करें। अकेले सब कुछ झेलना जरूरी नहीं है। समर्थन लेना कमजोरी नहीं, समझदारी है। पेंटिंग, संगीत, लेखन, बागवानी जैसी रचनात्मक चीज़ें मन को संतुलन देती हैं और नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ती हैं। जब मन टूटता है, जीवन का उद्देश्य धुंधला लगने लगता है। कुछ ऐसा करें जो आपको अर्थ दे, चाहे वो दूसरों की मदद करना हो, नया कौशल सीखना हो या खुद की देखभाल करना। दर्द से भागने की कोशिश आपको और गहरे में धकेल सकती है। शराब, सोशल मीडिया पर अति निर्भरता या खुद को अलग-थलग करना समाधान नहीं है। याद रखें भावनात्मक पीड़ा स्थायी नहीं होती। जैसे शरीर घाव भरता है, वैसे ही मन भी भरता है, यदि आप उसे समझदारी, समय और करुणा दें।

**स्वामी सुबोधानंद**

# कपड़े और बर्तन के बाद अब सराफा कारोबार बढ़ा रहा संतनगर की चमक

## बड़े-बड़े शो रूम ने बनाई पहचान, आभूषण खरीदने अब नहीं जाते मुंबई

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजधानी के उपनगर संत हिरदाराम नगर की गिनती अब तक केवल कपड़े एवं बर्तनों के थोक कारोबार के लिए की जाती थी, क्योंकि इंदौर के बाद प्रदे का सबसे बड़ा कपड़े एवं बर्तन का बाजार यहां स्थित है, जहां केवल कपड़े का ही लगभग 20 हजार करोड़ का कारोबार किया जाता है जबकि प्रति वा 5 हजार करोड़ से अधिक बर्तनों का भी व्यापार होता है परन्तु अब इस क्षेत्र की गिनती तेजी से सर्राफा कारोबार के रूप में भी हो रही है। क्योंकि यहां नित नए सर्राफा दुकानों के अतिरिक्त आलीशान शो-रूम भी खुल रहे हैं और एक अनुमान के अनुसार अब इस इलाके में प्रति वर्ष लगभग 1500 करोड़ क आभूषणों का कारोबार होने लगा है जिसमें इस साल और भी इजाफा होने की उम्मीद है। आभूषण खरीदने के लिए अब लोग दुबई, मुम्बई एवं इंदौर नहीं जाते, बल्कि उन्हें हर वैरायटी के गहने यहीं पर मिलने लगे हैं।

**अब नहीं जाते इंदौर ओर मुम्बई :** एक समय था जब किसी भी परिवार में शादी होने पर आभूाणों की खरीदी के लिए इंदौर या फिर मुम्बई जाते थे और वहीं से दुल्हन के लिए अथवा बेटी को दहेज में सोने के आभूषण देने खरीदी की जाती थी बाद में भोपाल में कुछ दुकाने खुली तो वहां से खरीदी होने लगी पर अब पूरी तरह से यहां के बाींदे संत हिरदाराम नगर के ही सर्राफा बाजार से सोने के आभूषणों की खरीदी करते हैं। मीराज शोरूम के संचालन जवाहर मूलचंदानी बाबू भाई बताते हैं कि देश व दुनिया में किसी भी तरह के सोने के आभूाणों की डिजाइन दिखाने पर हू-बहू उसी तरह की डिजाइन बनाकर दिए जाने की भी सहुलियत यहां पर है।



### 91.6 हालमार्क 22 कैरेट सोना

हालांकि इस क्वाल्टी का सोना अनेक शहरों में मिलता है लेकिन सर्राफा कारोबारी बताते हैं 20 साल पूर्व इस तरह के 91.6 हालमार्ग 22 कैरेट सोने का कारोबार राजधानी भोपाल में नहीं बल्कि संत हिरदाराम नगर से शुरू हुआ था जो आज पूरे शबाब पर है। यहां ब्रांडेड कम्पनी का सोना मिलता है, जिसकी 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी भी दी जाती है। अगर एक नजर आभूषणों के कारोबार पर डाली जाए तो इसकी शुरूआत 26 साल पहले आकाश ज्वेलर्स की दुकान से हुई थी, जो आज न केवल राजधानी भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है जबकि कुछ साल पूर्व ही मीराज गोल्ड एण्ड डायमंड आभूषणों की दुकान ने भी झण्डे गाड़े हैं जिसके नवीन शो-रूम का पिछले साल ही बर्तन बाजार में भव्य शुभारंभ हुआ। जहां डायमंड की तरत तरह की वैरायटी भी उपलब्ध है इसके अलावा लेटेस्ट सोने के आभूषणों की लम्बी चैड़ी रेंज का भी समावेश किया गया है। कई अन्य आभूषणों की दुकाने भी सर्राफा बाजार को चार चांद लगा रही हैं, जिनमें औम गायत्री, लक्की ज्वेलर्स, नव रंग ज्वेलर्स, आरती ज्वेलर्स व आस्था ज्वेलस आदि शामिल हैं।

"91.6 हालमार्ग 22 कैरेट सोने का कारोबार संत हिरदाराम नगर से शुरू हुआ था जो आज पूरे शबाब पर है। इंदौर या मुम्बई न जाकर ग्राहक यहां से आभूाण खरीदना पसंद करते हैं क्योंकि यहां सौ प्रतिात गारंटी दी जाती है।

**- सुरेश संभानी,** संचालक, आकाश ज्वेलर्स

"हमने 10 साल पूर्व सोने के आभूषणों का काम प्रारंभ किया था। ग्राहकों के भरपूर स्नेह एवं आाीर्वाद से प्रगति हुई है, जिसका अब भव्य रूप में विस्तार किया गया है।

**- जवाहर मूलचंदानी, बाबू भाई,** संचालक, मीराज गोल्ड एण्ड डायमंड

**बाहर से भी आते हैं ग्राहक :** यहां के सर्राफा बाजार की ख्याति अब धीरे धीरे इस तरह आगे बड़ रही है कि बाहर से आने वाले ग्राहक भी यहां से खरीदी करने लगे हैं। दुबई को छोड़कर अगर कोई व्यक्ति यहां पर आया है और उसे सोने के आभूाणों की खरीदी करनी है तो वह सर्राफा बाजार का रूख करता है। यहां तक कि मुम्बई सहित देश के तमाम शहरों के लोग भी जब संत हिरदाराम नगर या भोपाल आते हैं तब सोने व हीरे के आभूषणों की खरीदी यहीं से करते हैं। इस तरह बीते कुछ सालों में यहां के सर्राफा कारोबारियों ने न केवल कारोबार को चार चांद लगाए हैं बल्कि ग्राहकों का विवास भी अर्जित किया है।

# प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**भोपाल।** दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि और विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर सुख शांति भवन, नीलबर में आयोजित दो दिवसीय रक्तदान शिविर का दूसरा दिन श्रद्धा और सेवा के माहौल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनिता खाड़े (सामाजिक कार्यकर्ता, प्रेरक वक्ता और योग प्रशिक्षक) थीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में संतुलन बनाए रखना बहुत ज़रूरी है, जैसा कि दादी प्रकाशमणि ने अपने जीवन में दिखाया। वह एक प्रकाश स्तंभ की तरह थीं, जिन्होंने पूरे समाज को रोशन किया।

यहां का माहौल शांति और सुकून से भरा है, जो आत्मा को गहराई से छूता है। मिलेनियम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन विनोद यादव ने इस अवसर पर कहा कि ब्रह्मकुमारीज संस्था की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इतनी बड़ी संस्था महिलाओं द्वारा चलाई जाती है। जब महिलाएं किसी भी काम में आगे होती हैं, तो वे न केवल अपने परिवारों को बल्कि पूरे समाज को भी ऊपर उठाती हैं। रक्तदान जैसी सेवाओं के माध्यम से, संस्था ने मानवता के लिए सच्ची भाईचारे का संदेश दिया है। इसी तरह पुरुषोत्तम धीमान (पीसीसीएफ) ने कहा कि जैसे भौतिक दुनिया में बिना रोशनी के जीवन संभव नहीं है, वैसे ही दादी प्रकाशमणि का जीवन आध्यात्मिक दुनिया में एक प्रकाश स्तंभ था। हम सभी आज भी उनकी ऊर्जा से प्रेरणा लेते हैं। अपनी व्यस्त जीवनशैली में आध्यात्मिकता को शामिल करना बहुत ज़रूरी है।

# श्री हिन्दू उत्सव समिति हिरानियां द्वारा अनंत चतुर्दशी एवं भजन संध्या का आयोजन

## खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन हुआ निरस्त

**जागरण प्रतिनिधि ओबेदुल्लागंज।** नगर की परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति गणेश उत्सव अनंत चतुर्दशी चल समारोह एवं पुरस्कार, वितरण नगर की धार्मिक संस्था श्री हिन्दू उत्सव



समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया है, जो नगर में मध्य सब्जी मंडी प्रांगण में संपन्न होगा। आयोजन का विशेष आकर्षण सुप्रसिद्ध भजन गायिका रिजा खान एवं बाली ठाकरे की भजन संध्या रहेगी जो पुरस्कार वितरण के साथ ही प्रारंभ होगी। नगर में सनातन का प्रतिधित्व करने वाली 62 वर्ष पुरानी संस्था श्री हिन्दू उत्सव समिति के वर्तमान अध्यक्ष सोनू चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्वों के प्रारंभ के साथ ही नवगठित कार्यकारिणी का यह पहला आयोजन है जो नगर वासियों के साथ उल्लास से संपन्न होगा। ज्ञात हो नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी गणेश उत्सव की धूम है। नगर की गली, मोहल्लों एवं मुख्य बाजार में आकर्षक गणेश जी की झांकियां स्थापित हैं जिनमें आकर्षक साज सज्जा के साथ नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**श्री राम श्री हिन्दू उत्सव समिति को नहीं मिली अनुमति :** नगर में वर्ष 2023 में गठित नई संस्था श्री राम श्री हिन्दू समिति ने भी अनंत चतुर्दशी पर समानांतर कार्यक्रम की अनुमति प्रशासन से मांगी थी जिसे निरस्त कर दिया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने प्रेस वार्ता कर बताया कि संस्था ने प्रशासन से खाटू श्याम भजन संध्या व पुरुस्कार वितरण की अनुमति मांगी थी जिसे शांति सौहाद्र वातावरण नियमन आधार पर निरस्त कर दिया गया है इस दौरान अध्यक्ष राजेश खटीक ने प्रशासन पर धार्मिक आयोजनों पर दोहरा रवैया अपनाने के आरोप भी लगाये।

# सीआईएसएफ कांस्टेबल ने हॉस्टल में लगाई फांसी

**जागरण, भोपाल।** गोविंदपुरा स्थित भेल सीआईएसएफ हॉस्टल में गुरुवार सुबह कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय मृतक अभय मिश्रा पश्चिम बंगाल का निवासी है। वह सीआईएसएफ की गुना बटालियन में आरक्षक के पद पर तैनात था और भोपाल में रहकर ड्यूटी कर रहा था।

गुरुवार सुबह ड्यूटी पर नहीं पहुंचने और फोन नही उठाने पर उसके साथी जवान उसके कमरे पहुंचे। तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। बाद में दरवाजा तोड़ने पर अभय फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पर सीआईएसएफ अधिकारी और गोविंदपुरा पुलिस मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने शव को पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजन पश्चिम बंगाल से भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। उनके आने के बाद ही पीएम करवाया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सांदीपनी विद्यालय बैरसिया में शिक्षक दिवस कार्यक्रम सम्पन्न



**बैरसिया।** संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरसिया में शिक्षक दिवस समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री राजीव शर्मा थे कार्यक्रम की अध्यक्षता सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य मिश्रा जी कर रहे थे मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बेरसिया के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री ने गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए पूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाये जाने पर विस्तार से व्याख्या की वही इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश शुक्ला ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षकों का मूल कर्तव्य शिक्षण कार्य है।

सभी शिक्षक साथी अपने मूल कार्य शिक्षण को इस इस प्रकार करें कि भारत का भविष्य उज्जवल हो कार्यक्रम में राकेश नगर शिक्षक संघ के जिला सदस्य मदन गोपाल नामदेव जिला उपाध्यक्ष पूजा दुबे नगर कार्यकारिणी सदस्य डाली साहू महाराज मीणा एवं सांदीपनि विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

# माँ रेवा सोसाईटी में 13 फीट ऊंची प्रतिमा



**जागरण, भोपाल।** माँ रेवा सोसाइटी द्वारा वार्ड नंबर 74, पुष्पानंद कॉलोनी में इस साल 13 फीट ऊँची विशाल गणेश प्रतिमा की भव्य झांकी स्थापित की गई है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुँच रहे हैं। सोसाइटी के अध्यक्ष लेखराज कुशवाहा ने बताया कि यह झांकी लगातार चौथी बार लगाई जा रही है। विशेष बात यह है कि प्रतिमा की ऊँचाई हर वर्ष 1 फीट बढ़ाई जाती है, जिससे झांकी का आकर्षण और भी बढ़ जाता है।

# सांसद शर्मा की स्वदेशी सामान बेचने की अपील

**जागरण, भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा ने शुक्रवार को भोपाल शहर के पुराने चौक बाजार, जुमेराती और लखेरापुरा में स्वदेशी अपनाओ को लेकर जनजागरण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी सामान बेचने की अपील की। सांसद शर्मा के आह्वान पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर स्वदेशी सामान यहां मिलता है के बोर्ड लगा दिए। जनजागरण के दौरान शर्मा के साथ व्यापारियों ने संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वे सभी अपनी दुकानों पर केवल स्वदेशी सामान ही बेचेंगे। सांसद शर्मा ने कहा कि स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक निर्णायक कदम है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा की भी रक्षा होती है।

# प्रशासन की अनदेखी: ग्राम पंचायतों में फर्जी फर्मों के बिलों पर हो रहा भुगतान

## वेंडर के नाम पर सचिवों ने अपने परिजनों के ही करा रखे हैं रजिस्ट्रेशन, फर्जी फर्म बनाकर कराए जा रहे भुगतान

**कलारा।** भोपाल जिले की बैरसिया जनपद पंचायत के अंतर्गत 126 ग्राम पंचायतें आती हैं। इनमें लगभग 90 प्रतिशत पंचायतों में वेंडर के नाम से पंचायत सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने करोड़ों रुपए की चपत शासन को लगाई है। जनपद पंचायत बैरसिया क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में फर्जी फर्मों के जरिए भुगतान हो रहे हैं। जानकारी के बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। इन मामलों में वाणिज्यकर विभाग पहले भी संज्ञान ले चुका है। वहीं पूर्व जिला पंचायत सीईओ ने भी इस मामले में कार्रवाई करने की बात कही थी। जिसमें बताया था कि पंचायतों में फर्जी फर्मों द्वारा किस तरह बिल बनाकर आहरण किया गया। बैरसिया जनपद में एक दर्जन से अधिक फर्जी फर्मों के जरिए मात्र जीएसटी नंबर लेकर भुगतान किए हैं। जिसमें अधिकतर बिलों में रेत, मुरम, पत्थर, गिट्टी, सीमेंट के नाम पर लाखों का आहरण हुआ है। जिसमें सीमेंट को छोड़कर सभी खनिज है। जिस पर सरकार द्वारा रॉयल्टी भी वसूल की जाती है। मगर इन बिलों पर खनिज की आपूर्ति दर्शाकर न केवल राशि का आहरण किया बल्कि खनिज की रॉयल्टी की भी चोरी की। जांच इस बात की भी की जा रही है कि जो बिल लगाए हैं वास्तव में उस सामग्री की खरीदी हुई है अथवा नहीं। इन सभी मुद्दों की जांच की जाए। ग्राम पंचायत डूंगरिया में सरपंच सचिव और रोजगार सहायक ने अपने परिजनों, रिश्तेदार के नाम से जीएसटी और टिन नंबर लेकर बाकायदा बिल बुक छपवा रखी है। उनके पंजीयन वेंडर कोड जनपद पंचायत और पंचायत दर्पण में करा रखे हैं। उनके माध्यम से हर माह लाखों रुपए फर्जी तरीके से निकाल रहे हैं। बैरसिया में 12 से अधिक फर्म संचालित हो रही हैं। फर्मे बना करके करोड़ों रुपया का चूना सरकार को लगा दिया है लेकिन हकीकत में यह फर्म है ही नहीं। जहां पंचायत से मिलने वाली कमीशन की राशि को फर्जी फर्मों के बिलों के आधार पर आहरित किया जाता है। फर्जी वेंडर घोटाले की जांच निष्पक्षता से कराएं तो 90 प्रतिशत पंचायतों की हकीकत सामने आ जाएगी।




**ऐसे हो रहा पूरा फर्जीवाड़ा :** इस पूरे फर्जीवाड़े में फर्जी फर्मों का साथ ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिवों ने बखूबी दिया है। फर्जी फर्मों के बिलों की बिना जांच-पड़ताल किए ही पंचायत ने राशि भुगतान कर दी। जबकि उस कार्य में इतना सामान कहां लगा है, इसका ध्यान नहीं दिया है। कई पंचायतों में लाखों के सीमेंट, सरिया, मटेरियल, मिठाई, खाद, बीज, ट्रैक्टर कार्य, पौधा वितरण से लेकर हर काम एक ही दुकानदार द्वारा संचलित फर्म से बिल लगाए जा रहे हैं। इस मामले में बैरसिया जनपद सीईओ देवेश सराठे का कहना है कि मेरे संज्ञान में इस मामले की कोई शिकायत नहीं आई है। यदि कोई लिखित शिकायत करता है। सबूत प्रस्तुत करता है तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# आरोग्य भारती का 11 वां वार्षिक व्याख्यान 10 सितंबर को

**भोपाल।** राजधानी में रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में आरोग्य भारती महानगर द्वारा 11 वां मासिक व्याख्यान 10 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है। व्याख्यान का विषय भारतीय सांस्कृतिक अवधारणा में स्वास्थ्य चिंतन एवं वर्तमान संदर्भों में प्रासंगिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगद्गुरू सुखानंद स्वामी राघव देवाचार्य महाराज कर रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन मौजूद रहेंगे।

मुख्य वक्ता के रूप सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक,विचारक डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी के विचारों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। अतिथि डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय राष्ट्रीय संगठन सचिव आरोग्य भर्ती उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी का भाव विकसित कर समाज को जागरूक करना है। ताकि एक स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण हो सके।

## SUDOKU 43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 7 | 1 | | | 4 | | 2 |
| | 4 | | | 3 | | | 7 | |
| | 3 | | | 2 | | | 8 | |
| 2 | | 8 | | | 3 | 1 | | 7 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| | 8 | | | 1 | | | 9 | |
| 4 | | 6 | 9 | | | 3 | | 1 |
| | 2 | | | 4 | | | | |

## SOLUTIONS 42

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 3 | 6 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** अपना धैर्य बनाए रखें। बेकार की बातों में गुस्सा न करें। आर्थिक रूप से स्थिति अच्छी रहने वाली है। अपनों का साथ मिलेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजारेंगे।

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। संपत्ति से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। रोमांटिक जीवन सुखद होगा।

**मिथुन :** आज आपको काम पर मानसिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में लापरवाही आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती है।

**कर्क :** आज आप नई चीजों को सीखने की कोशिश कर सकते हैं। कार्यस्थल पर किसी अपने की सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है। व्यावसायिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

**सिंह :** आज आपका मन परेशान हो सकता है। अपनों की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी, जिससे कर्ज लेने की नौबत तक आ सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको वाहन सावधानी से चलाना चाहिए। आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला :** आज आपकी वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए काम के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको मानसिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। लव लाइफ अच्छी रहने वाली है।

**धनु :** आज आपका आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, लेकिन धैर्य रखने की जरूरत है। अपनी भावनाओं को कंट्रोल में रखें।

**मकर :** आज आपकी एनर्जी हाई रहने वाली है। किसी को रुपए-पैसे उधार देने से बचें, वरना वापसी में दिक्कत हो सकती है।

**कुंभ :** कार्यस्थल के तनाव को घर पर नहीं लाएं। आज अटके हुए धन की वापसी हो सकती है। नए विचार फलदायी होंगे।

**मीन :** आज आपको किसी करीबी व्यक्ति से सरप्राइज मिल सकता है। किसी प्लानिंग में आप सफल हो सकते हैं। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**आज का पंचांग:** 06 सितम्बर शनिवार 2025। **दिशाशूल :** पूर्व में। अनंत चतुर्दशी। **भदा :** रात्रि के 01.42 बजे से 07 सितंबर को देपहर 12.40 बजे तक। **पंचक :** प्रातः 11.22 से प्रारंभ 10 सितंबर को सायं 04.03 बजे समाप्त। विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, उत्तरगोल, वर्षा ऋतु भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तत्पश्चात पूर्णिमाधनिष्ठा नक्षत्र तत्पश्चात शतभिषा नक्षत्र अतिगण्ड योग तत्पश्चात् सुकर्मा योग मकर में चंद्रमा 11 घंटे 22 मिनट तक तत्पश्चात कुंभ में।

# हमीदिया अस्पताल परिसर में युवती से छेड़छाड़

**जागरण, भोपाल।** कोहेफिजा इलाके में युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 28 वर्षीय कविता भदौरिया को रिषी कुमार शर्मा नाम का युवक लंबे समय से परेशान कर रहा था। 4 जून को हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित कमला नेहरू अस्पताल के सामने आरोपी ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ा और छेड़छाड़ करने लगा। जिसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। कई बार समझाइश देने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। बाद में युवती ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

# संघर्षशील शिक्षकों का सम्मान

**जागरण, भोपाल।** शुभम श्री शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर विवेकानंद सीनियर सिटीजन ग्रुप के पांच संघर्षशील सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। यह आयोजन नेहरू नगर स्थित विवेकानंद पार्क में हुआ। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी ने 86 वर्षीय रमेश जोशी, 78 वर्षीय बी.एल. सनेही, 72 वर्षीय डॉ. एस.एन. शर्मा, 65 वर्षीय रजनी खरे और 63 वर्षीय प्रमिला पराते को साल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हेल्प इंडिया प्रमुख संस्कृति खरे, सुरेंद्र खरे, आर.एस. सक्सेना उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजीव कुमार धाकड़ आत्मज स्व. श्री सनमान सिंह, मैसर्स धाकड़ कन्सट्रक्शन निवासी म.नं. 24ए, अहिंसा नगर राजवंश कालोनी भोपाल मेमोरियल के सामने करोंद भोपाल के स्वमित्व के भूखण्ड क्रमांक 01-ए (कार्नर) पर निर्मित तीन मंजिला मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 15.96×32=511 वर्गफिट जो खसरा क्रमांक 293/1/2(एस), 293/2ख, 296/1/1, 296/1/2, 296/2/क, 296/2/ख के अंश भाग पर स्थित होकर ग्राम लाम्बाखेड़ा वार्ड नंबर 79 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) को क्रय करने के संबंध में मेरे पक्षकार श्री जितेन्द्र कुमार उपाध्याय आत्मज श्री रामकृष्ण उपाध्याय आयु वयस्क निवासी एफ-2/42 मयूर विहार कालोनी, विनायक होम्स, फेस-3, भोपाल एवं विक्रेता/संपत्ति मालिक के मध्य करार हुआ है और मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त मकान/संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक, संस्था, वित्तीय संस्थान आदि विक्रय, गिरवी, दान, आदि हो या किसी प्रकार का पारिवारिक विवाद या किसी का लेनदेन, वाद विवाद हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर लिखित रूप से साक्ष्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनाव पक्ष प्रस्तुत करें। समयावधि पूर्ण होने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं की जायेगी एवं मेरा पक्षकार सदभाविक क्रेता उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में पंजीकृत कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**अरविंद राजपूत** (अधिवक्ता)
कार्यालय-दुकान क्रमांक 4, इन्फिनिटी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, दानिश कुंज, भोपाल (म.प्र.)

## जाहिर सूचना


भवन क्रमांक-171, सेक्टर-3/डी, साकेत नगर, भोपाल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने, श्रीमती काजल बिस्वास पत्नी स्व. श्री आर. के. बिस्वास, द्वारा मुख्त्यार आम-पुत्री श्रीमती काकोली चितरंजन कोटियन पत्नी स्व. श्री चितरंजन वासु कोटियन, निवासी-404, वाल्मिकी चौस, आर.बी.आई. क्वार्टर्स के पास, कांजरपाड़ा, दहिसर वैस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, हाल - मुकाम-भवन क्रमांक-171, सेक्टर 3 डी, साकेत नगर, भोपाल, म.प्र., के आधिपत्य एवं स्वामित्व का भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित एक किता आवासीय द्विमंजिला भवन क्रमांक-171, सेक्टर-3/डी, साकेत नगर, भोपाल जिला भोपाल म.प्र. में नगर पालिक निगम की सीमाओं के अन्दर वार्डनम्बर-57 में स्थित है। उपरोक्त विक्रय किये गये आवासीय भवन क्रमांक-171, सेक्टर-3/डी, का क्षेत्रफल-223.04 वर्गमीटर, अर्थात् 2400 वर्गफुट है जिसकी चतुर्सीमाएं निम्नानुसार है-पूरब में-रोड, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक-156, 3/डी, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक-171ए, 3/डी, दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक-170, 3/डी, है। उक्त वर्णित आवासीय भवन को क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर अनुबंध किया गया है। उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान, बैंक हाउसिंग फायनेंस, फर्म, शासकीय/अशासकीय कार्यालय आदि का कोई देय अथवा बकाया हो या स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य के संबंध में दखल, वाद विवाद, आपत्ति आदि हो तो वह व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति दर्ज करावें। अन्यथा समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उपरोक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजियत कराने के लिये स्वतंत्र होंगे। ऐसी स्थिति में समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और न ही मान्य समझी जावेगी।

भवदीय-
**श्रीनिवास दुबे** अधिवक्ता
शशिकांत तिवारी सर्विस प्रोवाईडर
कार्या. प्लाट नं.-161, गोपाल भवन, जोन-1, एम.पी.नगर भोपाल मो.-9425303872

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.2 | 23.7 |
| मुंबई | 28.0 | 24.8 |
| चेन्नई | 40.5 | 21.0 |
| कोलकाता | 33.2 | 27.2 |

सूर्यास्त 6:35 PM
सूर्योदय 6:04 AM
चन्द्रोदय 5:06 AM
चन्द्रास्त 3:20 PM

## उज्जैन, सागर और खंडवा में सामने आए विवाद, पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

# गणेश सवारी पर पथराव, लव जिहाद की झांकी से नाराजगी, तनाव फैला



**जागरण, उज्जैन।** उज्जैन से लगे महिदपुर में विसर्जन के पूर्व निकली भगवान गणेश की सवारी पर पथराव हो गया। इससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। झांकी पर पथराव कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। विवाद की वजह गणेशजी की सवारी में बनाई गई लव जिहाद की झांकी को बताया जा रहा है। सवारी पर यह पथराव मोती मस्जिद के पास हुआ। जैसे ही सवारी मस्जिद के पास से गुजरी, तभी कुछ लोगों ने सवारी में मौजूद लोगों पर पथराव कर दिया। बताया जाता है कि पथराव करने वाले मुस्लिमजन सवारी में लगाई गई लव जिहाद की झांकी को लेकर नाराज थे। खासकर झांकी में टोपी पहने लड़के और महिला को बुरखे में दिखाए जाने पर लोगों को आपत्ति थी। बताया जाता है कि झांकी में वर्ग विशेष को बदनाम करने की अफवाह फैलने के बाद समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया था। यहां जमा हुए 200 से ज्यादा लोगों ने लव जिहाद की झांकी में पुतले को पहनाई गई टोपी, दाढ़ी और बुर्का हटाने की मांग की। इसकी आपत्ति सुन एसडीएम ने तत्काल हटवाने की बात कहते हुए प्रदर्शनकारियों से आपत्ति को लेकर एक आवेदन देने को कहा। इससे वहां मौजूद युवा आक्रोश जताते हुए वहां से चले गए। पथराव के बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ दिया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा के मुताबिक फिलहाल शांतिपूर्ण माहौल है। सभी अपने घर चले गए हैं। ऐहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके बाद सवारी भी शांति पूर्ण ढंग से निकाली गई है। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर माहौल बिगाड़ने वालों की पहचान की जा रही है। इसके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सर तन से जुदा जैसे नारे, एफआईआर दर्ज



**जागरण, सागर।** सागर में एक बाइक रैली के दौरान गूंजे सर तन से जुदा के नारों पर हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई है। साथ ही इसे शहर की शांति बिगाड़ने वाला कदम बताया है। पुलिस ने बाइक रैली के आयोजक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष फिरदोस कुरैशी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। शुक्रवार को इस रैली का वीडियो सामने आया है। इसके बाद हिंदू संगठन द्वारा कोतवाली थाने में शिकायत की गई। शिकायत पर पुलिस ने रैली निकालने वाले ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिरदोष कुरैशी के साथ ही पम्मा कसाई, शहबाज और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में यह बाइक रैली गुरूवार को निकाली गई थी। राहतगढ़ बस स्टैंड से शुरू हुई यह बाइक रैली बड़ा बाजार, बस स्टैंड और परकोटा होते हुए कटरा बाजार में तीनबत्ती तिराहे पर पहुंची। तीन बत्ती चौराहे पर ही कुछ युवकों ने सर तन से जुदा के नारे लगाए। हिंदू जागरण मंच के उमेश सराफ ने कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए कहा कि गुरुवार को बाइक रैली में गुस्ताख-ए-रसूल की एक सजा, सर तन से जुदा-सर तन से जुदा के नारों से शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाना चाहिए।

### जुलूस के दौरान बनी तनाव की स्थिति

**जागरण, खंडवा।** ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान शुक्रवार को खालवा के खारकला में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। दरअसल जमानत पर रिहा मुबारिक ने बजरंग दल कार्यकर्ता विजय बागड़ा को घर के सामने धमकाने का प्रयास किया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताते हुए खंडवा-खालवा मार्ग को चार घंटे तक जाम रखा। सैकड़ों महिलाएं और पुरुष धरने पर बैठे गए और पुलिस कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और संगठन पदाधिकारियों व ग्रामीणों से बातचीत कर मामला शांत कराया।

## इलाज के बहाने धर्मांतरण की शंका चार गिरफ्तार

**जागरण, रतलाम।** शहर के टैंकर रोड पर एक घर के अंदर इलाज के नाम पर धर्मांतरण करने के मामले में औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की शिकायत पर चार युवकों को हिरासत में लिया है। हालांकि पादरी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार हिरासत में लिए लोगों ने धर्मांतरण करने की बात से इंकार किया है, मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार एक घर में बड़ी संख्या में महिलाओं व लोगों के जमा होने तथा उनका धर्मांतरण करने की जानकारी हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता को मिली। सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के कमलेश ग्वालियरी, जगदीश पादीदार, मुकेश व्यास और आशु टांक आदि वहां पहुंचे। घर पर तथा बाहर कई लोग थे। घर के अंदर क्रास व बाइबिल भी मिली। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस व मीडिया को बताया कि उक्त घर में डॉ. विक्रम नामक व्यक्ति इलाज कर रहा था। कुछ लोग प्रार्थना कर रहे थे, जब वहां उपस्थित लोगों से पूछा तो उन्होंने बताया कि वे इलाज कराने आए हैं तथा कई लोग चले गए हैं। वे अपनी इच्छा से प्रार्थना करने आए हैं। वहां इलाज के लिए आए लोगों में राजस्थान के बांसवाड़ा व रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग थे।

## सड़क किनारे बैठा दिखा बाघ लोगों ने बनाये वीडियो



**जागरण, पन्ना।** जिले में सड़क किनारे एक एक बाघ बैठा नजर आया। दरअसल, अमानगंज-पन्ना मार्ग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सम्मेलन कार्यक्रम से वापस लौट रहे लोगों को अकोला के पास सड़क किनारे बाघ दिखाई दिया। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। बाघ लंबे समय तक सड़क किनारे बैठा रहा। राहगीरों ने न केवल बाघ का वीडियो बनाया, बल्कि कुछ लोग अपनी बाइक और कारों से उतरकर बाघ को करीब से देखने की कोशिश भी करने लगे। वन विभाग ने कहा कि यह काफी खतरनाक स्थिति थी। लोगों की ये लापरवाही उनकी जान के लिए जोखिम बन सकती थी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वन्यजीवों को देखने पर सुरक्षित दूरी बनाए रखें और वन विभाग को तुरंत सूचित करें।

## 38 लाख की डिजिटल ठगी का मास्टरमाइंड जयपुर से गिरफ्तार

**जागरण, ग्वालियर।** डिजिटल ठगी के एक मामले में ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने जयपुर से हरीश चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर 38 लाख रुपए की ठगी की थी। गुलमोहर सिटी निवासी सुजाता बापट हेल्थ सेंटर में कार्यरत हैं, उनके साथ 9 अप्रैल को यह घटना हुई। एक व्यक्ति ने राजीव गुप्ता बनकर फोन किया। उसने म्यांमार के लिए पार्सल बुक होने की बात कही। फिर आलमबाग पुलिस स्टेशन के नाम पर फोन कनेक्ट कर महिला को डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी। आरोपी ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर ठगी की।

## सहेली के साथ खेत पर गई बच्ची पर कुत्तों का हमला, मौत

**जागरण, सिवनी।** सहेली के साथ खेत पर गई एक 13 साल की बच्ची पर कुत्तों ने हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह से जख्मी बच्ची की मौत हो गई, उसकी सहेली ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मामला जिले के समनापुर गांव में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे का है। मृतक बच्ची का नाम अवनी बिनोखे है। वह अपनी सहेली के साथ खेत पर गई थी। वापस लौटते समय कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अवनी की सहेली तो किसी तरह वहां से बचकर भाग गई, लेकिन अवनी पर कुत्तों ने हमला कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल बच्ची को तुरंत अस्पताल ले गए। लेकिन गले और हाथों पर गंभीर चोट होने से डॉक्टर बच्ची की जान नहीं बचा सके। परिजन ने बताया कि अवनी कक्षा 7वीं में पढ़ती थी। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों ने कान्हीवाड़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया है। मामले की पूरी जांच की जा रही है।



**सिवनी का मामला जान बचाकर भागी दूसरी बच्ची**

## हाईकोर्ट से दो महिला नेत्रियों को राहत एक की याचिका खारिज, दूसरी को स्टे





**जागरण, सागर।** बीते तीन दिनों में इंदौर और जबलपुर हाईकोर्ट ने दो अलग-अलग प्रकरणों में जिले की दो महिला नेत्रियों को राहत दी है। इनमें एक विशुद्ध भाजपाई हैं तो दूसरी कांग्रेस से भाजपा में गई नेत्री हैं। खतरा दोनों के पद पर मंडरा रहा था लेकिन फिलहाल यह टल गया है। बल्कि यूं कहें कि वे कमोबेश सुरक्षित दायरे की ओर बढ़ गई हैं। एक मामला देवरी नपा अध्यक्ष को हटाने तो दूसरा बीना की कांग्रेस विधायक की सदस्यता समाप्त करने से जुड़ा है। ताजा प्रकरण देवरी नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के पद से निष्कासन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। जबलपुर उच्च न्यायालय ने जांच में सिर्फ संदेह के आधार पर निष्कासन को गलत माना है। नेहा अलकेश जैन को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में पद से पृथक करने के राज्य शासन के फैसले को गलत मानते हुए जबलपुर उच्च न्यायालय ने राज्य शासन द्वारा विगत 25 अगस्त को दिये गये आदेश पर रोक लगा दी है। जबलपुर उच्च न्यायालय में न्यायाधीश विशाल मिश्रा की एकल पीठ द्वारा मामले में याचिकाकर्ता नेहा जैन द्वारा राज्य शासन के आदेश के विरुद्ध दायर अपील पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि मामले की जांच में जाहिर संदेह प्रमाण का ठोस आधार नहीं हो सकते है।

### सप्रे की विधायकी भी बची

जिले का दूसरा मामला बीना विधायक निर्मला सप्रे की विधायकी बरकरार रहने से जुड़ा था। उन्होंने वर्ष 2023 में चुनाव तो जीता कांग्रेस के टिकट पर लेकिन बाद में दामन भाजपा का थाम लिया। उन्होंने सीएम डॉ.मोहन यादव के सामने पार्टी में धमाकेदार एंट्री की थी। बीते 2 सितंबर को हाईकोर्ट इंदौर की खंडपीठ ने उसे याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें दल-बदल कानून के तहत उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की गई थी। यह याचिका मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने दाखिल की थी।

## बाघ के हमले में वृद्ध की मौत हाथ जोड़ खड़े हुए डीएफओ



**जागरण, बालाघाट।** जिले के कटंगी परिक्षेत्र में बाघ के हमले से एक वृद्ध की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को ग्रामीण हाथों में लकड़ियां लेकर वन विभाग के कर्मचारियों से भिड़ गए, उनका गुस्सा वन विभाग की निष्क्रिय कार्यप्रणाली को लेकर था। क्षेत्र में बाघ के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों की जान को खतरा बना हुआ है। साथ ही खेती करना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति को संभालने पहुंचे डीएफओ अधर गुप्ता को ग्रामीणों के रोष का सामना करना पड़ा। एक ग्रामीण महिला ने डीएफओ को फटकार लगाते हुए कहा कि आप और आपका परिवार सुख से रहेंगे, जबकि हम दुख में जीने को मजबूर हैं। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत कराने डीएफओ गुप्ता उनके सामने हाथ जोड़कर खड़े हो गये। मालूम हो कि एक दिन पहले अंबेझरी निवासी 65 साल के सेवकराम की मौत के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया।

## बिजनेस प्लस

### मैनिट फाउंडेशन डे पर पूर्व छात्रों का भव्य आयोजन




**भोपाल।** मैनिट (मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के पूर्व छात्रों ने संस्थान के 66 वें फाउंडेशन डे के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और एक दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कैलाश मकवाना, आईपीएस(1986 बैच मैनिट), डीजीपी मप्र उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में उपस्थित पूर्व छात्रों के साथ मैनिट के अपने अनुभवों को साझा किया। विशेष रूप से, 1976 बैच के पूर्व छात्र मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव सेवा निवृत्त को उनके द्वारा भारतीय थल सेना में दी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैचों के लगभग 150 पूर्व छात्र एवं छात्राओं ने परिवार के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन होटल सायाजी में किया गया, जहां पूर्व छात्रों ने एक दूसरे से मुलाकात की और अपने अनुभव साझा किए। मनोज कुकरेजा ने संचालन, अशोक जोहरी ने आभार एवं जाहिद खान ने स्वागत उदबोधन दिया।

### एनएचपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बने भूपेन्द्र गुप्ता



**भोपाल।** भूपेंद्र गुप्ता ने फरीदाबाद में एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की प्रमुख हाइड्रोपावर कंपनी और भारत सरकार के नव रत्न उद्यम के कॉर्पोरेट मुख्यालय में चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर का पदभार ग्रहण किया है। एनएचपीसी में शामिल होने से पहले, वे टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में डायरेक्टर (टेक्निकल) के पद पर कार्यरत थे। गुप्ता एसजेवीएन लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। भूपेंद्र गुप्ता के पास इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और ऑपरेशन मैनेजमेंट में एमबीए है। उन्होंने 1991 में एसीसी लिमिटेड से अपना प्रोफेशनल करियर शुरू किया और 1995 में एसजेवीएन में शामिल होकर सीपीयूएसयू में अपना करियर शुरू किया, जहां उन्होंने 12 साल तक विभिन्न पदों पर काम किया।

### एलएनसीटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में जॉब फेयर का आयोजन




**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में 30 अगस्त को जॉब फेयर, जॉब फेयर-03 का आयोजन किया गया। बायोमेडिका लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, पार्क बेंच लैबोरेटरीज, विटामैक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, जेलयस फार्मास्यूटिकल्स और पीबीआरआई जैसी प्रमुख कंपनियों ने इस फेयर में हिस्सा लिया। इन कंपनियों ने 2024 और 2025 में ग्रेजुएट होने वाले छात्रों के लिए क्वालिटी कंट्रोल, प्रोडक्शन, मार्केटिंग और ट्रेनी साइंटिस्ट जैसे पदों पर कई नौकरी के अवसर प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर और एकेडमिक डीन डॉ. एके सिंघई के स्वागत भाषण से हुई। इस जॉब फेयर का समन्वय एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी की असिस्टेंट प्रोफेसर और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर स्टेफी थॉमस ने किया। विभिन्न कॉलेजों के लगभग 129 छात्रों ने जॉब फेयर में भाग लिया। 75 छात्र लिखित परीक्षा में सफल हुए और 29 छात्रों को भाग लेने वाली कंपनियों ने शॉर्टलिस्ट किया। एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे और एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. डॉ. एनके थापका ने कार्यक्रम को बहुत सफल बताया।

### मंडल मीडिया प्रभारी मनोज को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**भोपाल।** ज्योति पब्लिसिटी के संचालक और जिला मीडिया इंचार्ज मनोज सिंह राजपूत का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ, मंत्री सारंग ने सभी को शिक्षक दिवस की भी बधाई दी। इस कार्यक्रम में वीरेंद्र पाठक, वीरेंद्र पप्पू राय, अशोक वाणी, राजेश कुंसारिया, श्याम परशार, जीतू राय, राहुल लोधी, पंकज आदि उपस्थित थे।

### होंडा ने लॉन्च किए नए सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स

**भोपाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज मध्य प्रदेश के भोपाल में अपने दो नए मॉडल सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स को शानदार तरीके से लॉन्च किया। कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों की डिलीवरी भी ग्राहकों को शुरू कर दी है। नई सीबी125 हॉर्नेट की कीमत 1,12,000 (स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफर) और शाइन 100 डीएक्स की कीमत 74,100 है। ये कीमत भोपाल, मध्य प्रदेश की एक्स-शोरूम हैं। ग्राहक इन मॉडलों को अपने नजदीकी होंडा अधिकृत डीलरशिप से बुक कर सकते हैं।




## नई कृषि उपज मंडी की तीन दुकानों में चोरी

**जागरण विदिशा।** नई कृषि उपज मंडी में रात को चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने तीन दुकानों की पिछली दीवार तोड़कर करीब 40 हजार का माल चुरा लिया। चोरों ने पहले दुकान नंबर-1 और नंबर-2 के ताले तोड़ने की कोशिश की। सेंट्रल लॉक होने के कारण वे ताला नहीं तोड़ सके। इसके बाद उन्होंने दुकानों के पीछे से दीवार तोड़कर एंट्री की। दो गल्ला दुकानों और एक कीटनाशक दुकान को निशाना बनाया गया। मंडी की 9 नंबर कीटनाशक दुकान के सीसीटीवी में दो नाबालिग दीवार तोड़कर अंदर घुसते नजर आए। कीटनाशक दुकान से 25 हजार, राहुल की दुकान से 7 हजार और दूसरी गल्ला दुकान से 8 हजार रुपए चोरी हुए।

## अपने भाई को बचाने नाबालिग रेप पीड़िता के भाइयों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**जागरण, अनूपपुर।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में फंसे अपने भाई को बचाने के लिए एक युवती ने पीड़िता के ही दो भाइयों पर रेप का आरोप लगा दिया। युवती ने वीडियो बनाकर दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाने की साजिश रची। पुलिस ने जब मामले की बारीकी से जांच की तो पूरे मामले की सच्चाई सामने आई। युवती का भाई एक 15 साल की नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी है, उसने अपने भाई को बचाने के लिए ही यह साजिश रची। एसपी मोतिउर रहमान ने बताया कि 31 अगस्त की रात में डायल 100 पर एक युवती ने राजेंद्रनगर-अनूपपुर मार्ग पर दुष्कर्म की शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे कोतवाली थाने लेकर आई। युवती के बयान दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि आरोपियों का मोबाइल टावर लोकेशन घटनास्थल पर नहीं थी। युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर पीड़िता के भाइयों पर झूठे आरोप लगाए थे। वह समझौते के लिए दबाव बनाना चाहती थी।

### युवती का भाई अभी जेल में

एसपी ने बताया कि 22 जुलाई 2023 को नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 21 साल के आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि आरोपी के माता-पिता भी इस वारदात में शामिल हैं। पुलिस ने 21 दिसंबर 2024 को माता-पिता को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया। हाई कोर्ट से माता-पिता का जमानत हो गई और आरोपी अभी भी जेल में है।



## गुरू के मार्गदर्शन बिना एक उज्जवल भविष्य की कामना करना व्यर्थ : संजीव जुनेजा

### डा. ऑर्थो के सौजन्य से मनाया गया 'शिक्षक दिवस'

**चंडीगढ़।** 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर दिविसा हर्बल्ज प्रा. लि. के नामी प्रोडक्ट आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो के सौजन्य से चण्डीगढ़ में शिक्षक दिवस मनाया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्रांड मशीन के नाम से मशहूर एंटरप्रन्योर और इंवेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

उन्होंने एक शिक्षक का हमारे जीवन में महत्व को बताते हुए कहा कि हर एक इंसान के जीवन में शिक्षकों या गुरुओं का बहुत बड़ा योगदान होता है। जिस तरह एक पक्की नींव ही ठोस और मजबूत भवन का निर्माण करती है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थी रूपी नींव को सुदृढ़ करके उस पर भविष्य में सफलता रूपी भवन खड़ा करने में सहायता करता है। उसे सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाता है और जीवन में सही और गलत को परखने का तरीका भी सिखाता है जो उसके भविष्य में बहुत उपयोगी होगा। एक गुरू के मार्गदर्शन के बिना एक उज्जवल भविष्य की कामना करना व्यर्थ है। इस अवसर पर डा. संजीव जुनेजा ने अपने पूज्यनीय पिता स्व. श्री आई.के. जुनेजा को याद करते हुए कहा कि-मेरी क्षमताओं के कारण उन्हें मुझ में पूर्ण विश्वास भी था। मैं जानता था कि मैं यह कर सकता हूं। कहा जाता है कि एक बच्चे के जीवन में उसकी मां पहली गुरू होती है, जो उसे इस संसार से अवगत कराती हैं। वहीं दूसरे स्थान पर शिक्षक होते है, जो उसे सांसारिक बोध कराते हैं। जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी को बर्तन का आकार देता है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक छात्र के जीवन को मूल्यवान बनाता है। शिक्षक से हमारा संबंध बौद्धिक और आंशिक होता है। एक शिक्षक के बिना जीवन को सरल और सुगम बनाना नामुमकिन है। शिक्षक दिवस, शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को अर्पित करने का उत्सव और अवसर है। शिक्षक ही हमें विपरीत परिस्थितियों का सामना करना सिखाते हैं। डा. जुनेजा ने इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए दिविसा हर्बल्ज प्रा. लि. ने अपना प्रमुख प्रोडक्ट आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो बनाया है जो जोड़ों के दर्द (घुटने, कंधे, कोहनी, गर्दन, कलाई दर्द इत्यादि) को जड़ से कम करने में पूर्णतः सहायक है। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो ऑयल के साथ-साथ आयुर्वेदिक कैप्सूल, पेन रीलिफ स्प्रे, ऑयनमेंट उपलब्ध है। लेकिन भारतवासियों की मांग पर कंपनी ने स्ट्रांग ऑयल, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर को भी बाजार में उतारा है। शिक्षक हमारे सपनों को पूरा करने के लिए सही राह दिखाते हैं। यह उन्हीं की ही देन है जो हम आगे चलकर अपने जीवन में सफल होते हैं। शिक्षक हर व्यक्ति के जीवन की रीढ़ होते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। एक शिक्षक, हमारे माता-पिता की तरह हमेशा हमारे साथ रहता है, चाहे खुशी हो या दुख। वह युवाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें शिक्षित बनाकर समाज एवं राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा में भी कार्य करता है। उन्हीं के आशीर्वाद से ही हम अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं।

पिता से अस्तित्व मेरा,
पिता हैं जीवन बीज,
गुरु बनकर दी,
सम्मार्ग की मुझको सीख ।
संघर्ष सिखाया और
जगाया
मेरा स्वाभिमान,
प्रतिछाया हूं उनकी,
पिता से मेरी पहचान ।।



डा. संजीव जुनेजा, फाउंडर
एसबीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

80,711

-7

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Eicher Motors | 6,598.50 | 2.42% |
| M&M | 3,577.80 | 2.29% |
| Maruti Suzuki | 14,957.00 | 1.59% |
| Power Grid Corp | 286.65 | 1.26% |
| Dr Reddys Labs | 1,271.70 | 1.21% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| ITC | 407.35 | -2.06% |
| HCL Tech | 1,419.00 | -1.68% |
| Cipla | 1,553.40 | -1.55% |
| TCS | 3,048.30 | -1.53% |
| Tech Mahindra | 1,477.90 | -1.50% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 88.260 |
| € यूरो | 103.15 |
| ¥ येन | 0.5957 |
| £ पौंड | 118.98 |

### जीएसटी काउंसिल ने ऑटो सेक्टर को दी बड़ी राहत

# फेस्टिव सीजन में गाड़ियों की बिक्री में उछाल की संभावना




**नई दिल्ली, जेएनएन।** जीएसटी काउंसिल ने ऑटो सेक्टर को बड़ा बूस्ट दिया है। छोटी गाड़ियों, बाइक और स्कूटर पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। बड़ी गाड़ियों पर भी राहत दी गई है। पहले इन पर 28 प्रतिशत जीएसटी और 22 प्रतिशत लगता था। अब इन पर 40 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। सेस को खत्म कर दिया गया है। इससे फेस्टिव सीजन में गाड़ियों की बिक्री में उछाल आने की संभावना है।

कंपनियां भी इसका का फायदा ग्राहकों को देने के लिए तैयार हैं। जीएसटी में कटौती के फैसले का इंतजार कर रहे कई लोगों ने गाड़ियां लेनी बंद कर दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से देशवासियों को दिवाली का डबल गिफ्ट देने की घोषणा की थी। जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऑटो सेक्टर के लिए बड़ी राहत दी गई। सबसे छोटी कार ऑल्टो पर लगभग 36,000 रुपये की कमी आएगी। वहीं मर्सिडीज एस450 जैसी महंगी कार पर लगभग 10 लाख रुपये तक की कमी आ सकती है। जानकारों और क्रिसिल जैसी रिसर्च करने वाली संस्थाओं ने ये अनुमान लगाए हैं। अभी तक कंपनियों ने कीमतों में कमी के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। उनकी फाइनेंस टीमें टैक्स में कटौती का हिसाब लगाने में लगी हैं। दोपहिया गाड़ियां भी सस्ती होंगी। उदाहरण के लिए होंडा एक्टिवा स्कूटर की कीमत लगभग 7,000 रुपये तक कम हो सकती है। अभी इसके बेस मॉडल की कीमत लगभग 81,000 रुपये है। बजाज पल्सर 150 की कीमत लगभग 9,500 रुपये तक कम हो सकती है। अभी इसकी कीमत लगभग 1.1 लाख रुपये है। एसयूवी गाड़ियों की बात करें तो हुंडई क्रेटा की कीमत लगभग 1.1 लाख रुपये कम हो सकती है। अभी इसकी कीमत 11.1 लाख रुपये है। इसी तरह मारुति की गाड़ी ब्रेजा की कीमत 90,000 रुपये तक कम हो सकती है। अभी इसकी कीमत 8.7 लाख रुपये है। टोयोटा इनोवा की कीमत में लगभग 2.6 लाख रुपये की कमी आ सकती है। अभी इसकी कीमत 20 लाख रुपये है।

## 1.55 लाख तक सस्ती होंगी टाटा की गाड़ियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टाटा मोटर्स ने अपनी गाड़ियों की कीमत घटाने का ऐलान किया है। रिपोर्ट के मुताबिक 22 सितंबर से टाटा की गाड़ियां 65,000 रुपए से लेकर 1.55 लाख रुपए तक सस्ती हो जाएंगी। कंपनी ने यह फैसला जीएसटी दरों में बदलाव की मंजूरी के बाद लिया है। 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने छोटी कारों पर लगने वाले टैक्स को 28% से घटाकर 18% कर दिया था।

टाटा मोटर्स ने कहा कि वह त्रस्ज्ञ दरों बदलाव का पूरा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएगी। कंपनी का मानना है कि त्रस्ज्ञ दरों में यह बदलाव लोगों के लिए कार खरीदना आसान बनाएगा और इससे भारत में आधुनिक गाड़ियों की मांग भी बढ़ेगी। इस बदलाव से 1,200 सीसी तक पेट्रोल या 1,500 सीसी तक डीजल गाड़ियों पर जीएसटी को 28% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इससे मारुति स्विफ्ट, ऑल्टो और नेक्सॉन जैसी छोटी गाड़ियां सस्ती हो जाएंगी। इसके अलावा 350 सीसी तक की बाइक जैसे होंडा शाइन, एक्टिवा भी सस्ती हो जाएंगी। कॉमर्शियल व्हीकल्स जैसे बसें, ट्रक और एम्बुलेंस भी 28% से घटकर 18% जीएसटी के दायरे में आ गए हैं। लग्जरी कारों पर जीएसटी को 28% से बढ़ाकर 40% कर दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी जैसी लग्जरी गाड़ियां थोड़ी सस्ती हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि नए टैक्स स्लैब में जीएसटी से पहले लगने वाले कॉम्पेनसेशन सेस को खत्म कर दिया गया है।

## जीएसटी रेट कट से सस्ती होगी बिजली, आम आदमी को होगा सीधा फायदा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जीएसटी दरों में किए गए बदलावों से बिजली क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद बनी है। विशेषज्ञों का मानना है कि रिन्यूएबल एनर्जी उपकरणों और कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर जीएसटी दरों में संशोधन से बिजली की दरों में कमी आने वाली है। ये बदलाव न केवल उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराएंगे बल्कि डिस्कॉम और डेवलपर्स को भी वित्तीय राहत देंगे। ताप बिजली संयंत्रों में बनी बिजली की दरों में देश में 10 पैसे प्रति यूनिट तक कमी आने की बात भी कही गई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के सीनियर प्रैक्टिस लीडर और निदेशक प्रणव मास्टर का कहना है कि रिन्यूएबल एनर्जी उपकरणों पर जीएसटी दर को 12 से घटाकर 5



फीसद करने से ईपीसी सेवाओं की प्रभावी दर 13.8 फीसद से घटकर लगभग 8.9 फीसद हो जाएगी। इससे रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाओं की बिजली दरों में 4-5 फीसद की कमी आएगी, जो प्रति यूनिट लगभग 0.11-0.14 रुपये की बचत के बराबर है। उन्होंने आगे कहा कि यह कटौती डिस्कॉम्स की मांग को बढ़ाने और कॉरपोरेट उपभोक्ताओं को ओपन एक्सेस रूट अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।


**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र हरदा**
कलेक्टर कार्यालय प्रथम तल हरदा
Email-zskharmp@nic.in
शिक्षा का अधिकार — सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें

ज्ञाप क्र0 / 1465 / स.शि.अ. / भंडार / 2025 हरदा दिनांक :- 29/08/2025

**:: ई-निविदा विज्ञप्ति संबंधी सूचना ::**

जिला शिक्षा केन्द्र हरदा अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में फिजिकल लाइब्रेरी की सामग्री क्रय करने हेतु जेम पोर्टल पर बिड क्रमांक GEM/2025/B/ 6492264 दिनॉक 29.08.2025 अपलोड की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 19.09.2025 को समय रात्रि 09:00 बजे तक निर्धारित है ।

फिजिकल लाइब्रेरी की सामग्री क्रय के संबंध में निविदा संबंधी विस्तृत शर्ते एवं नियम जेम पोर्टल पर अपलोड किये गये है। किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक जिला हरदा का निर्णय अंतिम होगा।

जी-18195/25 — जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र हरदा

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार


# मंत्री प्रताप सर नाईक बने टेस्ला के पहले आधिकारिक ग्राहक

**मुंबई, जेएनएन।** अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने मुंबई शोरूम से कार की डिलीवरी शुरू कर दी है। जुलाई महीने में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में कंपनी ने भारत का पहला शोरूम खोला था। अब इसकी पहली डिलीवरी महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को मिली है। सरनाईक ने कहा कि यह कदम इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने की जागरूकता बढ़ाने के लिए है। उन्होंने टेस्ला की मॉडल वाई कार जुलाई में ही बुक की थी और अब इसे अपने बेटे को गिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इससे परिवार और युवा पीढ़ी में स्वच्छ परिवहन के प्रति रुचि बढ़ेगी। सोशल मीडिया पर उन्हें भारत का पहला टेस्ला मालिक बताया जा रहा है। हालांकि कंपनी ने साफ किया है




कि सरनाईक भारत के पहले टेस्ला मालिक नहीं हैं। टेस्ला का कहना है कि यह देश में उसकी पहली आधिकारिक डिलीवरी है, लेकिन इससे पहले निजी तौर पर 10 से ज्यादा टेस्ला गाड़ियां भारत में आयात की जा चुकी हैं। कंपनी ने यह भी बताया कि अन्य ग्राहकों को भी इस महीने के अंत तक गाड़ियां डिलीवर की जाएंगी।

## उतार-चढ़ाव के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सपाट बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। तेल व गैस और ऑटो शेयरों में बढ़त की भरपाई आईटी और एफएमसीजी शेयरों में गिरावट से हो गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी व भारत के खिलाफ अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ की आशंका के बीच रुपया डॉलर के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 88.27 रुपये प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ।


**कार्यालय सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**
ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक- 7वीं बटा/विसबल/ 352642/साअ/2025 **:: ई-निविदा सूचना ::** दिनांक 03/09/2025

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल स्थित प्रशासकीय भवनों में निम्नानुसार मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य विवरण | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि रु. ( ईएमडी ) | निविदा शुल्क रु. | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उप सेनानी कक्ष में मरम्मत एवं पेन्ट पुताई का कार्य। | 357558.00 | 13,342 | 1000 | 30 दिवस (वर्षाऋतु सहित) |
| 02 | वाहिनी स्थित महिला टायलेट में तथा वेटिंग एरिया में मरम्मत, पुताई का कार्य | 47557.00 | | | |
| 03 | निरीक्षक मुख्य समवाय में फाल्स सीलिंग एवं मरम्मत का कार्य। | 39614.00 | | | |
| | योगः- | 4,44,729.00 | | | |

निविदा की विस्तृत शर्ते MP TENDERS / MP POLICE Website पर उपलब्ध है। ई- निविदा प्रकाशन उपरांत संशोधन व परिवर्तन होने पर वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-निविदा पोर्टल (MP TENDERS) पर उपलब्ध रहेगा।

Digitally signed by HITESH CHOUDHARY Date: 03-09-2025 11:32:19

जी-18230/25 — बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल — सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल


## प्रथम पृष्ठ के शेष

### 35 साल सेवा कर ..

गुरुजन सदैव पूजनीयः मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुजन सदैव पूजनीय हैं, क्योंकि वे अपने ज्ञान और परिश्रम से शिक्षा के मंदिरों को प्रकाशित करते हैं। प्रदेश सरकार शिक्षकों के मान-सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सम्मानित सभी शिक्षकों का अभिवादन कर प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान की सराहना की।

**चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आएं-राज्यपाल :** कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल ने कहा है कि समय की जरूरत है कि सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आएं और परिवार एवं समाज का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं, वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं। भावी जीवन की सफलताओं के लिए तैयार करते हैं।

### लगता है हमने भारत...

इससे भारत और चीन, सीमा विवाद के बाद तनाव के बावजूद फिर से करीब आने लगे। हाल ही में चीन के तियानजिन में एससीओ बैठक में पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तिकड़ी की खूब चर्चा हुई। तीनों नेता एक-दूसरे से बात करते दिखाई दिए। इसे पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका के लिए संदेश माना गया। सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं तीनों राष्ट्राध्यक्षों की तस्वीरों के बाद अब ट्रंप ने भी टिप्पणी की है। ट्रंप ने पोस्ट में पीएम मोदी, पुतिन और जिनपिंग की तस्वीर भी शेयर की है। इससे पहले ट्रंप ने चीनी सैन्य परेड में हथियारों को सार्वजनिक तौर पर दिखाए जाने को लेकर भी चीन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यह परेड चीन ने उन्हें दिखाने के लिए की है। परेड में रूस, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया आदि देशों के प्रमुखों को बतौर मेहमान बुलाया गया था। ट्रंप ने कहा, 'बहुत ही अच्छा कार्यक्रम था, लेकिन मुझे पता है कि वह किन वजहों से ऐसा कर रहे हैं। उन्हें विश्वास था कि मैं उसे देख रहा हूं। मैं देख रहा था।'

पुतिन से दूसरी मीटिंग को तैयारः ट्रंप और पुतिन के बीच एक और मुलाकात तय होने वाली है। क्रेमलिन ने इस पर मुहर लगा दी है। हालांकि, दोनों के बीच मीटिंग कब और कहां होगी, यह तय नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता के दिमित्री पेश्कोव के मुताबिक अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपति बहुत जल्द मिल सकते हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति आवास में रात्रिभोज के बाद ट्रंप ने भी एक सवाल के जवाब में कहा था कि वह पुतिन से फिर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत अच्छी चल रही है। बता दें इसके पहले कि अलास्का में ट्रंप और पुतिन की मुलाकात हुई थी। इसके बाद ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया था।

### शिवपुरी में 6.21 करोड़ की ...

एसपी अमन सिंह राठौड़ ने कंट्रोल रूम में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि 4 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र मावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोटा-झांसी फोरलाइन पर मझेरा गांव के पास दबिश दी। यहां संदिग्ध हालत में खड़े आरोपी को पकड़कर कीया कार से 60 पैकेट 30.295 किलोग्राम चरस बरामद किए। एसपी ने कहा, नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

**झोपड़ी से उठकर सात साल में बना चरस किंगः** आरोपी को अब सिर्फ एक नशा कारोबारी के तौर पर ही नहीं देखा जा रहा, बल्कि उसके तार राजनीति से जुड़े होने की संभावना भी सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, संदीप लंबे समय से कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में सक्रिय था। इसी कारण महज सात साल में उसका सफर झोपड़ी से आलीशान मकान तक पहुंच गया। पुलिस की जांच में सामने आ रही संभावनाओं में संदीप के नशे के कारोबार को राजनीतिक छत्रछाया मिलती रही, कई बार पकड़ाने के बाद भी वह बड़े स्तर पर कारोबार करता रहा। पुलिस अब उसके फोन रिकॉर्ड, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और संपर्क सूत्रों की गहन पड़ताल कर रही है। नशे का कारोबार कैसे किसी को रातों-रात अमीर बना देता है, इसका जीता-जागता उदाहरण है थाना देहात पुलिस की गिरफ्त में आया कुख्यात तस्कर संदीप सिंह सिख। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2018 में यह आरोपी झोपड़ी में रहने वाला साधारण व्यक्ति था, लेकिन अवैध मादक पदार्थों के कारोबार ने महज 7 सालों में उसकी जिंदगी बदल दी। वर्तमान में वह अकूत संपत्ति का मालिक बन चुका है।

### महिला अफसर को 'धमकी'...

इस दौरान उन्हें अधिकारी से नंबर मांगकर वीडियो कॉल पर बात करने को कहते सुना जा सकता है। घटना तब हुई जब अधिकारी वहां अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई रोकने गई थीं। पवार ने इस दौरान अधिकारी को कार्रवाई रोकने के सख्त निर्देश दिए। विवाद बढ़ने पर पवार ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उनका कानूनी कार्रवाई में हस्तक्षेप करने का इरादा नहीं था। सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से संबंधित कुछ वीडियोज की ओर मेरा ध्यान आकर्षित हुआ है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि मेरा इरादा कानून प्रवर्तन में हस्तक्षेप करने का नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे और आगे न बिगड़े। पवार ने लिखा कि वे महिला अधिकारियों का बेहद सम्मान करते हैं। उन्होंने लिखा, मैं पुलिस फोर्स और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं का बहुत सम्मान करता हूं। मैं कानून के शासन को सबसे ऊपर रखता हूं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हूं कि रेत खनन सहित हर अवैध गतिविधि से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाए।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला भोपाल**
( जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर, 1250 भोपाल )
( ईमेल आई.डी. -cmhobho@nic.in )

क्र./विज्ञापन / 2025-26/16703 भोपाल, दिनांक 01/09/25

**विज्ञप्ति**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल के द्वारा जिला भोपाल में लिवर ट्रांजिस्ट इलास्टोग्राफी स्कैन सेवाएं निजी क्षेत्र से Mou / Empanelment किये जाने हेतु निविदा कराये जाने हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । आनलाईन निविदा में सम्मिलित होने हेतु 22.09.2025 सायं 6.00 बजे तक एम. पी. टेण्डर पोर्टल से निविदा फार्म क्रय किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी https:// mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल को जारी निविदा बिना कारण दर्शाये निरस्त करने का अधिकार होगा।

जी-18241/25 — मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



**कार्यालय पुलिस थाना छिपाबड जिला हरदा म.प्र.**
थाना/छीपाबड/क्र/1314/25 दिनांक 24.07.25

**अज्ञात मृतक पुरुष की विज्ञप्ति पत्र**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04/06/2025 को सूचनाकर्ता पंकज भगत पिता सदाशिव उम्र 27 साल जाति पवार नि. टीआरडी कालोनी खिरकिया में दिनांक 04/06/2025 को थाना छीपाबड आकर सूचना दी की रेल्वे विभाग मे पॉइंटमैन के पद पर पदस्थ हूं दिनांक 04/06/2025 को समय 01.30 बजे ड्युटी के दौरान रेल्वे स्टेशन मास्टर खिरकिया द्वारा एक लिखित तहरीर दी है जिस मे एक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 45 साल का शव भिरंगी पलासनेर रेल्वे स्टेशन के बीच खंम्बा नंबर 651/13, 14 पर पड़ा है जिसकी सूचना पर थाना छीपाबड में मर्ग क्र. 37/25 धारा 194 बीएनएसएस की कायम कर जांच मे लिया गया है। मृतक पुरूष का हुलिया इस प्रकार है - नाम- अज्ञात मृतक पुरूष, उम्र - करीबन 46 साल सफेद रंग की शर्ट, काला पेंट, लक्स कोजी की अंडरवेयर, काले जूते, काले मोजे जिसमे लाल रंग का निशान बना है पहने हुए है खंडवा से मथुरा जाने का रेल्वे टिकट इस संबंध मे कोई जानकारी मिलती है तो नीचे दिये गये नम्बरो पर सम्पर्क कर थाना छीपाबड जिला हरदा को बताने का कष्ट करे। सम्पर्क-

पुलिस कंट्रोल रूम हरदा- 7587619557
जांचकर्ता प्रआर 360 मुरारी दुबे - 9926827342
थाना प्रभारी उनि दिनेश रावत - 7509487506

जी-18189/25 — थाना प्रभारी, थाना छिपाबड़ जिला हरदा

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



**संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश**
**गुरु तेग बहादुर काम्पलेक्स, टी टी नगर, न्यू मार्केट भोपाल 462003**

**विज्ञप्ति**

क्रमांक : 202/स्था/संसैक/2025/6016 दिनांक : 01 सितम्बर 2025

1. संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश के निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु केवल भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन आमंत्रित हैं:-

| क्रमांक | पद | संख्या | आरक्षण | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक ग्रेड-3 | 01 | अनुसूचित जनजाति | नर्मदापुरम |
| 2. | चौकीदार-सह-फराश | 03 | अनारक्षित-01, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग -01 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग-01 | छिंदवाड़ा, ग्वालियर एवं मुरैना |

टीपः- चौकीदार-सह-फराश के चयनित उम्मीदवार को चौकीदार, कार्यालय की सफाई, बाथरूम की सफाई इत्यादि करनी होगी।

2. आवेदन का प्रारूप, अर्हता एवं अन्य जानकारी https://sainikkalyan.mp.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

3. भूतपूर्व सैनिक अपना आवेदन जिस जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पंजीकृत है, से डाक से 22 सितम्बर 2025 तक भेजना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

जी-18221/25 — बिग्रेडियर अरुण नायर, सेना मेडल ( से.नि. ) संचालक

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग**
**भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 21/व.ले.लि./2025-26 भोपाल, दिनांक 29.08.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि ( रु. लाख में ) | अमानत राशि |
| 1 | 2025_PWDRB_ 448007_1 | उपसंभाग क्र.-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत न्यू 48 डी-टाइप बहुमंजिला कैम्पस में सुरक्षा गार्ड कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 29.63 | 50000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_ 448009_1 | उपसंभाग क्र.-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत न्यू 48 डी-टाइप बहुमंजिला साफ-सफाई एवं हार्टिकल्चर संधारण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 38.64 | 50000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_ 448010_1 | उपसंभाग क्र.-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-7अ के एफ.जी.एच. टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 49.00 | 50000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_ 448011_1 | उपसंभाग क्र.-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत न्यू 48 डी-टाइप बहुमंजिला आवास गृहों में ए. आर./अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 40.00 | 50000.00 |
| | | योगः- | | 157.27 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 19.09.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

जी-18248/25 — पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार — कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग लो.नि.वि., भोपाल ( म. प्र. )



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23,**
**59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**
☎:-0755-2761257 E-mail:- eenvda23@gmail.com

पत्र क्रमांक 2223/व.ले.लि.-23/2025-26, भोपाल, दिनांक : 04.09.2025

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | नि. आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) | धरोहर की राशि ( रुपये में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रुपये में ) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 05 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नर्मदा भवन, भोपाल (सेमीनार हॉल एवं चतुर्थ तल मीटिंग हाल में स्थापित साऊण्ड सिस्टम का वार्षिक रख-रखाव व संचालन एवं नर्मदा भवन और पुनासा एवं ऑंकारेश्वर अतिथिगृहों में सी.सी.टी.व्ही. निगरानी प्रणाली के लिए संचालन का कार्य। | Rs.6.31 लाख (रु.छः लाख इकत्तीस हजार मात्र) | Rs. 12,620.00 (रु. बारह हजार छः सौ बीस मात्र) | Rs 2,000.00 (रु. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी ''अ'' श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |
| 2. | 06 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के गीतांजली काम्पलेक्स, भोपाल के एच.आई.जी. आवासगृहों में सेनेटरी एवं हार्डवेयर का वार्षिक रख-रखाव कार्य वर्ष 2025-26 के लिए । | Rs.15.34 लाख (रु. पन्द्रह लाख चौतीस हजार मात्र) | Rs. 30,680.00 (रु. तीस हजार छः सौ अस्सी मात्र) | Rs 2,000.00 (रु. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक19.09.2025, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 22.09.2025, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

जी-18257/25 — पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार — कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59, अरेरा हिल्स,नर्मदा भवन,भोपाल

# सबालेंका लगातार तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में, खिताबी भिड़ंत अमांडा अनिसिमोवा से

## गत चैंपियन आर्यना ने पेगुला को दी शिकस्त, अमांडा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को हराया



जेएनएन, न्यूयार्क

गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था, लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रहीं। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका की फाइनल में भिड़ंत उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगी। बेलारूस की सबालेंका ने गुरुवार रात को अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी। तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची सबालेंका ने कहा, मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### भांबरी-वीनस का सफर सेमीफाइनल में थमा

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया था। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

### अमांडा लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में



अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3), 6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। उन्होंने जुलाई में विंबलडन के फाइनल में भी जगह बनाई थी, लेकिन इगा स्वियातेक से 6-0, 6-0 से हार गई थी। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था। अनिसिमोवा 2017 में स्लोएन स्टीफंस के बाद यूएस ओपन महिला एकल फाइनल में पहुंचने वाली पहली घरेलू खिलाड़ी बन गई हैं। जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, चलो आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। अनिसिमोवा ने कहा, यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी, लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।

# भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

## मप्र सहित 16 टीमें लेंगी हिस्सा, प्रशंसकों को प्रवेश नहीं

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफाइनल और 26 सितंबर से होने वाला फाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर, हनुमा विहारी, विजय शंकर, शशांक सिंह भाग लेने वाले शीर्ष भारतीय सितारों में से हैं। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मध्य प्रदेश, हिमाचल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य की टीमें शामिल हैं। चिन्नास्वामी की क्रिकेट कैलेंडर में वापसी ऐसे समय में हुई है, जब आरसीबी ने इस दुखद भगदड़ पर सोशल मीडिया पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। पिछले हफ्ते फ्रेंचाइजी ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी, साथ ही बेहतर भीड़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक कार्रवाई का भी वादा किया था। यह स्थल केएससीए, कर्नाटक सरकार और राज्य पुलिस के बीच चल रही खींचतान का केंद्र रहा है- 4 जून की घटना के बाद से फ्रेंचाइजी के साथ-साथ सभी पुलिस की भी एक सदस्यीय ट्रिब्यूनल द्वारा जांच की जा रही है।

# टीम इंडिया की जर्सी को स्पॉन्सर करना महंगा, बोर्ड ने बढ़ाए दाम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा, क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने द्विपक्षीय सीरीज के लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपए कर दिए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता था। यह बदलाव ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के आने के बाद ड्रीम11 के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद हुआ है। सरकार द्वारा हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के बाद बीसीसीआई ने भारतीय टीम के प्रमुख प्रायोजक ड्रीम11 का अनुबंध रद्द कर दिया। यह संशोधन आगामी एशिया कप के समाप्त होने के बाद ही लागू होगा। बीसीसीआई को हालांकि 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। बोली के परिणाम के आधार पर अंतिम आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। नई दरें आगामी एशिया कप के बाद से प्रभावी होंगी। बीसीसीआई संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपए से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है।

## खेल एक नजर

### टी-20 त्रिकोणीय सीरीज: यूएई को हराकर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचा

**शारजाह, जेएनएन।** पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। सीरीज का अपना पहला मैच खेल रहे लेग स्पिनर अबरार अहमद ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से टीमों का अपने स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव करने का सिलसिला लगातार पांचवें मैच में भी जारी रहा। यूएई की तरफ से सलामी बल्लेबाज अलीशान शराफू ने 51 गेंद पर सर्वाधिक 68 रन बनाए।

### न्यूजीलैंड के टेलर ने लिया संन्यास वापस, अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के महान क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी-20 विश्व कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी-20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरू रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए खेलने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे। टेलर ने कहा कि जब खिलाड़ी आपको संन्यास का फैसला बदलकर उनकी मदद के लिए कहते हैं, तो बहुत बड़ी बात है। मैं अब युवा तो नहीं हूं, लेकिन इतना फिट हूं कि बाउंड्री के पास दौड़ सकूं।



### ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप टीम में सोफी मोलिनक्स और वेयरहैम की वापसी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुआई में 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थीं। वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही।

**ऑस्ट्रेलियाई टीमः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# भारत ने थाईलैंड को 11-0 से रौंदकर किया शानदार आगाज

**हांगझोउ (चीन), जेएनएन।** उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को थाईलैंड को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर, जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुताजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 चरण में पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी।

महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट



### पुरुष एशिया कप : भारत का सामना आज चीन से होगा

**राजगीर (बिहार), जेएनएन।** फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप में शनिवार को सुपर-4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया से 2-2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4-1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढ़ा होगा। भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया।

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड की सरजमीं पर 27 साल बाद जीती वनडे सीरीज

## तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले इंग्लैंड पांच रन से हारा

जेएनएन, लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे वनडे मुकाबले में पांच रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की सीरीज एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। यह दक्षिण अफ्रीका की 1998 के टेक्साको ट्रॉफी के बाद इंग्लैंड में पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीत है। ब्रीट्जके, जो उस जीत के पांच महीने बाद पैदा हुए थे, अब रविवार को साउथैम्पटन में सीरीज ट्रॉफी उठाएंगे। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। दक्षिण अफ्रीका के नांद्रे बर्गर ने तीन, जबकि केशव महाराज ने 59 रन देकर 2 विकेट लेकर अपनी नंबर 1 की छवि को बरकरार रखा। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे।



- कुछ महीने पहले दक्षिण अफ्रीका ने 1998 के बाद पहली बार आईसीसी ट्रॉफी जीती थी और अब उन्होंने 1998 के बाद इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज जीती है।
- लॉर्ड्स पर इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड रन चेज का मुश्किल था। मेजबान इंग्लैंड की टीम अगर इस लक्ष्य को हासिल कर लेती तो फिर भारत के रिकॉर्ड को तोड़ सकती थी। भारत ने साल 2002 में नेटवेस्ट सीरीज के फाइनल में चेज करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ 326 रन बनाए थे।
- 85 रन की पारी ब्रीट्जके ने मैच में खेली। वे लॉर्ड्स में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने पहले पांच वनडे पारियों में हर बार 50+ रन बनाने का अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया।
- 2025 में यह इंग्लैंड की 11 वनडे में आठवीं हार थी। 2023 विश्व कप की शुरुआत के बाद से इंग्लैंड ने अब तक 31 में से केवल 10 वनडे जीते हैं, और इस नए चक्र में 22 में से सात।

### जगदीशन दोहरे शतक से चूके, दक्षिण क्षेत्र ने बनाए उत्तर के खिलाफ 536 रन

**बेंगलुरु, जेएनएन।** नारायण जगदीशन (197) अपना दोहरा शतक पूरा करने से महज तीन रन से चूक गए, जिससे दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में दूसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 536 रनों का प्रभावशाली स्कोर बनाया। दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 297 रन से करने के बाद दक्षिण क्षेत्र ने पूरे दिन (88.2 ओवर) बल्लेबाजी की, लेकिन बाकी विकेट खोकर केवल 239 रन ही बना सका। जगदीशन ने रनआउट होने से पहले 352 गेंद में 16 चौके और तीन छक्के लगाए। उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के पास अब पहली पारी में 537 के स्कोर तक पहुंच कर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए पूरे दो दिन हैं। दिन की शुरुआत में दक्षिण के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन (11) दूसरी ही गेंद पर भारत के मध्यम गति के गेंदबाज अंशुल कंबोज (24 ओवर में 67 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट हो गए। रिकी भुई (54) और जगदीशन ने पांचवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी निभाई। लंच के बाद के सत्र में भुई ने पारी को संभाला। लेकिन स्पिनर निशांत सिंधु (125 रन देकर पांच विकेट) की गेंद पर अंकित कुमार के हाथों कैच आउट हो गए।

### मालेवार और शुभम के अर्धशतक, मध्य क्षेत्र की पश्चिम के खिलाफ मजबूत पकड़

**बेंगलुरु, जेएनएन।** दानिश मालेवार (76) और शुभम शर्मा की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तर क्षेत्र के 438 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 229 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होते समय शुभम (60) के साथ कप्तान रजत पाटीदार (47) क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 69 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। टीम पहली पारी में उत्तर क्षेत्र से 209 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष है। क्वार्टर फाइनल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने वाले मालेवार ने धैर्य के साथ पारी की शुरुआत करते हुए 76 रन बनाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए आयुष पांडे (40) के साथ 67 रन की साझेदारी की। पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 363 रन से की। इस समय 24 रन पर बल्लेबाजी कर रहे कप्तान शार्दुल ठाकुर ने 83 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सातवें विकेट के लिए कोटियान (76) के साथ 84 रन की साझेदारी की। शार्दुल 64 रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद मध्य क्षेत्र के गेंदबाजों ने 27 रन के अंदर तीन विकेट चटकाकर पश्चिम क्षेत्र की पारी को 438 रन पर समेट दिया।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल

## सिटी स्पोर्ट्स

### मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष बने पीयूष शर्मा भोपाल के रामकुमार खिलरानी उपाध्यक्ष

**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश तैराकी संघ का अध्यक्ष एक बार फिर पीयूष शर्मा को चुना गया है। साईं कृष्णा रिसॉर्ट इटारसी में संपन्न संघ की वार्षिक साधारण सभा में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा पुनः सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुने गए है। भोपाल के रामकुमार खिलरानी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। संघ की वार्षिक सभा में प्रदेश की विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस निर्वाचन प्रक्रिया में भारतीय तैराकी संघ के प्रतिनिधि के रूप में बलराज शर्मा एवं खेल विभाग की ओर से खेल अधिकारी उमा पटेल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्ति जिला न्यायाधीश डॉ. रमेश साहू के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश तैराकी संघ के विभिन्न पदों का भी निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें सचिव पद पर जयकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष महेश सुगणा, दिलीप जोशी, लोकेंद्र सिंह राठौर, रामकुमार खिलरानी और रमेश व्यास चुने गए।



पीयूष शर्मा



रामकुमार

### खेल अधिकारी दीवानचंद्र मौली सम्मानित

**भोपाल, खेप्र।** शहर के टीटी नगर स्थित मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या रेखा शर्मा ने शिक्षकों के योगदान और नैतिक मूल्यों के संरक्षण के बारे में बताया। प्राचार्या शर्मा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और शैक्षिक योगदान हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय योग्यता सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। स्कूल के खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली को बेस्ट स्पोर्ट्स टीचर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की अतिरिक्त सचिव डॉ. प्रियंका गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



# स्लोवाकिया ने जर्मनी को उलटफेर का शिकार बनाया

## विश्व कप यूरोपीय क्वालिफायर, स्पेन-बेल्जियम जीते

**लंदन, जेएनएन।** स्लोवाकिया ने जर्मनी को 2-0 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालिफायर में बड़ा उलटफेर किया। डेविड हैन्को और डेविड स्ट्रेलेक ने जर्मनी की रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर स्लोवाकिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई। स्लोवाकिया ने आखिरी बार 2010 में विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया था। इस हार से जर्मनी की 2026 में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। प्लेऑफ से बचने के लिए जर्मनी को अब अपने शेष सभी पांच मैच जीतने होंगे। यह ग्रुप-ए में जर्मनी का पहला मैच था, जिसमें गुरुवार को उत्तरी आयरलैंड ने लक्जमबर्ग को 3-1 से हराया था। एक अन्य मैच में यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने बुल्गारिया को आसानी से 3-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से मिकेल ओयारजाबल, मार्क कुकुरेला और मिकेल मेरिनो ने गोल किए। बेल्जियम ने लिचटेंस्टीन के खिलाफ धीमी शुरुआत की और हाफटाइम तक केवल 1-0 की बढ़त बनाए रखी, लेकिन बाद में उसने 6-0 की जीत दर्ज की, जिसमें एल्टन विला के यूरी टिलेमान्स के दो गोल और नेपोली के केविन डी ब्रूने का एक गोल शामिल हैं।



# बाढ़ ने मिटा दी भारत-पाक की सीमा!

**खाली पड़े हैं पोस्ट | बह गई 30 किमी लोहे की बाड़**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रावी नदी में बाढ़ की वजह से भारत-पाकिस्तान की सीमा पर लगी लगभग 30 किलोमीटर लंबी लोहे की बाड़ भी बह गई। वहीं दर्जनों ऐसी पोस्ट हैं जहां बीएसएफ के सैनिक मौजूद नहीं हैं। यही हाल पाकिस्तान का भी है। पानी की ताकत के सामने इंसानों की बनाई सरहदें भी टिक नहीं पाईं। पंजाब में उग्र रूप धारण करने वाली रावी नदी ने भारत और पाकिस्तान की सीमा पर करीब 30 किलोमीटर की तारबंदी ही खत्म कर दी। खंभे और तार भीषण बाढ़ में बह गए। वहीं दोनों ही तरफ दर्जनों चेकपोस्ट खाली पड़े हैं। बाढ़ को देखते हुए बीएसएफ ने भी अपने चेकपोस्ट खाली कर दिए थे और सारा साजो सामान भी निकाल लिया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रग्स स्मग्लर्स इस बाढ़ का भी फायदा उठाने में लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कई तस्करों ने सीमा को लांघने की कोशिश की थी, हालांकि वे बीएसएफ की नजर में आ गए और पकड़े गए। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के डीआईजी एके विद्यार्थी ने कहा, अकेले गुरदासपुर में हमारे 30 से 40 पोस्ट पानी में डूब गए हैं। सभी को समय पर बाहर निकाल लिया गया था। इसके अलावा लगभग 30 किलोमीटर की बाड़ बाढ़ की वजह से तबाह हो गई है। कई गांवों के लोगों ने भागकर बीएसएफ के शिविरों में शरण ली है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर की बीएसएफ पोस्ट भी बाढ़ के पानी में डूब गई है। वहीं जवानों ने भागकर डेरा बाबा नानक के गुरुद्वारा दरबार साहिब में शरण ली है। अधिकारियों ने कहा, रावी नदी ने सीमा पार भी तबाही मचाई है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने कई पोस्ट खाली कर दी हैं। कई साल बाद रावी में इतनी भीषण बाढ़ आई है।



### रावी नदी के 28 से ज्यादा बांध टूटे

गुरदासपुर ड्रेनेज डिपार्टमेंट के मुताबिक रावी नदी के 28 से ज्यादा बांध टूट गए हैं। अमृतसर में ही 1- से 12 बंधे टूटे हैं। वहीं पठानकोट में एक दो किलोमीटर लंबा बांधा टूट गया है। डेरा बाबा नानक के पास 500 मीटर के लगभग बाड़ उखड़ गया है। बीएसएफ का कहना है कि महीनेभर में इसे फिर से दुरुस्त कर दिया जाएगा। वहीं बीएसएफ के जवान फिरोजपुर और अन्य जिलों में राहत बचाव में लगे हुए हैं।

### भांखड़ा डैम का जलस्तर घटा

उधर पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शुक्रवार को बताया कि भाखड़ा डैम का जलस्तर अब घटकर 1678.66 रह गया है, जबकि कल यह 1679.05 था, यानी लगभग आधा फुट की कमी आई है। बैंस ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बारिश पहले से कम है, सभी जगह मौसम में सुधार होने की उम्मीद है, यह राहत भरी खबर है। उन्होंने कहा, %हम लगातार स्थिति पर नज़र रखे हुए हैं, पिछले कई दिनों से हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तेज़ कर चुके हैं, ईश्वर की कृपा से किसी भी तरह की जनहानि टल गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### टोंटी चोरी बयान पर भाजपा विधायक को सपा का नोटिस

**लखनऊ/बलिया, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की बांसडीह विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक केतकी सिंह इन दिनों अपने एक बयान के चलते चर्चाओं में बनी हुई है। बीजेपी विधायक ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उनसे सरकारी टोंटियों का हिसाब किताब मांगा था। उनके इस बयान के बाद से सूबे की राजनीति गरमा गई थी। सपा ने बीजेपी विधायक को नोटिस भेज दिया है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने बताया कि बीजेपी विधायक केतकी सिंह को आमर्यादित टिप्पणी, झूठ और छवि धूमिल करने वाले बयान के लिये कानूनी नोटिस भेजा है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वकील कृष्ण कन्हैया पाल ने बताया कि बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने फर्जी आरोप लगाए हैं, जो बेसलेस हैं। नोटिस के जरिये बीजेपी विधायक से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगने के लिए कहा गया है। इसके लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इसके साथ ही 5 करोड़ रुपये का हर्जाना भी मांगा जाएगा, जो पूरी तरह से आपके जोखिम और खर्च पर होगा।

शीना बोरा केस में आया नया ट्विस्ट

### मुख्य गवाह विधि मुखर्जी का यू-टर्न, बदला बयान



**नई दिल्ली, जेएनएन।** शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य गवाह विधि मुखर्जी ने गुरुवार को मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत में हलफनामा दाखिल कर चौंकाने वाला खुलासा किया। विधि मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की बेटी हैं। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई ने उनकी मां की गिरफ्तारी के बाद 2015 में उनका बयान दर्ज किया था। यह बयान उनकी दी दिन पहले की गवाही से बिल्कुल उलट है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीबीआई की चार्जशीट में उनके बयान के नाम पर दस्तावेज जाली और मनगढ़ंत थे। इस यू-टर्न ने मामले को और पेचीदा कर दिया है। 28 साल की विधि स्पेन में रहती हैं और छुट्टियों में मुंबई आती हैं। उन्होंने तीन दिन तक गवाह के तौर पर अपनी बात रखी। उनका कहना है कि 2022 में तैयार किया गया यह हलफनामा उन्होंने तब दाखिल करने के लिए रखा था, अगर वह खुद कोर्ट में मौजूद न हो पातीं।

### जघन्य अपराधों की त्वरित सुनवाई हो : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जघन्य अपराधों के मामलों में त्वरित जांच और सुनवाई होनी चाहिए, क्योंकि अपराधी न्याय प्रणाली को हाइजैक करने का प्रयास करते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी द्वारा यह कहने के बाद की कि एनआइए अदालतें स्थापित करने के लिए केंद्र राज्यों के साथ परामर्श कर रहा है। इस संबंध में जल्द निर्णय लिया जाएगा। एएसजी ने कहा कि राज्यों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। पीठ ने ऐश्वर्या को बताया कि जघन्य अपराधों में समयबद्ध जांच का पूरा होना समाज हित में है। कभी-कभी ये दुर्दांत अपराधी पूरी न्याय प्रणाली को अपने नियंत्रण में ले लेते हैं और मुकदमे को पूरा नहीं होने देते, परिणामस्वरूप अदालतें देरी के आधार पर उन्हें जमानत देने के लिए बाध्य हो जाती हैं।

# चीन से सीमा विवाद एक बड़ी चुनौती, दूसरी पाकिस्तान, दोनों के पास परमाणु हथियार

## बोले सीडीएस राष्ट्र को चलाने के लिए विचारधारा उतनी ही जरूरी है जितना शरीर के लिए खून

**गोरखपुर, जेएनएन।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा- भूमि राष्ट्र की भौतिक पहचान है। राष्ट्र की विचारधारा की सुरक्षा भी जरूरी है। एक राष्ट्र के संचालन के लिए विचारधारा उतनी ही जरूरी है, जितना शरीर के लिए खून। यह प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करता है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने गोरखपुर में ने कहा कि चीन के साथ भारत का सीमा विवाद देश के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। वहीं भारत के खिलाफ पाकिस्तान का लगातार हमला अगला बड़ा मुद्दा है। पाकिस्तान का मकसद हमेशा से भारत को हजार जख्म देकर लहूलुहान करने का रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सामने चुनौतियां थोड़े समय के लिए नहीं रहतीं, वो कई तरह से मौजूद हैं। एक चुनौती यह भी है कि युद्ध के नियम बदल चुके हैं, अब साइबर और अंतरिक्ष भी इसमें शामिल है।



### चार खतरे होते हैं

सीडीएस चौहान ने कहा, देश में चार तरह के खतरे होते हैं। आंतरिक खतरे। बाहरी खतरे, सहयोग से उत्पन्न आंतरिक खतरे और सहयोग से उत्पन्न आंतरिक खतरे। मानना है कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा तीन स्तर पर देख सकते हैं। तीन घेरे के रूप में। सबसे छोटा घेरा सैनिक तत्परता, उससे बड़ा घेरा राष्ट्रीय सुरक्षा और सबसे बड़ा घेरा राष्ट्र सुरक्षा है। ये तीनों घेरे एक साथ मिलकर काम करते हैं। सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इसे रक्षा अनुसंधान (रिसर्च) से भी जोड़ना चाहिए।

### सीमा विवादः पहले कई लड़ाईयां भी हुईं

सीडीएस चौहान ने कहा- दुश्मन परमाणु हथियारों से लैस है। आजादी के बाद से सीमा विवाद को लेकर कई लड़ाइयां हुई। चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती है। शुक्रवार को जनरल चौहान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषय पर आयोजित सेमिनार पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने ये बातें कहीं। इस दौरान सीएम योगी भी उनके साथ रहे। ये सेमिनार महंत दिग्विजयनाथ महाराज और अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर हर साल आयोजित किया जाता है।

### युद्ध राजनीति का ही विस्तार है

जर्मन विद्वान ने कहा था कि युद्ध राजनीति का ही विस्तार है। इसके गहरे निष्कर्ष हैं। युद्ध और अंतरराष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। जब किसी भी देश की सरकार इस स्थिति में पहुंचती है कि सैन्य इस्तेमाल की जरूरत है तो सैन्य अधिकारी को आगे के लिए रणनीति बुलाया जाता है। बालाकोट ऑपरेशन के बाद भारत ने लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार और पाकिस्तान ने एयर डिफेंस की जरूरत पर काम किया। उरी अटैक के बाद जमीनी मार्ग का सहारा लिया। पुलवामा हुआ तो एयर स्ट्राइक की। पहलगाम हुआ तो लोअर एयरस्पेस का सहारा लिया।

### योगी बोले- धरती के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी

सीएम योगी ने कहा-वाणक्य ने कहा था कि जहां आंतरिक सुरक्षा नहीं होती, वह अराजक राष्ट्र होता है। जल्द ही खत्म हो जाता है। पाकिस्तान उसका उदाहरण है। भारत इस मामले में सतर्क है। यहां बचपन से सीख दी जाती है कि भारत हमारी माता है, इसलिए इस धरती के साथ छेड़छाड़ कोई बर्दाश्त नहीं कर सकता। किसी ने छेड़छाड़ की, तो हर भारतवासी उसके खिलाफ खड़ा होता है। भगवान राम ने प्रण लिया था कि राक्षसों को समाप्त कर दूंगा। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि सुरक्षा के लिए जो खतरा बना है, उसे खत्म करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित बन सकता है। आप सुख की नींद इसलिए सो रहे हैं, क्योंकि एक सैनिक मोर्चे पर माइनस डिग्री तापमान में खड़ा होकर सुरक्षा कर रहा है। हमने दुश्मन को उसकी सीमाओं का एहसास कराया।

### ऑपरेशन सिंदूर का भी किया उल्लेख

ऑपरेशन सिंदूर की बात करते हुए उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान सशस्त्र बलों को पूरी तरह आजादी थी, जिसमें योजना बनाना और टारगेट का चयन करना शामिल था। हमारा उद्देश्य आतंकवादियों से बदला लेना नहीं, बल्कि एक ही उद्देश्य था, धैर्य की सीमा रेखा खींचना।

# दिल्ली में घुसा यमुना का पानी, कई इलाके प्रभावित



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में भारी बारिश व बाढ़ से हालात खराब हैं। यमुना के बढ़ते जलस्तर ने यमुना बाजार, गीता कॉलोनी, मजनू का टीला, कश्मीरी गेट, गढ़ी मांडू और मयूर विहार जैसे इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है। अब तक 14,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दिल्ली के जल और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर और राष्ट्रीय राजधानी में जलजमाव की स्थिति पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान जलजमाव यमुना नदी के बाढ़ का कारण नहीं बल्कि बारिश के पानी के कारण है। शुक्रवार को उन्होंने दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

### यमुना का जलस्तर 207.24 मीटर पहुंचा

शुक्रवार को दिल्ली में यमुना के जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। दोपहर 12 बजे जलस्तर 207.24 मीटर पहुंच गया। जबकि सुबह आठ बजे जलस्तर 207.31 मीटर था।

### जम्मू-श्रीनगर हाइवे 10वें दिन भी बंद

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। भूस्खलन और बारिश के कई जगहों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गए है। कुछ को बहाल कर दिया गया है, लेकिन सड़कें अभी बंद है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार 10वें दिन शुक्रवार को भी बंद रहा। यातायात ठप रहने से लोगों काफि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले को कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाले अंतर-क्षेत्रीय मुगल रोड को तीन दिनों तक बंद रहने के बाद वाहनों के आवागमन के लिए फिर से खोल दिया गया है। कश्मीर जाने वाले राजमार्गों और अन्य अंतर-क्षेत्रीय सड़कों के बंद होने के कारण कठुआ से कश्मीर तक विभिन्न स्थानों पर 3,700 से अधिक वाहन फंस गए हैं। यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार दिनों से बंद मुगल रोड को यातायात के लिए पुनः खोल दिया गया है, और हल्के वाहनों (एलएमवी) सहित यात्री और निजी कारों को मुगल रोड पर दोनों ओर से जम्मू से श्रीनगर की ओर तथा पुंछ के रास्ते श्रीनगर की ओर जाने की अनुमति दे दी गई है।

# नेपाली पीएम ने जिनपिंग से की भारत की शिकायत, चीन बोला दखल नहीं देंगे

**बीजिंग, जेएनएन।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ समिट में लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली को उम्मीद थी कि भारत की शिकायत लेकर चीन के पास पहुंचे नेपाली पीएम को समर्थन मिलेगा, लेकिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऐसा जवाब दे दिया, जिसके बाद ओली अब शायद ही दोबारा ऐसा कदम उठाएं। जिनपिंग ने ओली से साफ तौर पर कह दिया कि यह मामला नेपाल और भारत के बीच का है, ऐसे में वह इसमें दखल नहीं देंगे बल्कि भारत-नेपाल को ही इसे सुलझाना होगा। दरअसल, हाल ही में उत्तराखंड की सीमा पर स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन में व्यापार को लेकर सहमति बनी है, जिससे नेपाल नाराज है। एससीओ समिट में नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के सामने दावा किया कि लिपुलेख नेपाल का इलाका है। यह पिछले दस सालों में पहली बार था, जब किसी



नेपाल के नेता ने जिनपिंग के सामने ऐसा दावा किया हो। लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच बनी सहमति का जिक्र करते हुए ओली ने कहा कि यह नेपाल का इलाका है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय ने यह बात बताई जो ओली के साथ बैठक में जिनपिंग ने कही। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, लिपुलेख एक पारंपरिक सीमा दर्रा है, और इसके संचालन के लिए एक समझौता किया गया है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन चूंकि सीमा विवाद भारत और नेपाल के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, इसलिए इसे दोनों पक्षों को सुलझाना होगा।

# 'बी' से बीड़ी और 'बी' से बिहार कहकर फंसी कांग्रेस को मांगनी पड़ी माफी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बी से बीड़ी और बी से बिहार पर कांग्रेस बुरी तरह से फंस गई है। इसके लिए कांग्रेस को माफी भी मांगनी पड़ी। इसके पोस्ट को डिलीट कर दिया। जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। भाजपा ने इसको लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था।

**सफाई में क्या कहा:** केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर कहा गया है कि, 'हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी से जुड़े चुनावी प्रचार पर हमारी टिप्पणी को तोड़ा- मरोड़ा जा रहा है। अगर किसी को हमारी बात से ठेस पहुंची है तो हम माफी चाहते हैं। इस पूरे प्रकरण पर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि, 'उन्होंने केरल कांग्रेस की पोस्ट नहीं देखी है, लेकिन अगर ऐसा कोई बयान दिया गया है तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



**कांग्रेस ने क्या लिखा था:** गौरतलब है कि कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीड़ी-सिगरेट पर जीएसटी की नयी दर लागू करने में सिगरेट के साथ पक्षपात की ओर संकेत करते हुए कहा कि बीड़ी और बिहार का पहला अक्षर (अंग्रेजी) के बी से शुरू होता है। बीड़ी में अब कोई बुराई नहीं मानी जाएगी।

**भाजपा नेता हुए हमलावर:** कांग्रेस की पोस्ट पर भाजपा नेता हमलावर हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का अपमान करने के बाद कांग्रेस अब पूरे बिहार का अपमान करने पर उतर आई है। इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि यह बिहार के प्रति इंडिया गठबंधन की नफरत की झलक है।

# भविष्य की जंगों से निपटने रोडमैप-2025 जारी हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने भविष्य की जंगों को ध्यान में रखते हुए अपनी रक्षा तैयारियों के लिए बड़ा खाका पेश किया है। रक्षा मंत्रालय ने टेक्नोलॉजी पर्सपेक्टिव एंड कैपेबिलिटी रोडमैप 2025 जारी कर दिया है, जो अगले 15 वर्षों तक भारतीय सशस्त्र बलों की आधुनिक जरूरतों और तकनीकी क्षमताओं की दिशा तय करेगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाइपरसोनिक हथियार, स्पेस वॉरफेयर, डायरेक्टेड एनर्जी वेपन और मानवरहित युद्धक प्रणालियों जैसे क्षेत्रों को खास प्राथमिकता दी गई है।



**थल सेना की जरूरतें:** भारतीय थल सेना ने रोडमैप में करीब 1,800 से अधिक नेन बैटल टैंक्स, 400 हल्के टैंक, 6 लाख तोप के गोले और कई मानवरहित हवाई प्रणालियों की मांग रखी है। इनका उद्देश्य भविष्य की हाई-टेक जंगों में फुर्ती और मारक क्षमता बढ़ाना है।

**वायुसेना की तैयारी-** भारतीय वायुसेना ने भविष्य के लिए बेहद महत्वाकांक्षी योजनाएं रखी हैं। इसमें 20 स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप्स, 350 मल्टी-मिशन ड्रोन, स्टील्थ यूसीएवी, हाई-पावर लेजर सिस्टम और डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। इसके अलावा एंटी-स्वार्म ड्रोन तकनीक और सैटेलाइट-आधारित सुरक्षित संचार प्रणाली को भी प्राथमिकता दी गई है।

# लाल आंखें और माथे पर चोट, उर्फी जावेद बदहवास

**मुंबई, जेएनएन।** अपने बोल्ड अंदाज के लिए मशहूर सोशल मीडिया सेंसेशन और फैशन आइकन उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर रोती हुई सेल्फी पोस्ट करके अपने फैंस को चिंता में डाल दिया है। एक्ट्रेस ने भावुक तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी आंखें नम दिखाई दे रही थीं, जिससे नेटिजन्स के बीच चिंता की लहर दौड़ गई। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर उर्फी जावेद ने कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह रोती हुई दिखाई दे रही हैं और अपना घायल सिर भी दिखा रही हैं। हालांकि, उन्होंने इसके पीछे का कारण नहीं बताया। इसके अलावा, उन्होंने गणपति उत्सव मनाने की एक झलक भी दिखाई। हालांकि, उनकी रोती हुई सेल्फी ने तुरंत ध्यान खींचा और फैंस ने उनसे पूछा कि क्या सब ठीक है। एक फैन ने लिखा- क्या हुआ? दूसरे ने लिखा- तुम क्यों रो रही हो, प्रिय। इतना ही नहीं, उन्हें रोता हुआ देख तो फैंस का दिल पिघला लेकिन गणेश उत्सव मनाने के लिए कुछ हेटर्स भी आ धमके। उन्होंने उर्फी से धर्म की दुहाई देते हुए कहा कि उन्होंने ये सही नहीं किया लेकिन उर्फी को किसी से फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने तो खुलकर पूजा में भी हिस्सा लिया। उर्फी जावेद 4 जुलाई को निकिता लूथर के साथ द ट्रेटर्स की विनर बनीं। दोनों ने 70.05 लाख रुपये की पुरस्कार राशि जीती। 20 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स के साथ शुरू हुआ अमेज़न प्राइम वीडियो का यह शो एक रोमांचक फिनाले के साथ खत्म हुआ जहां दोनों ने कॉमेडियन हर्ष गुजराल को हराकर खिताब अपने नाम किया।




साम्राज्य | रुखसत हुआ दुनिया को संवरने का सलीका सिखाने वाला, दुनिया भर में 600 स्टोर, 9000 कर्मचारी

# कौन संभालेगा अरमानी का 1.5 लाख करोड़ साम्राज्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया में फैशन किंग के नाम से मशहूर डिजाइनर जॉर्जियो अरमानी 91 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। अरमानी फैशन की दुनिया के वह जादूगर हैं, जिसने हमें सिर्फ कपड़े पहनना ही नहीं, बल्कि खुद को एक्सप्रेस और एडमायर करना सिखाया। इटली का यह नाम सिर्फ फैशन इंडस्ट्री का नहीं, बल्कि एक जनरेशन का ट्रेंड बन चुके थे। उनका जाना सिर्फ एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक सोच, एक विजन और एक स्टाइल की रुख्सती है। फैशन को एक अलग तरीके से पेश वाले इस आइकन ने 1970 के दशक में जब बिना लाइनिंग वाले सूट और अनस्ट्रक्डे जैकेट्स को पेश किया, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह सिम्प्लिसिटी कल लग्जरी की नई पहचान बनेगी, लेकिन अरमानी ने इसे कर दिखाया। अब जब अरमानी दुनिया से रुख्सत हो गए हैं तो सोशल मीडिया पर लोग उन्हें याद कर रहे हैं। उन्होंने इटली के मिलान स्थित घर पर अंतिम सांस ली। उनकी मौत से पूरी फैशन इंडस्ट्री शोक में है। वह मशहूर क्लोदिंग ब्रांड अरमानी के मालिक थे।

**91 साल की उम्र में भी करते काम:** उनके निधन के बाद कंपनी ने बयान जारी कर कहा- अनंत दुख के साथ हम अपने संस्थापक और प्रेरणा स्रोत जॉर्जियो अरमानी के निधन की सूचना देते हैं। जॉर्जियो अरमानी का सफर बड़ा दिलचस्प है। 91 साल की उम्र में भी काम करते थे। उन्होंने कभी कहा था- मेरी सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि मैं हर चीज पर नियंत्रण रखना चाहता हूं।





शायद यही वजह है कि वे अंत तक अपनी कंपनी और डिजाइनिंग से जुड़े रहे। अरमानी सिर्फ एक डिजाइनर नहीं थे, बल्कि इटली की पहचान, फैशन के बादशाह और पूरी दुनिया के लिए स्टाइल का दूसरा नाम थे।

### 23 हजार करोड़ का टर्न ओवर

साल 1975 में उन्होंने अरमानी ग्रुप की शुरुआत की थी। कुछ सालों में कंपनी फैशन इंडस्ट्री की पहचान बन गई। अरमानी का बिज़नेस 23 हजार करोड़ रुपए सालाना टर्नओवर करता है। दुनिया भर में 600 से ज्यादा स्टोर और 9,000 कर्मचारी इस ग्रुप से जुड़े हैं। ख़ास बात यह है कि मैनेजमेंट में आधे पद महिलाओं के पास हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, अरमानी की नेटवर्थ 12.1 अरब डॉलर (करीब 1,06,880 करोड़ रुपए) है। वह न सिर्फ कपड़ों में बल्कि परफ्यूम, कॉस्मेटिक्स, होटल्स, रेस्टोरेंट्स और स्पोर्ट्स तक कारोबार फैला चुके थे। यहां तक कि उनके पास 200 फीट का लक्जरी यॉट और इटली का मशहूर बास्केटबॉल क्लब ओलिंपिया मिलानो भी था। अरमानी की कोई संतान नहीं थी। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उनकी विरासत कौन संभालेगा? रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपने उत्तराधिकार की योजना पहले ही बना ली थी। कंपनी की कमान उनके भरोसेमंद सहयोगी लियो डेल ऑरको और परिवार की सदस्य सिल्वाना अरमानी को सौंपी जाएगी।

### रेड कारपेट फैशन का जनक मानती थी फैशन इंडस्ट्री

अरमानी को रेड कारपेट फैशन का जनक कहा जाता है। हॉलीवुड के बड़े सितारे जैसे जूलिया रॉबर्ट्स, रसेल क्रो, लेडी गागा, जॉर्ज क्लूनी तक उनके डिजाइन पहनते रहे। 1980 की फिल्म अमेरिकन जिगोलो में रिचर्ड गेयर के सूट ने अरमानी को वर्ल्ड फेमस बना दिया। उनके बनाए पावर सूट ने महिलाओं के लिए कॉर्पोरेट दुनिया की पहचान बदल दी।

वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रंगीन क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- | संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826433122
9826065324
Email : advtbhopaljagran@gmail.com
हिन्दी वर्गीकृत ₹50/-

अण्डा
BHOPAL EGG RATE
535/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/ सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।
-व्यवस्थापक

## कलेक्टर पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज करने की मांग

**जागरण, भिंड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के खिलाफ देहात थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत एडवोकेट नरेंद्र चौधरी ने कुछ स्थानीय लोगों के साथ मिलकर की है, उनका आरोप है कि कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने चैंबर में तलवार को म्यान से निकालकर अपराधियों की तर्ज पर लहराया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि कलेक्टर पर आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया जाए।

## वन विभाग ने आदिवासियों की खेती करने से रोका

**जागरण, सतना।** मझगवां के कैमहा गांव में वन विभाग और आदिवासी समुदाय के बीच जमीन विवाद गहरा गया है। वन विभाग ने पांच दशकों से खेती कर रहे जनजातीय परिवारों को इस खरीफ सीजन में खेती करने से रोक दिया। टीम ने खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को वहां से भगा दिया। इससे कैमहा और महतैन गांव के लोगों में रोष है। कैमहा वन बीट में लगभग 300 हेक्टेयर भूमि पर जनजातीय परिवारों सहित अन्य का कब्जा है।

### ''ट्वीट ऑफ द डे''



तेजस्वी यादव
नेता विपक्ष बिहार

बिहार की संस्कृति और सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाले हर बयान की कड़ी निंदा करते हैं। बिहार एक महान राज्य है और यहां की जनता गर्व महसूस करती है। यदि बिहार को लेकर किसी भी तरह की अपमानजनक या आपत्तिजनक टिप्पणी हुई है तो इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। बिहार के स्वाभिमान पर हम किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## लगातार बारिश से प्रदेश के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित, नदी-नाले लबालब, अलर्ट जारी

# कालीसिंध नदी में भाजपा नेता का बेटा लापता आगर-सारंगपुर मार्ग को जोड़ने वाला पुल बहा

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश में लगातार बारिश जारी है, जिसकी वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालत बन गए हैं। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए प्रदेश के कई डैम के गेट खोले जा रहे हैं। नदी-नालों में बाढ़ के हालातों को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। पुल और पुलिया पर पुलिस तैनात की गई है। शुक्रवार को प्रदेश के राजगढ़, नीमच, उज्जैन और इटारसी से कई घटनाएं सामने आई हैं। वहीं मौसम विभाग आने वाले दो दिनों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**उज्जैन में भरा पानी, बागेड़ी नदी में बही कार:** उज्जैन जिले में तेज बारिश के चलते कई इलाकों में पानी भर गया है। पानी ज्यादा होने से छोटी पुलिया, रपटे सहित कई जगह रास्ते बंद हैं। इसके बाद भी कुछ लोग जान की बाजी लगाकर उफनती नदी पार कर रहे हैं। जिले के नागदा खाचरोद के बागेड़ी नदी की पुलिया पार करते हुए खाचरोद के समीप ग्राम नंदयासी में कार बह गई। बताया जा रहा है कि पुलिया पर पानी होने पर ग्रामीणों के कार चालक को मना किया था, लेकिन वह नहीं माना। चालक ने पुलिया पार करने प्रयास किया। इस दौरान कार बागेड़ी नदी में बह गई। हालांकि कार सवार को ग्रामीणों ने बमुश्किल बचाया।



खाचरोद में बही कार



कुंडालिया के 8 गेट खोले

### भाजपा नेता के बेटे की तलाश, क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला

राजगढ़ जिले के सारंगपुर में आगरा-मुंबई बायपास और आगर-उज्जैन रोड को जोड़ने वाले कालीसिंध नदी के पुल से शुक्रवार सुबह 9 बजे के एक कार नदी में गिर गई। बताया जा रहा है कि उसमें सारंगपुर जनपद पंचायत सदस्य और भाजपा नेता महेश सोनी का 26 साल का बेटा विशाल सोनी सवार था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और एएसआई आनंदीलाल भिलाला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से कार को किनारे लाया गया फिर क्रेन की मदद से नदी से बाहर निकाला। विशाल सोनी कार से लापता था। रेस्क्यू टीमें उसकी तलाश कर रही हैं।

### पुल बहने से सुल्तानपुरा गांव का मुख्य मार्ग से टूटा संपर्क

आगर मालवा में गुरुवार देर रात हुई तेज बारिश से भारी नुकसान हुआ है। आगर-सारंगपुर मार्ग को जोड़ने वाला पुल बह गया है। इससे सुल्तानपुरा गांव का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। गांव के 800 निवासियों का आवागमन प्रभावित हुआ है। ग्रामीण उदय सिंह गुर्जर ने बताया कि यह पुल 2010 में बना था। गुरुवार-शुक्रवार की रात तेज पानी के दबाव में पुल बह गया। उधर, आगर जिले की सीमा पर स्थित कुंडालिया बांध लगातार बारिश के कारण लबालब भर गया है। बांध प्रबंधन ने इस मानसून सीजन में शुक्रवार को पहली बार बांध के 8 गेट खोले। गेट खोलने से नदी में तेज बहाव देखने को मिला।

### सुखतवा नदी में दादा-पोते की लाश मिली

इटारसी की सुखतवा नदी में डूबे दादा-पोते के शव शुक्रवार दोपहर मिले हैं। 58 साल के हरिप्रसाद राठौर और 6 साल का उनका पोता हर्ष गुरुवार दोपहर को नदी में नहाने गए थे। देर तक घर नहीं लौटे तो परिवार ने तलाश शुरू की। नदी किनारे उनके कपड़े, गमछा और चप्पल मिले। इसके बाद पानी में उनकी तलाश शुरू की गई।

### पुल पर स्वास्थ्य विभाग का वाहन बहा

नीमच जिले के रतनगढ़ से 9 किमी दूर सांडा माताजी के पास गुरुवार देर शाम गुंजाली नदी का पानी पुल के ऊपर आ गया था। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की गाड़ी पानी के बीच फंस गई। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग रतनगढ़ के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश मीणा, डॉ. मोहन मुजाल्दे और उनका ड्राइवर बोलेरो से नदी पार कर रहे थे। गाड़ी तेज बहाव में फंसकर बहने लगी और इसके बाद खजूर के पेड़ से टकराकर रुक गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मोर्चा संभाला और गाड़ी में सवार तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बोलेरो को भी बाहर निकाल।

### दुर्लभ मामला

## महिला ने दिया 5.2 किग्रा के बच्चे को जन्म



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के जबलपुर के सरकारी रानी दुर्गावती अस्पताल में एक महिला ने ऑपरेशन 5 किलो 2 ग्राम वजन वाले लड़के को जन्म दिया है। डॉक्टरों ने इतने भारी शिशु के जन्म को दुर्लभ बताया है। फिलहाल जच्चा बच्चा डॉक्टरों की निगरानी में हैं। बीते दिनों इंदौर में प्रदेश के सबसे वजनी करीब साढ़े 5 किलो के बच्चे का जन्म हुआ था। इसके पहले साल 2020 में मंडला जिले में 5 किलो 100 ग्राम का बच्चा पैदा हुआ था। अस्पताल प्रबंधन की जानकारी अनुसार बच्चे का जन्म रांझी इलाके के रहने वाले आनंद चौकसे की पत्नी शुभांगी के यहां हुआ। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसे शिशुओं को आमतौर पर 24 घंटे निगरानी में रखा जाता है, क्योंकि उनके ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव होता रहता है। फिलहाल बच्चा एसएनसीयू में है, क्योंकि ऐसे शिशुओं को जन्मजात विकृतियों का खतरा होता है। डॉक्टरों के मुताबिक एक पूर्ण अवधि के पुरुष नवजात शिशु का औसत वजन 2.8 से 3.2 किलो के बीच होता है, जबकि महिला नवजात शिशुओं का वजन 2.7 से 3.1 किलो के बीच होता है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं की अच्छी लाइफ स्टाइल, पोषण और बेहतर देखभाल के कारण शिशुओं का वजन धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी को तलाशने बेटों के साथ पोस्टर लगा रहे रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर



**जागरण, ग्वालियर।** शहर में एक रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर की पत्नी लापता हो गई है। जिन्हें रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर खुद तलाश कर रहे हैं। वे अपनी पत्नी को खोजने के लिए बेटे के साथ जगह-जगह पोस्टर लगा रहे हैं। उन्होंने ग्वालियर पुलिस पर मदद नहीं करने का आरोप भी लगाया है और उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मदद की गुहार लगाई है।

दरअसल ग्वालियर के गोविंदपुरी इलाके में रहने वाले रामकुमार शर्मा ट्राइबल वेलफेयर डिपार्टमेंट में डिप्टी कमिश्नर पोस्ट से रिटायर्ड हुए हैं। उनकी 61 वर्षीय पत्नी पदमा शर्मा बीते 31 अगस्त की सुबह घर से निकली थी, लेकिन अब तक नहीं लौटी हैं। शर्मा ने अपने स्तर पर खोजबीन करने के बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। उनका आरोप है कि पुलिस उनकी पत्नी को खोजने में मदद नहीं कर रही है। तब वह अपने स्तर पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन कर रहे हैं। हताश होकर पत्नी को खोजने बेटे के साथ चौक-चौराहों, मुख्य बाजारों और सार्वजनिक जगहों पर गुमशुदा पत्नी के पोस्टर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि पत्नी के लापता हो जाने के कारण पूरा परिवार परेशान है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में कार्रवाई करने की गुहार भी लगाई है।

### मोबाइल नहीं दिलाया तो पति को छत से धकेला



**जागरण, ग्वालियर।** पत्नी को मोबाइल न दिलाना पति को महंगा पड़ गया, मोबाइल नहीं दिलाने पर गुस्से से आगबबूला हुई पत्नी ने पति से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, बल्कि पति को छत से धकेल दिया, जिससे पति घायल हो गया। घायल पति ने इसकी शिकायत पुलिस से की हैं। वहीं पुलिस ने पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल ग्वालियर थाना के ठाकुर वाला मोहल्ले में रहने वाले शिवम वंशकार ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह मूलतः टीकमगढ़ का रहने वाला है। ग्वालियर में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट जॉब कर रहा है, उसकी शादी 2 साल पहले झांसी की रहने वाली साधना से हुई थी। उसने पत्नी साधना से नया मोबाइल दिलाने का वादा किया था, लेकिन कुछ खराब आर्थिक परिस्थितियों के चलते वह पत्नी को नया मोबाइल नहीं दिला पाया। इसके बाद नाराज पत्नी ने मारपीट कर उसे छत से धकेल दिया।

## देवरी नपा अध्यक्ष नेहा जैन को बड़ी राहत, बनी रहेंगी पद पर

### हाईकोर्ट ने अपने सुरक्षित आदेश को सार्वजनिक करते हुए दी राहत, सरकार से मांगा जवाब

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ के आदेश से नगर परिषद देवरी, जिला सागर की अध्यक्ष नेहा जैन को बड़ी राहत मिली है। इसके अंतर्गत आगामी सुनवाई तक पद पर बने रहने की व्यवस्था दी गई है। साथ ही राज्य शासन को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने अध्यक्ष के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्ट्या निराधार व संदिग्ध पाते हुए यह राहत प्रदान की है। याचिकाकर्ता नेहा जैन की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता नगर परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष हैं। याचिका में राज्य सरकार के बीते 25 अगस्त, 2025 को जारी उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। याचिका में आरोप राजनीतिक साजिश और असंतुष्ट पार्षदों की मिलीभगत से उन्हें बेबुनियाद आरोपों के आधार पर हटाया गया, जो अवैधानिक है। याचिका में दावा किया गया है कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित होकर की गई, जो लोकतांत्रिक जनादेश पर सीधा प्रहार है। निर्वाचित अध्यक्ष जैन ने 25 अगस्त के आदेश को रद करने और अपने पद पर बहाली की मांग याचिका में की थी। मामले की सुनवाई दौरान न्यायालय ने पाया कि जिन तेरह नियुक्तिया व वित्तीय अनियमित्ताओं के आरोप लगाकर कार्यवाही की गई, वह निराधार व संदिग्ध है।

## अनुशासनहीनता पर दो एएसआई सस्पेंड

**जागरण, नरसिंहपुर।** जिले के नए पुलिस कप्तान डॉ. ऋषिकेश मीणा ने अनुशासनहीनता पर दो सहायक उप-निरीक्षकों (एएसआई) को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुंगवानी और डोंगरगांव थानों के औचक निरीक्षण के दौरान की। मुंगवानी थाने में तैनात एएसआई चेतराम सिंह निरीक्षण के दौरान अनुशासनहीन पाये गये। डोंगरगांव थाने के एएसआई सुरेश पुरी के खिलाफ कई शिकायतें मिली थीं, उनका आचरण भी संदिग्ध मिला। एसपी ने दोनों एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन में अटैच कर दिया है। एएसपी संदीप भूरिया ने निलंबन की पुष्टि की है। दोनों एसआई के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी।

**नवागत एसपी ने शिकायत के बाद की कार्रवाई**

## एमवायएच में जांच करने पहुंचे अफसरों के सामने निकला चूहा, पकड़ने दौड़े कर्मचारी

### चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के दौरे में सामने आया पेस्ट कंट्रोल में कंपनी से हुई लापरवाही

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवायएच अस्पताल में चूहे के काटने से दो नवजात शिशुओं की मौत के बाद चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरुण राठी ने अस्पताल का निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में उन्होंने पाया कि पेस्ट कंट्रोल में कंपनी से गलती हुई है। अब बाहरी कंपनी से पेस्ट कंट्रोल के संबंध में जांच करवाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान राठी के साथ राज्य स्तरीय जांच समिति के सदस्य भी थे। आयुक्त और समिति के सदस्य पीडियाट्रिक सर्जरी वार्ड के अंदर जांच कर रहे थे, तभी गेट के बाहर चूहा आ गया। चूहा देख पेस्ट कंट्रोल और साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाने वाली



एजाइल कंपनी के आठ से 10 कर्मचारी घबरा गए और उसे पकड़ने के लिए दौड़ लगाते नजर आए लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका, जिस वार्ड में चूहे द्वारा नवजातों को कुतरने की घटना हुई थी, उससे 50 मीटर की दूरी पर ही कॉकरोच नजर आए। यह कॉकरोच स्वजन के लिए लगी कुर्सियों पर घूम रहे थे।

### बच्ची को तीन जगह चूहे के कुतरने के निशान

धार निवासी बच्ची की पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि बच्ची को तीन जगह चूहे के कुतरने के निशान हैं। जन स्वास्थ्य अभियान की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी है। वहीं आयुक्त राठी पीआइसीयू और एनआइसीयू देख संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कायाकल्प के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। प्राथमिक जांच में पाया कि पेस्ट कंट्रोल में कंपनी से गलती हुई है। बाहरी कंपनी से पेस्ट कंट्रोल के संबंध में जांच करवाई जाएगी।

## तीन लाख रु. के पुराने नोटों के साथ पकड़ाए बुजुर्ग की हिरासत में मौत

### ग्वालियर का मामला, मजिस्ट्रियल जांच के दिये आदेश

**जागरण, ग्वालियर।** जिले के डबरा में पुलिस हिरासत में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिये गये हैं। दरअसल वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने बुजुर्ग समेत चार लोगों को पकड़ा था। इनके पास से नोटबंदी के समय के तीन लाख के पुराने नोट मिले थे। सभी लोग कार से झांसी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान जौरासी चौकी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ के लिए पांचों को जौरासी पुलिस चौकी ले जाया गया, यहां पूछताछ के दौरान बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। बुजुर्ग अपने अन्य चार साथियों के साथ पुराने नोट बदलने ग्वालियर आया था। पूछताछ में पता लगा है कि दतिया जिले के भांडेर के रहने वाले इकबाल खान (60) पुराने नोटों को बदलने के लिए साथियों के साथ झांसी से ग्वालियर आए थे। इनमें



नीरज अग्रवाल, वीरेंद्र रायकवार, मोहम्मद शफीक, जितेंद्र कुमार शामिल थे। ग्वालियर के व्यक्ति ने रुपए बदलने से इनकार कर दिया। इस कारण रुपए वापस लेकर झांसी लौट रहे थे लेकिन जौरासी घाटी पर पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

**भांडेर से शव वापस डबरा लाकर पीएम कराया:** जानकारी मिलने पर एसपी धर्मवीर सिंह ने अधिकारी जौरासी चौकी पर भेजा। साथियों से पूछताछ की गई, उनका मेडिकल कराया। एसपी ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिये हैं। बुजुर्ग का बिना पीएम कराये ही परिजन शव ले गये थे, जिसके बाद रास्ते में भांडेर से शव को पुलिस की मौजूदगी में डबरा लाया गया। यहां पीएम कराया। इस दौरान जेएमएफसी सृष्टि बी शाह मौजूद रहीं। पीएम की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

### एनओसी निकलवाने निकले थे

मृतक इकबाल के बेटे रशीद खान के मुताबिक पिता गाड़ी की एनओसी निकलवाने की बात कहकर घर से ग्वालियर के लिए निकले थे। शाम को अज्ञात नंबर से फोन आया कि पिताजी की तबीयत खराब है, डबरा आ जाओ। इसके बाद रशीद परिजनों के साथ डबरा सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने कहा कि पिताजी को ग्वालियर ले जाना पड़ेगा। गाड़ी में बैठकर ग्वालियर के लिए रवाना हुए, तो रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रशीद ने बताया कि इकबाल को डेढ़ साल पहले ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके चलते उनकी स्थिति खराब थी।

## सिविल डिस्पेंसरी में शर्तों के आधार पर सेवा में बनाए रखें

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट ने सिविल डिस्पेंसरी अशोका गार्डन में पदस्थ संविदा मेडिकल आफिसर को पुरानी सेवा शर्तों पर सेवा में बरकरार रखने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के आयुक्त, सीएमएचओ, जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी डा. विशाल जैन की ओर से अधिवक्ता सोनेलाल बर्मन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वर्ष 2023 में याचिकाकर्ता को संविदा मेडिकल आफिसर के पद पर पदस्थ किया गया था। इसके बाद एक वर्ष के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया। पुनः एक मई 2025 को अस्पताल अधीक्षक ने संविदा सेवा बढ़ाने की अनुशंसा की। इसके बावजूद 26 जून, 2025 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। राज्य शासन की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में कुछ शिकायतें लंबित हैं।

## प्रेमी के साथ की पति की हत्या शव बोरे में लपेट कुएं में फेंका

### हत्याकांड का खुलासा कर तीन को किया गिरफ्तार

**जागरण, अनूपपुर।** एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की वारदात की। इसके बाद आरोपियों ने शव को बोरे और कंबल में लपेटकर कुएं में फेंक दिया। अनूपपुर पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला अनूपपुर जिले के सकरिया गांव का है। वारदात 31 अगस्त को आधी रात के बाद हुई। मृतक का नाम भैयालाल रजक है। गांव के भैयालाल रजक की लाश उसके घर के पीछे खेत के कुएं में बोरे और कंबल में लिपटी हुई मिली थी।

जांच में पता चला कि भैयालाल की तीन शादियां हुई थीं। पहली पत्नी शादी के कुछ दिन बाद ही छोड़कर चली गई। दूसरी पत्नी गुड्डीबाई से कोई संतान नहीं होने पर उन्होंने गुड्डीबाई की छोटी बहन मुन्नी से तीसरी शादी कर ली, जिससे उनके दो बच्चे हैं।



### कॉल डिटेल से खुला राज

31 अगस्त को भैयालाल की पहली पत्नी गुड्डी ने पति को फोन लगाया। मोबाइल बंद आने पर सकरिया गांव में निर्माणाधीन मकान में तलाश की। पति नहीं मिले तो आसपास भी खोजा। इसके बाद घर के पीछे बाड़ी में बने कुएं में पति को शव देखा। गुड्डी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। एसपी मोतिउर रहमान ने बताया कि बुजुर्ग के शव को देखकर हत्या की आशंका लग रही थी। पीएम रिपोर्ट से हत्या होना स्पष्ट हो गया था, जिसके बाद उसके साथ रह रही पत्नी की कॉल डिटेल निकाली गई। कॉल डिटेल में वह लल्लू से ज्यादा बात कर रही थी।

## अफगानिस्तान में जान पर भारी तालिबानी जेंडर रूल

### मलबे में दबीं महिलाएं, गैर पुरुषों के छूने पर बैन

**काबुल, जेएनएन।** अफगानिस्तान में भूकंप के बाद हालात बदहाल हैं। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा मुसीबत महिलाओं के लिए आ रही है। असल में अफगानिस्तान में कानून है कि गैर पुरुष महिलाओं को छू नहीं सकते। इसके चलते बचाव कार्य के दौरान महिलाओं को मलबे में ही छोड़ दिया जा रहा है। तालिबान शासन में जेंडर रूल महिलाओं की जान के लिए मुसीबत बन गया है। बता दें कि अफगानिस्तान भूकंप के चलते करीब 2200 लोग मारे जा चुके हैं। हर तरफ मलबा फैला हुआ है और लोग जिंदगी के लिए जूझ रहे हैं।


### नहीं हैं महिला बचावकर्मी

अफगानिस्तान में महिला बचावकर्मियों की कमी है। इसके चलते महिला पीड़ितों के सामने खासी मुसीबत हो गई है। जो महिलाएं मलबे में फंसी हुई हैं, उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। वहीं, जिन महिलाओं की मौत हो गई है, उन्हें भी कपड़ों से पकड़कर खींचा जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप पीड़ितों में से एक बीबी आयशा हैं। उनका गांव कुनार प्रांत में हैं।

**स्वास्थ्य जगत** | सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 की रिपोर्ट हुई जारी, शिशु मृत्यु दर में भी 3 अंकों की गिरावट

## मप्र की मातृ मृत्यु दर में सुधार, एक साल में 17 अंकों की छलांग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की मातृ मृत्यु दर में बड़े स्तर पर सुधार आया है। यह आंकड़ा जो वर्ष 2022 में 159 पर था, घटकर 142 पर आ गया है। केंद्र द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। सर्वे की रिपोर्ट वर्ष 2023 पर आधारित है, जिसे हाल ही में रिलीज किया गया है। सर्वे के अनुसार मप्र में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 142 माताओं की मृत्यु हो रही है। जो कि वर्ष 2022 में 159 हुआ करती थी। इससे पहले के वर्षों में यह आंकड़ा 175 होता था। सर्वे रिपोर्ट में शिशु मृत्यु दर, जन्म दर और अन्य जानकारियां भी हैं।




### सुधार के बाद भी देश में नीचे से तीसरे पायदान पर

भले ही मप्र की मातृ मृत्यु दर में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी स्थिति चिंताजनक है। देश के अन्य राज्यों की स्थिति मप्र से बेहतर है। एमएमआर के मामले में मप्र का देश में नीचे से तीसरा स्थान है। ओडिशा 159 और छत्तीसगढ़ 146 अंकों के साथ पहले और दूसरे पायदान पर है। मप्र की मातृ मृत्यु दर देश की औसत एमएमआर से लगभग दोगुना है। देश में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 88 माताओं की मृत्यु हो रही है।

### 2030 तक 80 पर लाने का लक्ष्य

एसआरएस सर्वे के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हमारे लगातार प्रयासों से स्थिति सुधर रही है। हमारे मैदानी अमले द्वारा निरंतर मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए काम किया जा रहा है। हमारी सरकार ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2030 तक एमएमआर को घटाकर 80 करना है। इसके साथ ही शिशु मृत्यु दर को 20 और एनएमआर को 10 करने का लक्ष्य है।

### 37 पर आई शिशु मृत्यु दर

आएसआर सर्वे में इंफेन्ट मोर्टेलिटी रेट (आईएमआर) का भी उल्लेख है। इसमें भी सुधार हुआ है। वर्ष 2022 में प्रति हजार बच्चों पर यह 40 थी, जो वर्ष 2023 में घटकर 37 पर आई गई है। 3 अंकों की गिरावट के बाद भी मप्र में शिशु मृत्यु दर सबसे अधिक है। मप्र के साथ छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश एक ही पायदान पर हैं। यह दर देश में 25 है, जबकि मप्र में यह आंकड़ा 37 पर है। वर्ष 2021 की स्टडी बताती है कि मप्र में प्रति एक हजार बच्चों पर 43 बच्चों की मौत हुआ करती थी। इस आंकड़े में लगातार सुधार हो रहा है।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।

वर्ष 68 ▸▸ अंक 339 ▸▸ पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 06 सितंबर, 2025
▸▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"जिस दिन एक सिग्नेचर ऑटोग्राफ में बदल जाए, तब मान लीजिएगा कि आप कामयाब हो गए।
-डॉ. अब्दुल कलाम

## ऑफ बीट

### खुद को डॉग मानती है ये लड़की...



*दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें कुत्ते पसंद हैं। वो उन्हें पालते हैं, उनकी देखभाल करते हैं। फिर ऐसे लोग आते हैं, जो कुत्तों को बच्चे जैसा मानने लगते हैं या फिर परिवार का सदस्य मानकर साथ सुलाते हैं, खिलाते हैं, यहां तक कि अपने जैसे कपड़े कुत्तों के लिए भी सिलवा देते हैं। मगर एक लड़की ने तो हद ही पार कर दी। हाल ही में अमेरिका में 20 वर्षीय युवती मिल्क चर्चा में आई हैं, जिन्होंने खुद को इनुमिमी के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया है। इस लड़की को कुत्ते इतने पसंद हैं कि ये खुद कुत्तों जैसी हरकत करने लगी और अपने आप को डॉग डॉटर कहने लगी। जापानी एनीमे और मंगा की दुनिया में केमोनोंमिमी शब्द का इस्तेमाल उन किरदारों के लिए होता है, जिनके पास इंसानी शरीर के साथ जानवरों जैसी विशेषताएं-जैसे कान और पूंछ, होती हैं। यानी डॉग-डॉटर ऐसा व्यक्ति जो कुत्ते जैसे कान, पूंछ लगाकर पहचान को व्यक्त करता है।*

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को मुख्यमंत्री का बड़ा तोहफा

# 35 साल सेवा कर चुके शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान

- डॉ. यादव ने की घोषणा कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव
- बोले-सरकार शिक्षकों के मान-सम्मान का देगी ध्यान

विशेष संवाददाता, भोपाल

शिक्षक दिवस (5 सितंबर) पर शुक्रवार को मध्यप्रदेश के शिक्षकों के लिए सरकार ने बड़ा एलान किया है। सरकार इन शिक्षकों को चौथे क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में की। इस घोषणा का लाभ 1 लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान और उन्हें सुविधा संपन्न बनाने के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। सरकार शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च शिक्षक, नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ कार्यमान वेतनमान देगी। इससे प्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा और 2025-26 से शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात मिलेगी। इससे सरकार पर 117 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस घोषणा का लाभ ऐसे शिक्षको को मिलेगा, जिन्होंने अपने सेवाकाल के 35 वर्ष पूरे कर लिए हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति की पात्रता नहीं है। जिन शिक्षकों को पदोन्नति की पात्रता है,तो उन्हें समयमान वेतनमान दिया जाता है। शिक्षा विभाग के अधिकारी चौथा वेतनमान ले रहे हैं, लेकिन अभी तक शिक्षकों को नहीं मिल रहा था। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



राजधानी में शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

**ये मिलेगा लाभ**

| | |
|---|---|
| 3,000 | रु. तक प्राथमिक शिक्षक को |
| 3,000 से 4,500 | रु. तक माध्यमिक शिक्षक को |
| 4,000 से 5,000 | रुपए तक सहायक शिक्षक को |
| 5,000 से 7,000 | रुपए तक उच्च श्रेणी शिक्षक को |

1.50 लाख शिक्षकों को मिलेगा लाभ

117 करोड़ रुपए का आएगा अतिरिक्त भार

2025-26 से मिलेगा लाभ

### बच्चों के खाते में 330 करोड़ ट्रांसफर

समारोह में डॉ. यादव ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल की मौजूदगी में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में पहली से आठवीं तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि ट्रांसफर की। डॉ. यादव ने कहा, प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय खोले जा रहे हैं। हमारे सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है, जो 15 साल में सबसे अच्छा रहा है।

### 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का राज्य स्तर पर सम्मान

राजधानी में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिन्हें 25 हजार रुपए की सम्मान निधि, शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

### प्रदेश की शीला, भेरूलाल को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार



दमोह की शिक्षिका शीला पटेल हुईं सम्मानित।

नई दिल्ली, जेएनएन। शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 उत्कृष्ट और समर्पित शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया। इनमें मध्य प्रदेश के दो शिक्षक शीला पटेल दमोह, भेरूलाल ओसारा आगर मालवा को भी राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## 'दोस्ती' देख राष्ट्रपति ट्रंप को लगी 'मिर्ची', बोले

# लगता है अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया



वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन। भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के चलते अमेरिका से रिश्तों में दरार आई है। भारत, चीन और रूस के बीच दोस्ती बढ़ने लगी है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लगी है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ट्रुथ पर ट्रंप ने पोस्ट किया, 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो।'

ट्रंप दूसरे कार्यकाल में भारत के प्रति थोड़ा सख्त नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने रेसिप्रोकल टैरिफ के नाम पर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया तो बाद में रूस से तेल आयात की बात करते हुए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाकर कुल टैरिफ 50 फीसदी कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 9 पर

**अब, ट्रंप के मंत्री के बिगड़े बोल**

### भारत को माफी मांगनी होगी और बाजार भी खोलना होगा

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से माफी की मांग की है। रूस से तेल खरीद और व्यापार के मुद्दे पर बेहद सख्त भाषा का इस्तेमाल करते हुए लुटनिक ने कहा, भारत को अमेरिका से माफी मांगनी होगी। भारत को अपना बाजार खोलना होगा, रूसी तेल खरीद बंद करनी होगी और ब्रिक्स से बाहर आना होगा। ट्रंप के अमेरिका के भारत को खो देने के पोस्ट के बाद लुटनिक ने यह बातें कही हैं। उन्होंने ट्रंप के भारत पर लगाए टैरिफ का पुरजोर समर्थन किया।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले धमाकों की धमकी

**मुंबई पुलिस को वॉट्सएप मैसेज किया**

मुंबई, जेएनएन। मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु गणेश विसर्जन के लिए निकलेंगे, इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और कई जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## इधर, वित्त मंत्री सीतारमण का ऐलान

### रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत, राहत पैकेज जल्द

नई दिल्ली, जेएनएन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि भारत अपनी जरूरतों के हिसाब से तेल खरीदने का फैसला खुद करेगा। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, हम अपनी



जरूरतों के मुताबिक तय करेंगे कि तेल कहां से खरीदना है। यह हमारा फैसला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा ही उसकी प्राथमिकता है, न कि कोई बाहरी दबाव। वित्त मंत्री ने वित्तीय अनुशासन को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा, लोगों का भरोसा जीतना बहुत जरूरी है। मुनाफा कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय तक विकास के लिए विश्वसनीयता और जिम्मेदार नीतियां जरूरी हैं। वित्त मंत्री सीतरमण ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित निर्यातकों के लिए भारत सरकार जल्द पैकेज का ऐलान करेगी। गौरतलब है कि ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के चलते भारत का निर्यात प्रभावित हुआ है। पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। इसमें भारत द्वारा रूसी से तेल खरीदने की सजा के रूप में 25 फीसदी टैरिफ और लगा दिया है। इसके साथ ही, कपड़ों और आभूषणों से लेकर जूते और रसायनों तक, कई उत्पादों पर शुल्क बढ़कर 50 फीसदी तक हो गया है।

### इंदौर: एयर इंडिया प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

जागरण, इंदौर। दिल्ली से डेढ़ घंटे की देरी से उड़ी फ्लाइट ने इंदौर पहुंचने के पहले ही यात्रियों की सांसे फुला दीं। विमान के इंजन में खराबी आ गई। इंदौर एयरपोर्ट ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना भेजे जाते ही विमान और विमानतल में हड़कंप मच गया। विमान को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में कुल 161 यात्री सवार थे, जो भगवान का नाम जपते हुए हड़बड़ाहट में विमान से बाहर निकले। दिल्ली से इंदौर की उड़ान संख्या आईएक्स-1104 की इंदौर के देवी अहिल्या विमानतल पर सुबह 09.54 बजे आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इंजन में खराबी से इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी विमान के यात्रियों को लगते ही हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे उनके परिजन भी बेचैन हो उठे। नियमित फ्लाइट दिल्ली से रोजाना सुबह 6.40 बजे रवाना होकर 8.15 बजे इंदौर पहुंचती है। शुक्रवार सुबह यह दिल्ली से ही 8.28 बजे रवाना हुई। इंदौर पहुंचने के पहले विमान के बाएं इंजन में खराबी सामने आ गई।

## अंदर के पन्नों पर

▸▸ गणेश प्रतिमा विसर्जन के कारण ट्रैफिक व्यवस्था में... ( पेज-03)



▸▸ पुलिस भर्ती की राह से रोजगार के जीवित पंजीयन की... ( पेज-05)

▸▸ सबालेंका लगातार तीसरी बार यूएस ओपन के...(पेज-10)



▸▸ बाढ़ ने मिटा दी भारत-पाक की सीमा+...(पेज-11)

# शिवपुरी में 6.21 करोड़ की चरस बरामद कुख्यात नशा तस्कर संदीप गिरफ्तार

जागरण, शिवपुरी। प्रदेश की शिवपुरी में पुलिस ने नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देहात थाना पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर संदीप सिंह को गिरफ्तार कर उससे 30.295 किलो अवैध चरस बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 करोड़ 21 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। 38 वर्षीय नशा तस्कर संदीप कोलारस के रमतला का रहने वाला है। आरोपी पहले भी नशीले पदार्थों की तस्करी में पकड़ा चुका है। उसके खिलाफ कोलारस और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



**नशा कारोबार का पुराना खिलाड़ी**

पुलिस गिरफ्त में आया नशा तस्कर संदीप वर्षों से सक्रिय पेशेवर अपराधी है, उस पर शिवपुरी और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, संदीप नशे के अवैध कारोबार का पुराना खिलाड़ी है। साल 2024 में आरोपी के पास से थाना कोलारस में 17 किलो चरस (3 करोड़ 49 लाख कीमती) जब्त हुई थी। ताजा कार्रवाई में देहात थाना पुलिस ने उसके पास से 30 किलो 295 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

### 44 लाख टैक्स बचाने में गई डिप्टी-पीएम की कुर्सी



लंदन, जेएनएन। ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने माना कि नए घर के लिए प्रॉपर्टी टैक्स चुकाते समय उनसे गलती हुई और उन्होंने तय टैक्स से 44 लाख रुपए कम का भुगतान किया। एंजेला रेनर समेत 1 साल में 8 मंत्री कीर स्टार्मर की सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। रेनर का इस्तीफा ब्रिटिश सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछली बार जब रेनर पर जानबूझकर टैक्स गबन का आरोप लगा था, तब स्टार्मर ने बचाव किया था। उन्होंने लेबर पार्टी की डिप्टी-लीडर की जिम्मेदारी भी छोड़ दी।

### महिला अफसर को 'धमकी' बुरे फंसे डिप्टी सीएम पवार



मुंबई, जेएनएन। महाराष्ट्र में महिला आईपीएस ऑफिसर से फोन पर बात करने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार बुरी तरह घिर गए। वीडियो में अजित पवार ऑफिसर से नंबर मांगकर वीडियो कॉल कर बात करने को भी कहते हैं। दरअसल, डिप्टी सीएम पवार से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद विवाद इतना बढ़ गया है कि अब उन्हें सफाई देनी पड़ी है। बीते दिनों एनसीपी प्रमुख अजित पवार का वीडियो सामने आया, जिसमें वह महिला आईपीएस ऑफिसर से बात कर रहे थे। ■ शेष पृष्ठ 9 पर

**अमीर** टेस्ला ने एलन को दिया 88 हजार अरब पैकेज का ऑफर

# दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं मस्क

न्यूयार्क, जेएनएन। अमेरिकी बिजनेसमैन और टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला ने उन्हें 1 लाख करोड़ डॉलर (लगभग 88,000 अरब रुपए) का विशेष वेतन पैकेज देने का प्रस्ताव रखा है। इसका मकसद है कि मस्क आने वाले सालों तक कंपनी का नेतृत्व करते रहें। कंपनी चाहती है कि वह अपने बड़े लक्ष्यों, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों और रोबोटैक्सी कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें तो टेस्ला का यह प्रस्ताव शर्तों से जुड़ा है। अगर मस्क कंपनी के लक्ष्यों को पूरा करते हैं और अगले 10 वर्षों में रोबोटैक्सी कारोबार का मूल्य 8.5 लाख करोड़ डॉलर (7.50 लाख अरब रुपये) तक पहुंचा देते हैं, तभी उन्हें पूरा पैकेज मिलेगा। कंपनी के इस पैकेज में शेयर भी शामिल होंगे, जिससे कंपनी में मस्क की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। डेलावेयर की अदालत ने पहले मस्क के 2018 वाले वेतन पैकेज का मूल्यांकन 50 लगभग 4,400 अरब रुपए से ज्यादा किया था, लेकिन बाद में अदालत ने उसे रद्द कर दिया। इसके बाद बोर्ड ने मस्क को मुआवजा देने के नए विकल्पों पर विचार शुरू किया। हाल ही में 30 अरब डॉलर का एक अंतरिम स्टॉक पुरस्कार भी सामने आया था। वर्तमान में मस्क लगभग 33,300 अरब रुपए की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

### 1.08 लाख करोड़ डॉलर टेस्ला की वैल्यू



नई योजना का मकसद मस्क का पूरा ध्यान टेस्ला पर रहे, जबकि वह रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारोबार भी बढ़ा रहे हैं। वह पैकेज शर्तें पूरी कर पाए, तो यह 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस बीच 5 सितंबर, 2025 को टेस्ला की मार्केट वैल्यू 1.08 लाख करोड़ डॉलर दर्ज हुई। नैस्डैक पर कंपनी का शेयर 1.90 प्रतिशत बढ़कर 344.84 डॉलर पर पहुंच गया।

### दुनिया के शीर्ष पांच सबसे अमीर लोग

- **एलन मस्क:** टेस्ला के सीईओ के रूप में, उनकी कुल संपत्ति 377 अरब डॉलर है।
- **मार्क जुकरबर्ग:** मेटा के संस्थापक, जिनकी संपत्ति लगभग 235 अरब डॉलर है।
- **जेफ बेजोस:** अमेजॅन के संस्थापक, जिनकी कुल संपत्ति 227 अरब डॉलर है।
- **लैरी एलिसन:** ओरेकल के सह-संस्थापक, जिनकी संपत्ति लगभग 194 अरब डॉलर है।
- **बिल गेट्स:** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक, जिनकी कुल संपत्ति लगभग 176 अरब डॉलर है।

(नोटः विभिन्न वित्तीय प्रकाशन अनुसार)

